दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — 1500 वेंटिलेटर, संक्रमण की गति धीमी...
4 अभिव्यक्ति — जरूरी है कोरोना के खिलाफ सर्जिकल...
9 मनोरंजन/खेल — पृथ्वीराज में काम करना शानदार अनुभव...
11 व्यापार — कोरोना वायरस के हाथों में ही रहेगी...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2020, चैत्र अमावस्या, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-339 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भारत ने पड़ौसी पापीस्तान के पानी को रोकने का मसौदा तैयार कर लिया है। जिसे मंजूरी मिलना बाकी है। भारत से पाकिस्तान जाने वाली पांच नदियों का पानी रोक दिया जाता है तो पहले ही भूखमरी का शिकार भिखारीस्तान बूंद-बूंद पानी का भी मोहताज हो जाएगा। वैसे तो भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी को पानी पिलाना पुण्य कार्य माना जाता है लेकिन खून के प्यासे दुश्मन के साथ दरियादिली दिखाना मूर्खता है। ऐसे जानी दुश्मन को तो वहा मारना चाहिए जहां उसे पानी न मिले। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वहां तत्काल पाकिस्तान के पानी पर प्रतिबंध लगाए।

सीएम बघेल ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों से मिले

शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए थे जवान

नव प्रदेश संवाददाता

सुकमा/रायपुर/। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सोमवार को सुकमा पुलिस लाइन में सुकमा नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमे अपने जवानों की बहादुरी पर गर्व है। जवानों ने नक्सलियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। बघेल ने जवानों के हौसले को नमन करते हुए कहा कि राज्य सरकार शहीदों के परिजनों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। हर परिस्थितियों में राज्य सरकार इन परिवारों को सहयोग देगी। उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक मोहन मरकाम, केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार विजय कुमार और पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जवानों के शहीद होने पर डॉ. महंत ने व्यक्त किया दु:ख

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने सुकमा जिले के कसलवाड़ नक्सल मुठभेड़ में हुई जवानों की शहादत पर गहरा दुःख प्रकट किया है। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने जवानों की शहादत पर कहा कि, देशभक्ति, कर्तव्यपरायणता का पालन करते हुये शहीद हुये जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। डॉ महंत ने शहीद परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

नक्सलियों से निपटने बंद कमरे में बनी रणनीति!

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एलमागुंडा क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 17 जवानों के शहीद होने के बाद सोमवार को बंद कमरे में नक्सल समस्या पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार सहित पुलिस डीजीपी डीएम अवस्थी सहित नक्सल अभियान से जुड़े पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि सुकमा में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री बघेल और आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार ने बंद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुकमा, बीजापुर में दो अफसर तैनात, डीजीपी का आदेश

सुकमा में विगत 21 मार्च को घटित नक्सली घटना के परिपेक्ष्य में जिला सुकमा एवं बीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान में सहयोग के लिए दो अधिकारियों की ड्यूटी आगामी कुछ समय के लिए अस्थाई तौर पर लगाई गई है। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जितेंद्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक महासमुंद की ड्यूटी सुकमा जिले में और केएस ध्रुव सेनानी दसवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सरगुजा की ड्यूटी बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियानों में मदद के लिए लगाई गई है।

लॉकडाउन को गंभीरता से लें

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लॉकडाउन को गंभीरता से नहीं लिये जाने पर चिंता जाहिर करते हुए सभी राज्य सरकारों से नियमों और कानूनों को सुनिश्चित कराने का सोमवार को अनुरोध किया। मोदी ने ट्वीट कर कहा, लॉकडाउन को अभी भी कई लोग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कृपा करके अपने आपको बचाएं, अपने परिवार को बचाएं, निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।

राज्य सरकारों से मेरा अनुरोध है कि वो नियमों और कानूनों का पालन करवाएं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धन्यवाद अदा करने वाले लोगों की सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने जानलेवा कोरोना वायरस के खिलाफलड़ाई लड़ रहे लोगों के प्रति धन्यवाद अदा करने वाले लोगों की सराहना करते हुए उन्हें इस चुनौती के खिलाफलड़ने के लिए लामबंद होने को कहा है। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा, ' आज जनता कर्फ्यू भले ही रात 9 बजे खत्म हो जाएगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सेलिब्रेशन शुरू कर दें। इसको सफलता न मानें। यह एक लम्बी लड़ाई की शुरुआत है। आज देशवासियों ने बता दिया कि हम सक्षम हैं, निर्णय कर लें तो बड़ी से बड़ी चुनौती को एक होकर हरा सकते हैं।

कोरोना से बचने घरों में ही रहें लोग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेशवासियों से घरों में ही रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिम्मेदार नागरिक ऐसा कोई काम न करें जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाए, वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे थर्ड स्टेज नजदीक आ रही है, आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। अभी छत्तीसगढ़ में एक ही पॉजिटिव केस मिला है और वह भी कंट्रोल में है। यह छत्तीसगढ़ के लोगों की जागरूकता से ही संभव हो सका है। थोड़े दिनों 31 मार्च तक और सहयोग दें। प्रदेश के आम नागरिकों, व्यापारियों, मीडिया सहित सभी ने जैसा सहयोग पिछले 3 दिन में दिया है वैसे ही 31 मार्च तक सहयोग दें क्योंकि बचाव में ही सबकी सुरक्षा है।

सीएम की अपील: 31 मार्च तक सहयोग दें

अफसरों को एडवायजरी का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश

राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों को केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना से बचाव के संबंध में जारी एडवाइजरी का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। राज्य सरकार ने लोगों से कहा है कि कृपया लॉकडाउन को गंभीरता से ले। कोरोना के संक्रमण से अपने और अपने परिवार को बचाएं। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ताकि इसके संक्रमण को रोका जा सके।

कोरोना की तैयारियों पर सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस से निपटने के लिए सरकार ने जो सख्ती दिखाई उसकी सुप्रीम कोर्ट ने तारीफ की। कोर्ट ने माना कि सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है और आलोचक तक इसकी सराहना कर रहे हैं। देश के चीफ जस्टिस एसए बोबड़े की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि पूरा देश यह मान रहा है कि सरकार कोरोना को लेकर सभी जरूरी कदम उठा रही है। सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है।

लैब टैस्टिंग बढ़ाने वाली याचिका सरकार को रेफर

सुप्रीम कोर्ट में कोरोना से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही गई। याचिका में मांग उठी थी कि कोरोना से निपटने के लिए सरकार को और जरूरी कदम उठाने के लिए कहा जाए। कोविड 19 टेस्ट करनेवाली लैब को बढ़ाने की मांग भी की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कोरोना लैब टेस्टिंग सेंटर बढ़ाने की वाली याचिका सरकार को रेफर की। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट का फैसला, 7 साल तक सजा पाए कैदियों को मिल सकती है पेरोल

नई दिल्ली (वार्ता)। *सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि जिन कैदियों को किसी मामले में 7 साल या उससे कम की सजा दी गई है और वह जेल में बंद हैं, तो उन्हें पेरोल या अंतरिम जमानत दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला इसलिए सुनाया है, ताकि जेलों में भीड़-भाड़ को कम किया जा सके। सोमवार को में सोमवार को इस बात को लेकर सुनवाई हुई कि भीड़-भाड़ वाली जेलों में कोरोना वायरस फैलने से कैसे रोका जाए। सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को कमेटी बनाने के निर्देश इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि एक हाई लेवल कमेटी बनाई जाए। यह कमेटी ही तय करेगी कि किन कैदियों को पेरोल दी जा सकती है और किसे नहीं। यानी ये कमेटी कैदियों की कैटेगरी बनाएंगे और उनके अपराध और व्यवहार के आधार पर ये तय करेंगे कि किसे-किसे अंतरिम जमानत या पेरोल दी जा सकती है।*

बाजार पर भी कोरोना का कहर

एक घंटे में निवेशकों के 10 लाख करोड़ स्वाहा

नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजार में सोमवार शुरुआती एक घंटे के कारोबार के दौरान निवेशकों की 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति डूब गई। इस दौरान बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक 10 प्रतिशत से अधिक टूट गए। कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते मामलों ने बाजार की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते इक्विटी बाजारों में सप्ताह की शुरुआत बड़े पैमाने पर बिकवाली के साथ हुई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण कारोबार को 45 मिनट के लिए रोके जाने से ठीक पहले 10,29,847.17 करोड़ रुपये घटकर 1,05,79,296.12 करोड़ रुपये रह गया। बीएसई के प्रमुख सेंसेक्स सूचकांक में 2,991.85 अंक या 10 प्रतिशत की गिरावट हुई, जिसके बाद कारोबार को 45 मिनट के लिए रोक दिया गया।

पंजाब में कर्फ्यू लगा जरूरी सेवाओं पर छूट

नई दिल्ली ए.। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच पंजाब में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। इस दौरान जरूरी सेवाओं को छूट मिलेगी। राज्य के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यह आदेश दिया। देश में अब तक कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 415 हो गए हैं। रविवार रात तक संक्रमित लोगों की संख्या 360 थी। इन आंकड़ों में 41 विदेशी नागरिक और अब तक हुई सात मौतें शामिल हैं।

अब तक सात की मौत

कोरोना वायरस के चलते अब तक देश में सात लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गुजरात, बिहार और महाराष्ट्र में रविवार को एक-एक मौत हुई जबकि पहले चार अन्य मौत हुई थीं।

18 हजार से अधिक नमूनों की जांच

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा कि सोमवार सुबह 10 बजे तक 18,383 नमूनों की जांच की जा चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 89 मामले हैं, जिनमें तीन विदेशी नागरिक शामिल हैं। केरल से भी 67 मामले सामने आए हैं जिनमें सात विदेशी शामिल हैं।

रामलला की अस्थायी मंदिर में स्थापना सादे समारोह में

अयोध्या (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस से बचने ऐहतियाती कदमों के बीच 25 मार्च को अयोध्या में रामलला की प्रतिमाओं को चुनिंदा संत महात्माओं की मौजूदगी में बुलेट प्रूफअस्थायी मंदिर में स्थापित किया जायेगा। सोमवार को बताया कि जन्मभूमि स्थल पर भव्य राममंदिर के निर्माण तक के लिये रामजानकी की प्रतिमाओं को अस्थायी मंदिर में स्थापित किया जा रहा है। बुधवार भोर चार बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संत महात्मा प्रतिमाओं को अस्थायी मंदिर में विराजमान करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त विधेयक, 2020 को बिना चर्चा के पारित करने के बाद लोकसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर सदन की कार्यवाही तय समय से पहले समाप्त करनी पड़ी। बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था। इसका पहला चरण 11 फरवरी तक चला जिसमें वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश किया गया और बजट पर आम चर्चा हुई। दूसरे चरण की शुरुआत दो मार्च से हुई और तय कार्यक्रम के अनुसार तीन अप्रैल तक बैठक होनी थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर



आज से घरेलू उड़ाने बंद, 19 राज्य पूरी तरह से लॉकडाउन, देश में अब तक 415 मामले

नई दिल्ली ए.। चीन के वुहान से दुनिया के तकरीबन सभी देशों में फैल चुके कोरोना वायरस का कहर भारत में भी लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक देश में कोरोना के मरीजों की संख्या 415 पहुंच गई है। पिछले दो दिनों में कोरोना के 137 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, मरने वालों की भी संख्या चार से बढ़कर सात हो गई है। रविवार को मौत का नया मामला महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात से सामने आया है। महाराष्ट्र में मृतकों की संख्या दो हो गई है। अब तक दिल्ली, कर्नाटक और पंजाब में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। 24 अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे गई है। विमानन कंपनियों को अपने सभी घरेलू उड़ानों के यात्रियों को मंगलवार (24 मार्च) देर रात 11 बजकर 59 मिनट तक उनके गंतव्य पर छोड़ना होगा। हरियाणा ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए शेष 15 जिलों में भी मंगलवार (24 मार्च) से 31 मार्च तक लॉकडाउन लागू किया गया। सात जिलों में सोमवार (23 मार्च) से ही लॉकडाउन का ऐलान कर दिया गया था।

देश में अब तक कोरोना वायरस के कुल 415 पुष्ट मामले आए हैं, जिसमें से 23 मरीज इलाज के बाद अस्पताल से वापस भेज दिए गए है। वहीं, इस वायरस से कुल 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पूरी तरह से लॉकडाउन की घोषणा की गई है। वहीं, 6 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुछ हिस्सों में लॉकडाउन की स्थिति है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने सोमवार (23 मार्च) को नियमित प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। तमिलनाडु में मंगलवार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

14,507 मौतें 3,26,722 संक्रमित

नई दिल्ली (वार्ता)। *विश्व के अधिकांश (अब तक 185) देशों में फैल चुके कोरोना वायरस 'कोविड 19' का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तक इस खतरनाक वायरस से 14,507 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 3,26,722 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण फैलता जा रहा है।*

संक्रमण : लॉकडाउन में आपको क्या करना चाहिए, क्या नहीं

लॉकडाउन का ठीक से पालन नहीं होने पर पीएम मोदी ने नाराजगी जाहिर की, ऐक्शन की बात कही

- **लॉकडाउन के दौरान घर से बेहद जरूरी काम के लिए निकलना है, गैर जरूरी चीजों की दुकानें बंद हैं**
- **मेट्रो, रेल, बस सर्विस बंद हैं। जरूरी चीजों की दुकान खुली रहेंगी**

नई दिल्ली (ए.)। रविवार को एक दिन में तीन मौतें, कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते कहर की वजह से अब पूरा भारत मानों बंद है। 75 जिलों में केंद्र ने लॉकडाउन किया, इसके बाद दिल्ली, बंगाल, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र की राज्यों सरकारों ने भी सावधानी बरतते हुए 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया। बावजूद इसके लोग इसका पालन नहीं कर रहे। इसे देखते हुए अब मोदी ने सख्त ऐक्शन के निर्देश दिए हैं। फिलहाल लोगों के मन में लॉकडाउन को लेकर कई सवाल हैं। लॉकडाउन होता क्या है, इसमें क्या बंद रहेगा, क्या खुलेगा आदि सवालों के जवाब आपको यहां मिलेंगे।

लॉकडाउन का मतलब क्या है?

आसान भाषा में लॉकडाउन वह स्थिति है जब लोगों को एक सीमित जगह से बाहर जाने से रोक दिया जाता है। पूरी तरह से लॉकडाउन का मतलब यही है कि आप जहां पर हैं, वहीं रहें। इसमें आपको किसी बिल्डिंग, इलाके, या राज्य, देश तक सीमित किया जा सकता है।

लॉकडाउन में सब बंद हो जाता है?

लॉकडाउन के दौरान सामान्य तौर पर जरूरी चीजों की सप्लाइ नहीं रोकी जाती। जैसे किराना स्टोर, मेडिकल से जुड़ी चीजें, बैंक चलते रहते हैं। गैर जरूरी गतिविधियों को रोक दिया जाता है। यात्रा पर रोक इसमें अहम है। यातायात के सार्वजनिक साधनों को इसमें बंद किया जाता है।

लॉकडाउन में क्या करना है?

लॉकडाउन के दौरान लोग अपने घरों से तभी निकलें, जब बहुत जरूरी हो। इसके अलावा दूसरे कामकाज की इजाजत नहीं होगी। लॉकडाउन के दौरान अगर आवश्यक सेवाओं के दायरे में न आने वाली कोई कंपनी खुली रहती है, तो उस पर सख्त ऐक्शन होगा।

घर पर रहेंगे तो नौकरी का क्या होगा?

भारत की बात करें तो प्राइवेट कंपनियों को सख्त ऑर्डर है कि वे कर्मचारियों से घर से काम करवाएं। दिहाड़ी मजदूरों को केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी तरफसे आर्थिक सहायता देने की बात कही है। यह भी आदेश है कि कंपनियां इस दौरान सैलरी नहीं काट सकतीं।

क्या चीजें इकट्ठा करके रख लें?

लॉकडाउन से डरने की जरूरत नहीं है। ना ही इस दौरान चीजों को बहुत सारी मात्रा में इकट्ठा कर ले। सरकार ने रोज काम आनेवाली चीजों को बंद नहीं किया है। हां स्टॉक दुकानों पर कम मिलेगा, क्योंकि ट्रांसपोर्ट पर बहुत पाबंदी है। ऐसे में चीजें इकट्ठा करेंगे तो दूसरों को दिक्कत होगी।

कोरोना का खतरा कहां तक पहुंचा

इंडियन सेंटर फॉर मेडिकल रिसर्च की मानें को फिलहाल कोरोना वायरस अपनी दूसरी स्टेज में है। यानी अभी विदेश से आए लोगों और उनसे मिले लोगों को ही कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। अगर यह स्टेज तीन में पहुंचा तो स्थिति खराब होगी क्योंकि तब लोकल ट्रांसमिशन शुरू हो जाएगा। यह हो रहा है या नहीं मंगलवार को इसका पता चलेगा।

इमर्जेंसी हुई तो क्या करें

केंद्र और राज्य सरकारों ने आपातकाल स्थिति के लिए मेडिकल सेवाएं चालू रखी हैं। हॉस्पिटल, फार्मसी चालू रहेंगी। कुछ भी दिक्कत होने पर संबंधित नबंर्स पर फोन कर सकते हैं।

क्या लॉकडाउन को 31 मार्च से आगे बढ़ाया जाएगा?

फिलहाल केंद्र सरकार ने ऐसा कुछ नहीं कहा है। सब स्थिति के हिसाब से तय होगा। 75 जिलों की लिस्ट जारी करते हुए केंद्र सरकार ने सिर्फ इतना कहा था कि 31 मार्च तक लॉकडाउन है। साथ ही कहा था कि राज्य सरकार अपने हिसाब से इन जिलों को बढ़ा सकती हैं।

केंद्र ने 75 जिलों में किया लॉकडाउन

जनता कर्फ्यू के दिन ही मोदी सरकार ने फैसला किया कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए 75 जिलों में लॉकडाउन किया जाएगा। इसमें वे जिले शामिल थे जहां कोरोना के पॉजेटिव मामले सामने आए थे। इसमें देश के ज्यादातर बड़े शहर शामिल थे।

राज्य सरकारों ने भी किया लॉकडाउन

75 जिलों में लॉकडाउन के बाद कुछ राज्य सरकारों ने भी इसका पालन किया। दिल्ली सरकार ने करीब 6 बजे 31 मार्च तक लॉकडाउन की घोषणा कर दी। इस दौरान यातायात बंद रहेगा, मेट्रो भी बंद। महाराष्ट्र ने भी सभी शहरों में धारा 144 लगा दी। इसके बाद मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब ने भी खुद को 31 मार्च तक के लिए बंद कर लिया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश ने 16 जिलों में लॉकडाउन किया। वहीं बंगाल, ओडिशा ने अपने 40 प्रतिशत इलाकों में पाबंदियां लगा दी हैं।

केंद्र का राज्यों को निर्देश, सख्ती से लागू हो लॉकडाउन और उल्लंघन पर कार्रवाई

नई दिल्ली। केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा है कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए बंद (लॉकडाउन) का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। केंद्र और राज्य सरकारों ने रविवार को देश भर के ऐसे 75 जिलों को 31 मार्च तक पूर्ण बंद करने का फैसला किया था जहां कोरोना वायरस से संक्रमण के मामले सामने आए हैं। खतरनाक कोविड-19 के प्रसार को रोकने के मद्देनजर यह सहमति बनी थी कि गैर जरूरी यात्री परिवहन को तत्काल प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है। दिल्ली में 23 मार्च सुबह छह बजे से 31 मार्च की मध्यरात्रि तक बंदी रहेगी। कुछ अन्य प्रदेशों ने भी बंद को लागू किया है। बंद के दौरान दिल्ली की सीमाएं सील रहेंगी, हालांकि स्वास्थ्य, खाद्य सामग्री, पानी और बिजली आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिये डीटीसी की 25 प्रतिशत बसें भी सड़कों पर रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इससे पहले राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोरोना वायरस के बंद से जुड़े नियम-कायदों का सख्ती से पालन हो, क्योंकि उन्होंने यह नोट किया कि बहुत से लोग इन उपायों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'लॉकडाउन को कई लोग अब भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कृपया करके अपने आप को बचायें, अपने परिवार को बचाएं, निर्देशों



दुनियाभर में कोरोना वायरस के तीन लाख से ज्यादा मामले

दुनियाभर में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या तीन लाख के पार पहुंच चुकी है। इटली से लेकर भारत और अमेरिका तक की सरकारों ने महामारी को फैलने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। भारत सहित दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए रविवार को करीब एक अरब लोग घरों में बंद रहे। वहीं, घातक संक्रमण से मरने वालों की तादाद बढ़कर 13,000 के पार पहुंच गई है। इस वैश्विक महामारी से सबसे बुरी तरह से प्रभावित इटली में कारखाने बंद कर दिए गए हैं। दुनियाभर के 170 देशों में रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 308,130 है।

दिल्ली मेट्रो का ट्वीट, हम भी आराम कर रहे हैं और आप भी करें

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस के खतरे के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने राजधानी में अपनी सेवाएं 31 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी हैं। सोमवार को डीएमआरसी ने ट्वीट करके लिखा कि ऐसा लगता है कि हम आराम और सामाजिक दूरी की एक लंबी छुट्टी पर हैं। हम आप से भी ऐसी ही आशा रखते हैं। घर पर रहें और सुरक्षित रहें। आपको बता दें कि नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने भी अपनी सेवाएं 31 मार्च तक स्थगित करने का फैसला किया था। इससे पहले शनिवार को डीएमआरसी ने सोमवार को अधिकतर सेवाएं स्थगित करने की घोषणा की थी। डीएमआरसी ने रविवार को बताया कि कोरोना वायरस से मुकाबला करने के लिए हाल में किए गए निर्णयों के तहत 31 मार्च तक मेट्रो सेवा को पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया। मेट्रो ने कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवा की आवश्यक आंतरिक रख रखाव का काम जारी रहेगा और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) पूर्व की तरह सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाता रहेगा। मेट्रो की सेवाएं रविवार को पहले ही जनता कर्फ्यू के कारण बंद की गई थी।

कोरोना : दिल्ली की स्थिति नियंत्रित, लॉकडाउन का पालन करें- केजरीवाल

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार से प्रदेश में शुरु लॉकडाउन में जनता से सहयोग की अपील की है। अरविंद

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, आज से दिल्ली में लॉकडाउन शुरू। मेरे दिल्लीवासियों, आपने व्यक्तिगत परेशानी उठाकर पल्यूशन को हराने के लिए ऑड इवन कर दिखाया। आपने डेंगू के खिलाफ महा अभियान को अपनाया। मुझे विश्वास है कोविड 19 से अपने परिवार को बचाने के लिए आप लॉकडाउन में भी अपना सहयोग दे कर इस लड़ाई को जीतेंगे। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, दिल्ली में 30 केस -23 विदेश से लौटे लोग, 7 उनसे संक्रमित उनके परिवार वाले। फ़लिहाल दिल्ली की स्थिति नियंत्रण में, दूसरे देशों से पता चलता है कि अगर अभी सखूती नहीं की तो स्थिति जल्द बेक़ाबू हो सकती है। इसलिए लॉकडाउन का पालन करें ताकि स्थिति बेकाबू ना हो एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, आज दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा। दिल्ली में लॉकडाउन होने के बावजूद ये करना आवश्यक है क्योंकि बजट पास किए बगैर सरकार एक अप्रैल से पैसे खर्च नहीं कर पाएगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस के प्रकोप को रोकने के लिए सोमवार से 31 मार्च तक राजधानी को लॉक डाउन करने का एलान

किया था। उपराज्यपाल अनिल बैजल और केजरीवाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस दौरान कुछ आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी गतिविधियां पूरी तरह बंद रहेंगी। लॉक डाउन के दौरान दिल्ली के सीमा से जुड़ी सभी सीमाएं सील की जा रही हैं। केवल आवश्यक वस्तुओं (दूध, फल और सब्जी) को लाने वाले वाहनों को ही दिल्ली में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे से सभी उड़ानें बंद रहेगी और लॉक डाउन के दौरान अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी रद्द रहेंगी। उन्होंने कहा सभी धार्मिक स्थलों को बंद कर दिया गया है। दिल्ली के सभी बाजार बंद रहेंगे और इस दौरान केवल सब्जी, दूध और किराना स्टोर खोलने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान की किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है और काला बाजारी करने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अभी तक 327 शिकायतों पर 437 मामले दर्ज किये जा चुके हैं।

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बोली शिवसेना

सरकार को पहले ही रोक लगानी थी रेल सेवा पर

मुंबई (ए.)। कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच शिवसेना ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी का फैसला अचानक लिया और इसी तरह का रुख रेल सेवा पर रोक लगाने के संबंध में भी अपनाया जबकि रेल सेवाओं पर बहुत पहले ही रोक लगा दी जानी चाहिए थी। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में लिखा कि मुंबई में लोकल ट्रेनों समेत रेल सेवाओं पर अगर पहले ही रोक लगा दी गई होती तो कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में इतनी वृद्धि नहीं होती। पार्टी ने आशंका जताई कि भारत कोरोना वायरस के मामले में इटली और जर्मनी की राह पर हो सकता है जिन्होंने 'वैश्विक महामारी के खतरे को गंभीरता से नहीं लिया' जिसके चलते वहां वायरस से हजारों लोगों की मौत हो गई।

पार्टी ने पूछा, 'प्रधानमंत्री अपने फैसलों से लोगों को 'चौंकाने के लिए जाने जाते हैं। नोटबंदी के वक्त उन्होंने लोगों को प्रतिक्रिया देने के लिए बहुत कम समय दिया था तो इस वैश्विक महामारी के चलते इतना समय क्यों लिया गया?' संपादकीय में दावा किया गया कि मुंबई में उपनगरीय ट्रेनों को प्राथमिकता से रोका जाना चाहिए था लेकिन भारतीय रेलवे के अधिकारी ''इसके लिए इच्छुक नहीं थे।

पार्टी ने कहा, 'हम इटली और जर्मनी की गलतियां दोहरा रहे हैं। भीड़ जमा होना बड़ा खतरा है क्योंकि संक्रमण आसानी से फैलता है। रेल सेवाओं पर बहुत पहले ही रोक लगा दी गई होती तो संक्रमित मरीजों की संख्या इतनी नहीं बढ़ती। उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को सिर्फ लोग ही कम आंकने की गलती नहीं कर रहे बल्कि यह प्रशासनिक स्तर पर भी देखने को मिल रहा है।'

संपादकीय में कहा गया कि मिलान और वेनिस जैसे शहर असल में कब्रिस्तान में बदल गए हैं जहां लोग मृतकों के अंतिम संस्कार तक में शामिल नहीं हो पा रहे। रोम की सड़कें सूनसान पड़ी हैं। जर्मनी भी उसी राह पर है। मराठी दैनिक ने कहा, 'हमें स्थिति की गंभीरता को समझना चाहिए जहां पिछले कुछ दिनों में संक्रमित लोगों की संख्या 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। हमारी जनसंख्या 130 करोड़ होने के कारण हमारे पास प्रत्येक 50,000 लोगों पर अस्पताल का केवल एक बेड उपलब्ध है।'

शिवसेना ने कहा कि 1896 के प्लेग के प्रकोप के दौरान लोकमान्य तिलक और गोपाल गणेश अगरकर ने खुद को पृथक रखा था। प्लेग को फैलने से रोकने के लिए लोग शहर छोड़ कर तंबुओं में रहने लगे थे। पार्टी ने कहा, 'इस बार, हमें घर पर रहना है।'

ममता ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- बंगाल आने वाली फ्लाइट्स पर लगे रोक

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते पश्चिम बंगाल में फ्लाइट्स पर रोक लगाने की मांग को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। आपको बता दें कि रविवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी फोन कर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को फोन कर बिहार आने वाली फ्लाइट पर रोक लगाने का सुझाव दिया था। इस पत्र में ममता ने पीएम मोदी से अपील की है कि पश्चिम बंगाल में सभी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

चिंताजनक | कोरोना की वजह से नोएडा समेत यूपी के 16 जिलों में लॉकडाउन, सोसायटीज से निकलना बंद है, जरूरत भर की दुकानें खुली हैं

नोएडा में अब तक 8 मामले, एक और सोसायटी सील

नोएडा (ए.)। राजधानी से सटे नोएडा में सोमवार को एक और सोसायटी को सील कर दिया गया। नोएडा में अबतक कोरोना के 8 मरीज सामने आ चुके हैं। अब जिस सोसायटी तो सील किया गया उसका नाम निराल ग्रीनशायर है। यह नोएडा एक्सटेंशन में है। फिलहाल नोएडा को 25 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया गया है। यूपी के कुल 16 जिले लॉकडाउन किए गए हैं।

क्या बंद, क्या खुला

मेट्रो, बस, ऑटो भी बंद रहेंगे। हालांकि किसी भी जरूरी सामान की बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। दूध, किराना, फल, सब्जी और दवा की दुकानें इस दौरान खुली रहेंगी। सभी तरह के ऑफिस, कार्यालय, फैक्ट्री, स्कूल, कॉलेज आदि सब बंद रहेंगे। ऑनलाइन सामान मंगाया जा सकेगा। कॉफी हाउस, कैफे, खाने-पीने के होटल, मिठाई की दुकानें, पार्लर, सैलून, मॉल आदि सब बंद रहेंगे। रसोई गैस की आपूर्ति पर लॉकडाउन का कोई असर नहीं होगा। किसी तरह की दिक्कत पर डायल 112 पर सूचना देने की अपील की गई है। इस दौरान इमरजेंसी के अलावा अन्य किसी सूरत में बाहर निकलने पर पाबंदी रहेगी।

यूपी के 16 जिले लॉकडाउन

उत्तर प्रदेश के 16 जिलों को 23 से 25 मार्च तक पूरी तरह लॉकडाउन किया गया है जहां कोरोना वायरस से कोई भी व्यक्ति प्रभावित है, या किसी को पृथक किया गया है। उन्होंने बताया कि इन जिलों में आगरा, लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, बरेली, आजमगढ़, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, अलीगढ़, गोरखपुर, पीलीभीत और सहारनपुर शामिल हैं।

सोसायटीज के गेट बंद

शहर के सेक्टर-74, 77, 78 समेत अन्य सेक्टरों की अधिकतर सोसायटियों के मेन गेट शनिवार शाम को ही बंद कर दिए गए थे। ज्यादातर सोसायटियों में मेड, सफाई कर्मचारी समेत बाहर से आने वाले लोगों की एंट्री बैन कर दी गई है। सेक्टर 74 और 78 में कोरोना पॉजिटिव सामने आने के बाद शहर की सभी सोसायटियां एहतियात बरत रही हैं। कुछ सोसायटियों में 31

चीन में कोई नया मामला नहीं आया सामने

चीन में लगातार तीसरे दिन कोरोना वायरस को कोई नया स्थानीय मामला सामने नहीं आया, लेकिन इस घातक विषाणु के संक्रमण के कारण सात और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 3255 हो गई। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को बताया कि चीनी मुख्यभूमि पर शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन कोविड-19 का कोई स्थानीय मामला सामने नहीं आया। उसने बताया कि शुक्रवार को सात लोगों की मौत हुई और 36 नए संदिग्ध मामले दर्ज किए गए।

कोरोना : तेजस्वी यादव सीएम रिलीफ फंड में देंगे सैलरी

पटना(ए.)। कोरोना वायरस से फैली बीमारी को रोकने के लिए सभी लोग अपने अपने स्तर पर लगे हैं। एक ओर सरकार जहां लॉकडाउन करके लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने का अनुरोध कर रही है तो दूसरी ओर लोग मुख्यमंत्री राहत कोष में पैसे देकर। बिहार नेता प्रतिपक्ष और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में अपनी एक महीने की सैलरी देने का ऐलान किया है। तेजस्वी यादव ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि इस कठिन घड़ी में सभी सामर्थ्यवान राज्यवासी ज़िम्मेदारी से अपना-अपना कर्तव्य निभाएँगे। साथी बिहारवासियों के जीवन सुरक्षा का ज़िम्मा लेंगे। जितना बन पड़ेगा, उतना करेंगे। कोरोना से लड़ेंगे, मिलकर उसे हराएँगे, बिहार को सुरक्षित बनाएँगे

तेजस्वी ने आगे लिखा, मुझे नेता प्रतिपक्ष होने के नाते पटना में जो सरकारी आवास मिला है मैं चाहूंगा कि उस आवास का उपयोग सरकार अपनी सुविधानुसार करें। तेजस्वी ने आगे लिखा, बिहार में कोरोना से एक जान चली गई है, लेकिन अब और नहीं। कोरोना वायरस के खिलाफ इस लड़ाई में सरकार की सकारात्मक पहल में पूरा सहयोग देंगे लेकिन किसी भी स्तर पर ढिलाई बदार्श्त नहीं की जाएगी

■ न्यूज गैलरी

घायल जवानों से मुलाकात करने राज्यपाल पहुंची अस्पताल

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज सुकमा नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए जवानों से मुलाकात की और कुशलता के बारे में पूछा। राज्यपाल ने कहा- मैं आप लोगों को सेल्यूट करती हूं, जिस बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। आप जल्दी स्वस्थ हों, आप लोगों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नही होने दी जाएगी। उन्होंने घायल जवानों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए और जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा शहीद हुए जवानों के परिवाजनों को भी प्रणाम करती हु राज्यपाल ने चिकित्सको और अस्पताल के कर्मचारियों की जवानों के बेहतर देखभाल के लिए सराहना की और उन्होंने जवानों को फल भी वितरित किये।

एन—95 मास्क केवल स्वास्थ्यकर्मी ही लगाएं : निहारिका बारिक

रायपुर। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सचिव निहारिका बारिक ने कहा है कि संक्रमण से बचने के लिए उपयोग में होने वाले मास्क की बाजार में हो रही कमी और अस्पतालकर्मियों को भी मास्क नहीं मिल पाने के कारण असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा है कि मास्क लगाने की जरूरत केवल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों को है। इसके अतिरिक्त वे मरीज जिनको खांसी और है। इसके अलावा जो अस्पताल जा रहें हों, उन्हें भी लगाने की जरूरत है। यदि आप अस्पताल कोई अन्य परेशानी के लिए जा रहे हों, तो मास्क लगाने की कोई जरूरत नहीं है। एन-95 मास्क सिर्फस्वास्थ्य कर्मी जो लैब में काम कर रहे हों, वे ही लगाएं।

डॉ. प्रभाकर सिंह नोडल अधिकारी बने

रायपुर। राज्य शासन महानदी भवन नवा रायपुर कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ 1-01/2020/विविध /14-1 द्वारा डॉ. प्रभाकर सिंह संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी अटल नगर नवा रायपुर को नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण के लिए प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नोडल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपकर उन्हें आगामी आदेश पर्यंत तक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

मास्क के लिए शॉट टेंडर जारी

रायपुर। कोरोना वायरस से बचाव हेतु प्रदेश में मॉस्क की बढ़ती खपत को देखते हुए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने मास्क के साथ पीपीई किट, ग्लब्स के लिए टेंडर जारी किया है। प्रदेश में कोरोना वायरस से बचने के लिए लोगों द्वारा अब मास्क का उपयोग कर रहे है। जिसके चलते प्रदेश में मास्क की कमी होने लगी है। इसे देखते हुए सीजीएमएसई ने 20 मार्च को टेंडर जारी किया था और टेंडर जमा करने के लिए 23 मार्च को शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया है।

1500 वेंटिलेटर, संक्रमण की गति धीमी हो तो जीत सकते हैं हम

कोरोना पर मेडिकल कॉलेज, रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ और एडवांस कार्डियक इंस्टीटयूट के विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने नव प्रदेश से खास बातचीत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस चीन और इटली के बाद अब दुनिया के तमाम देशों को अपनी चपेट में ले रहा है। भारत में भी इसके मरीज बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी एक मरीज पॉजिटिव मिला है। संक्रमण रोकने के लिए शासन प्रशासन की ओर से सोशल डिस्टसिंग पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान व इसे दिए गए सीएम भूपेश बघेल के समर्थन पर राज्य में भी जनता कर्फ्यू का पालन किया जा रहा है। इन सब ऐहतियाती कदमों से हम कोरोना को कैसे हरा सकते हैं, इसके बारे में नव प्रदेश से खास बातचीत में बताया मेडिकल कॉलेज, रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ और एडवांस कार्डियक इंस्टीटयूट के विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने...

धीमी करनी होगी फैलाव की गति :

डॉ श्रीवास्तव कहते हैं कि कोरोना वायरस अब एकदम से गायब तो हो नहीं सकता। इसका फैलाव निश्चित है। इसके बावजूद हम इस वायरस पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। बस हमें इसके फैलाव की गति को धीमा करना होगा। इसके लिए हमें सोशल डिस्टसिंग व जनता कर्फ्यू जैसे उपायों को अपनाना होगा। बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलना होगा। इन उपायों पर इसलिए जोर दिया जा रहा है क्योंकि देश में मौजूदा वेंटिलेटर की संख्या के मद्देनजर यदि फैलाव बहुत तेज गति से बढ़ गया तो सीरीयस मरीजों के लिए वेंटिलेटर कम पड़ सकते हैं। हालात इटली जैसे हो सकते हैं जहां मरीजों को बचाने में प्रायोरिटी तय की जा रही है।

ज्यादा न फैले संक्रमण तो बच सकती है सबकी जान

मेडिकल कॉलेज, रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ और एडवांस कार्डियक इंस्टीटयूट के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव ने बताया- छत्तीसगढ़ की बात करें तो यहां करीब 1500 वेंटिलेटर है। सबसे ज्यादा मेकाहारा अस्पताल में 90 हैं। ऐसे में यदि हमने राज्य में भी संक्रमण के फैलने की गति को धीमा नहीं किया तो हमारे राज्य में भी हालात बिगड़ सकते हैं। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है डेढ़ हजार से ज्यादा मरीजों को एक ही कालावधि में वेंटिलेटर की जरूरी पड़ी तो सभी की जान बचा पाना संभव नहीं हो पाएगा। वहीं यदि संक्रमण धीमे फैले व दो तीन माह में बारी-बारी से मरीज आए तो सभी की जान बचाई जा सकती है। और इस तरह हम कोरोना से जंग जीत जाएंगे।

अनुकूल माहौल न मिले तो कमजोर हो जाता है वायरस

डॉ. श्रीवास्तव ने आगे कहा कि किसी भी वायरस के फैलाव की गति धीमी हो जाए तो यह कुछ दिन के बाद कमजोर होने लगता है और इससे लड़ने के प्रति हमारी इम्यूनिटी बढ़ जाती है। स्वाइन फ्लू, इन्फ्लूएंजा, स्पेनिश फ्लू, स्माल पॉक्स आदि में हम ये चीज अनुभव कर चुके हैं। इसके लिए वायरस को फैलने का अनुकूल माहौल नहीं मिलना चाहिए। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे सैनिटाइजेशन संबंधी निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। भारत के परिप्रेक्ष्य में इस स्थिति में एक राहतभरी बात यह है कि देश में इस वायरस के संक्रमण से मार्टेलिटी रेट 3 फीसदी है। 80 फीसदी लोग रिकवर हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा 60 वर्ष से ऊपर की आयु वालों को है। डायबिटिक पेसेंट को भी अधिक सावधानी बरतने की जरूर है। लेकिन इसका ये मतलब कतई नहीं है कि युवा और नॉन डायबिटिक लोग सतर्कता न बरतें।

लॉकडाउन में बाहर घूमने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

खतरा टला नहीं और नासमझ शहर गश्त पर निकल रहे!

■ एक ही दिन गंभीरता दिखाने के बाद फिर बरत रहे लापरवाही

■ अब 31 मार्च तक सिर्फ जरुरी चीजों के अलावा सब कुछ बंद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सबसे ज्यादा तेजी से संक्रमित होने वाले कोरोना वायरस को अब भी लोग मजाक में ही ले रहे हैं। महज एक दिन घर में रहने के दौरान भी कई बार नासामझी का परिचय देते राजधानी रायपुर में लोग खतरा मोल लेते घूमते नजर आए। तय संख्या से ज्यादा लोग एक स्थान पर एकत्र हो शहर के माहौल पर भी गप्पे लड़ातें रोड पर दिखे। हालाकि संक्रमण का खतरा अभी पखवाड़ेभर तक रहेगा। बावजूद इसके लोगों की लापरवाही की चरम सीमा थी। खासकर युवा वर्ग सूनी पड़ी सड़कों और शहर में जनता कर्फ्यू के बाद की स्थिति का आंकलन करने तफरीह पर निकल पड़े थे। आज दूसरे दिन सोमवार को भी सुबह से संक्रमण काल के दूसरे दिन भी लोग दैनिक वस्तु की खरीदी व अन्य कारणों के सहारे शहर के बाजार में बिना सावधानी के घूमते दिखे। ऐसे खतरे के खिलाड़ियों को पुलिस ने अच्छा सबक भी सिखाया और कईयों पर एफआईआर व सख्त कार्रवाई भी किया।

सोमवार को लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, अपने-अपने काम पर जाते नजर आए। हालांकि आम दिनों के मुकाबले भीड़ कम थी। शहर में टिकरापारा, संतोषी नगर, सेजबहार, पुरानी बस्ती इलाकों से होता हुआ लोगों का समूह शहर की तरफ बढ़ रहा था। कोतवाली पुलिस की टीम कालीबाड़ी चौक पर भीड़ को शहर में जाने से रोकने के लिए पहुंची। पुलिस ने अपनी पीसीआर वैन को सड़क के बीच में खड़ा करके रास्ता रोक दिया, सभी से यू टर्न लेकर वापस जाने को कहा गया। आगे मेरा घर है, दुकान है, ऑफिस है, अस्पताल जाना है,जैसी बातें कहकर लोग आगे जाने की मिन्नतें करते रहे। अति आवश्यक होने पर ही पुलिस ने कुछ को जाने दिया बाकी लोगों को समझाकर घर भेजा गया। 31 मार्च तक राज्य में किराना, दूध, दवा, अस्पताल, नगर निगम की सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था को छोड़ सब कुछ बंद रहेगा।

बेवजह शहर में घूमने निकले बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने रविवार दोपहर आदेश के उल्लंघन का केस दर्ज कर लिया है। उन्हें बैरनबाजार के पास पुलिस ने रोका तो बहस करने लगे। भागने की कोशिश भी की इसमें एक युवक को चोट आई है। दो युवक भाग निकले। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कुंदरापारा का दिनेश तांडी घर से घूमने निकला था। पुलिस ने रोका तो उसने बच्ची के अस्पताल में होने का बहाना किया। मगर यह बात झूठ निकली। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। प्रशासन की सख्ती और बढ़ने के आसार हैं।

हाफ शटर में पान गुमटी व मटन विक्रय हुआ

जनता कर्फ्यू के मियादी वक्त यानि कि रात 9 बजे से ही पान-सिगरेट-गुटखा दुकानों का संचालन हाफ शटर में शुरु हो गया था। शौकीनों की भीड़ जुट गई थी। तय रेट से 20 से 50 रुपए ज्यादा दर पर सिगरेट पैकेट बिका। वहीं हरी सब्जियों व फलों, दूध के लिए ही प्रतिबंध हटा था. लेकिन मांस विक्रय भी खुलकर हुआ। चिकन व मटन सेंटरों में भी धड़ल्ले से कारोबार हुआ।

31 मार्च तक सख्ती, गलतियों पर होगी सख्ती

बता दें जनता कर्फ्यू तो महज एक दिन का ही था। लेकिन संक्रमणकाल अभी खत्म नहीं हुआ है और खतरा बरकरार है। इसलिए अब केंद्र से प्राप्त गाइड लाइन के मुताबिक 31 मार्च तक धारा 144 प्रदेश में लागू है। खासकर प्रभावित इलाकों व संभावित क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन की सख्त नजर है। राज्य सरकार ने सभी जिलों में 31 मार्च तक रेल, बस और मार्केट बंद रखने के लिए तथा लोगों को घरों में ही ऐहतियातन रहने की सलाह दी है।

मोहलत टिकट कैंसल कराने काउंटर पर लगने वाली भीड़ के मद्देनजर लिया गया फैसला

22 से 31 मार्च तक रद्द ट्रेनों के टिकट 90 दिन तक करा सकते हैं निरस्त

■ रेलवे के पीआरओ ने बताया-देशभर के स्टेशन में 31 मार्च तक कैंसलेशन काउंटर भी बंद

■ कोरोना संक्रमण की रोकने सरकार द्वारा रद्द की गई हैं यात्री ट्रेनें

■ यात्रियों को टिकट कैंसलेशन पर वापस मिल रहे पूरे पैसे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस से फैल रहे संक्रमण की रोकथाम के लिए रेल मंत्रालय की ओर से 22 मार्च से 31 मार्च तक सभी यात्री ट्रेनों को बंद रखा गया है। इसके मद्देजनर रेलवे की ओर से इन तारीखों में रेल टिकट बुक करा चुके यात्रियों को टिकट कैंसलेशन पर उनके टिकट के पूरे पैसे वापस किए जा रहे हैं। साथ ही यात्रियों को यात्रा के दिन से 90 दिन तक टिकट कैंसलेशन की सुविधा भी दी गई है। जबकि पहले यह सुविधा यात्रा की तारीख से 45 दिन तक के लिए ही थी। जिसके चलते लोग अपने टिकट कैंसिल करने के लिए रायपुर समेत अन्य स्टेशन के टिकट कैंसलेशन काउंटर पर बड़ी संख्या में पहुंचने लगे थे। इससे संक्रमण फैलने के खतरे को भांपते हुए अब रेलवे ने सोमवार दोपहर 3 बजे से देशभर के सभी रेलवे स्टेशन पर टिकट कैंसलेशन काउंटर 31 मार्च तक बंद करने फैसला लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल, तन्मय मखोपाध्याय ने इसकी जानकारी दी है।

टिकट काउंटर पर पिछले आदेश की कॉपी थी चस्पा वो भी अंग्रेजी में

नव प्रदेश संवाददाता द्वारा सोमवार दोपर करीब 12:30 बजे रिजर्वेशन टिकट काउंटर पहुंचने पर यहां टिकट कैंसल कराने आए लोगों की लंबी कतार थी। लेकिन सभी लोगों को बस यही पता था कि टिकट कैंसल करने के लिए सिर्फ 45 दिन का वक्त बचा है। यहां चस्पा आदेश में अंग्रेजी में यही लिखा था कि 22 से 31 मार्च तक की यात्रा तारीख के टिकट यात्रा तारीख के 45 दिन में टिकट कैंसिल कराए जा सकते हैं। लेकिन यहां पहुंचने वाले अधिकांश लोगों का कहना था कि नोटिस हिंदी में चस्पा किया जाना चाहिए। वहीं कुछ लोग यह मांग भी कर रहे थे काउंटर से टिकट लेने वालों को भी ऑनलाइन कैंसलेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और राशि सीधे उनके खाते में डाल दी जाए। हालांकि नवप्रदेश द्वारा इस मामले पर सीनियर डीसीएम रायपुर डीआरएम तन्मय मुखोपाध्याय ने बताया कि कैंसलेशन की अवधि को 90 दिन तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध के आदेश जारी हो चुके हैं।

हिंदी में उपलब्ध होगी जानकारी

टिकट कैंसल की अवधि को यात्रा तारीख से 90 दिन तक की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सोमवार दोपहर 3 बजे से देशभर के स्टेशन पर स्थित कैंसलेशन काउंटर को बंद करने को कहा गया है। रायपुर रेलवे स्टेशन संबंधित ओदशों की हिंदी कॉपी चस्पा कर दी जाएगी।

तन्मय मुखोपाध्याय
सीनियर डीसीएम, रायपुर डीआरएम

शटडाउन पर लगी रोक- गड़बड़ी सुधारने 24 घण्टे तैनात रहेगा अमला

■ नोबेल कोरोना वाइरस के संक्रमण-रोकथाम हेतु पॉवर कंपनी में दिषा निर्देष जारी

■ 31 मार्च तक विभागाध्यक्ष निवास से संपादित करेंगे शासकीय कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नोबेल कोरोना वाइरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा आज दिषा निर्देष जारी किये गये है, जो कि पॉवर कंपनीज के प्रदेषभर में संचालित कार्यालयों के लिये लागू होंगे। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रषासन विभाग के आदेष का परिपालन सुनिष्चित करते हुये निर्णय लिये गये कि पॉवर कंपनीज के विभागाध्यक्ष 31 मार्च 2020 तक निवास से ही शासकीय कार्य संपादित करेंगे। कार्यपालक निदेषक (मानव संसाधन) श्री एच.के.पाण्डेय की ओर से जारी परिपत्र में निर्देषित किया गया है कि अत्यावष्यक सेवाओं को छोड़कर शेष कार्यालयों को 31 मार्च 2020 तक संचालित न किया जाये। ऐसे कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को अत्यावष्यक कार्य होने पर ही न्यूनतम संख्या में कार्यालय में बुलाया जायेगा।

पॉवर कंपनी द्वारा लिये गये निर्णयानुसार प्रिवेन्टिव मेन्टेन्स हेतु शट डाउन पर रोक, विद्युत गृहों, एफओ.सी., लोड डिस्पेच सेंटर, हेल्प डेस्क (कंट्रोल रूम/कॉल सेंटर) में पर्याप्त संख्या में षिफ्ट में कर्मचारियों की तैनाती होगी। ''वर्क फ्राम होम'' के दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को मोबाईल-टेलीफोन सतत् चालू रखने की हिदायत दी गई है। बिजली मेंन्टेंस दल को पर्याप्त मात्रा में मास्क और हेण्ड सेनेटाइजर अथवा लिक्विड हेण्डवॉष उपलब्ध कराये जाने सहित पॉवर कंपनी के सभी परिसर कार्यालयों, प्लांट में जनसाधारण की आवाजाही को नियंत्रित करने के भी निर्देष दिये गये हैं।

कोरोना वाइरस के संक्रमण से निपटने में शामिल कार्यालय जैसे बिजली आपूर्ति से संबंधित कार्यालय, पॉवर जनरेषन प्लांट, सबस्टेषन, लोडडिस्पेच सेंटर, अस्पताल, सुरक्षा एवं फायर विभाग, जल प्रदाय, साफ सफाई, स्वच्छता विभाग पूर्ण सुरक्षा विषयक उपायों को अपनाते हुये कार्यरत रहेंगे। ब्रेक डाउन तथा इमरजेंसी मेटेनेंस हेतु ही शटडाउन लिया जायेगा। इमरजेंसी कार्यो में जुटे कार्यालयों में रोस्टर बनाकर कार्मिक की तैनाती होगी।

अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु ड्यूटी पास जारी

अत्यावश्यक सेवाओं में लगे बिजली अधिकारियों/कर्मचारियों एवं वाहन चालकों तथा अन्य कर्मियों को आवागमन में सहजता के लिये आवष्यक परिचय पत्र जारी किये गये हैं। जिससे इस आपातकाल में राज्य शासन के निर्देषानुसार जन हितैषी कार्यों के सुगम संचालन में बिजली विभाग की समुचित सहभागिता बनी रहे।

संपादकीय

जनता का सहयोग जरूरी

सारी दुनिया को दहलाने वाले कोरोना वायरस ने भारत में भी तेजी के साथ अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, अब तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 400 से ज्यादा हो गई है वही सात लोगों की मौत भी हो चुकी है जाहिर है स्थिति बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश में एक दिन के लिए जनता कर्फ्यू लगा जो सफल भी रहा। इसके बाद देश के कई राज्यों में लॉकडाउन घोषित किया गया है किन्तु लोग सड़को पर अनावश्यक रूप से निकलने से बाज नहीं आ रहे है। देश के लगभग सभी राज्यों में सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ कम करने के लिए धारा 144 लागू की गई है। लेकिन लोग इसकी परवाह नहीं कर रहे है। इसपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नाराजगी जताई है और सभी राज्य सरकारो से कहा है कि वे धारा 144 को कड़ाई पूर्वक लागू करें। इसके बावजूद राज्य सरकारें इस बारे में उदासीन बनी हुई है। जबकि सभी राज्यों में पुलिस का पर्याप्त अमला मौजुद है। कई जगह पुलिस कड़ाई कर भी रही है और उससे लोगों में जागरूकता भी आ रही है लेकिन अधिकांश जगहों में लोग खुलआम धारा 144 का उल्लंघन कर रहे है। ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेलों में ठूंस दिया जाना चाहिए क्योंकि ये लातों के भूत है जो बातों से नहीं मानने वाले। दरअसल भारत में कोरोना का कहर ऐसे बेवकूफों के कारण ही टूटा है जो सरकार द्वारा उठाए गए एहतियाती कदमों का पालन नहीं करते। इटली का उदाहरण सामने है जहां के लोगों ने कोरोना को गंभीरता से नहीं लिया और वहां आज स्थिति यह है कि स्वास्थ्य सुविधा के मामले में दुनिया का नबर दो देश होने के बावजूद इटली में कोरोना से सबसे ज्यादा मौत हुई है। वहीं कोरोना के जनक चीन की सरकार ने सख्त कदम उठाए और इस वजह से वहां हालात लगातार सुधर रहे है। भारत में भी ऐसे ही कड़े कदम उठाने की जरूरत है। देश वासियों को चाहिए कि वे कोरोना को गंभीरता से लें और सरकार का सहयोग करें। अन्यथा यदि भारत में कोरोना स्टेज-3 में पहुंच गया तो इसकी वजह से न जाने कितने लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। यदि कोरोना वायरस गांव कस्बों तक पहुंच गया तो हालात बेकाबू हो जाएंगे। इसलिए जनता को भी जागरूकता का परिचय देना होगा तभी हम कोरोना के कहर से बच पाएंगे।

विचार

भारत जीतेगा कोरोना-युद्ध

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जनता-कर्फ्यू की सफलता अभूतपूर्व और एतिहासिक रही है। पिछले 60-70 साल में मैंने कई भारत बंद देखे हैं और उनमें भाग भी लिया है लेकिन ऐसा भारतबंद पहले कभी नहीं देखा। इस पहल का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो है ही, इस जनता-कर्फ्यू ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि मोदी से बड़ा प्रचारमंत्री पूरी दुनिया में कोई नहीं है। इटली, चीन, स्पेन और अमेरिका में कोरोना से हजारों लोग हताहत हुए लेकिन इन देशों में भी जनता का ऐसा कर्फ्यू कहीं नहीं हुआ। इसका एक कारण यह भी है कि लोगों के दिल में मौत का डर गहरे में बैठ गया है, वैसा शायद कहीं नहीं फैला है। इसके अलावा भारत की केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारें भी जबर्दस्त मुस्तैदी दिखा रही हैं। यदि अगले 15 दिन ठीक-ठाक निकल गए तो भारत की यह मुस्तैदी सारी दुनिया के लिए एक मिसाल बन जाएगी। इस जनता-कर्फ्यू ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि भारत की जनता काफी जिम्मेदार और समझदार है। भारत के 60-70 प्रतिशत मतदाताओं ने मोदी के विरुद्ध मतदान किया है लेकिन एकाध अधकचरे नेता के अलावा देश के 100 प्रतिशत लोगों ने मोदी के आह्वान का सम्मान किया है। मुझे आश्चर्य है कि अभी तक मोदी ने दक्षेस के पड़ौसी राष्ट्रों के नेताओं के साथ इसी तरह का आह्वान करने की बात क्यों नहीं की और अभी तक देश के वंचित वर्ग के लोगों के लिए सीधी आर्थिक सहायता की घोषणा क्यों नहीं की ? मुझे खुशी है कि हमारे सभी प्रमुख टीवी चैनल कोरोना-युद्ध लड़ने के लिए हमारे परमप्रिय बाबा रामदेवजी को योद्धा बनाए हुए हैं। आसन और प्राणायाम के साथ-साथ वायुशोधक औषधियों से हवन करने की प्रेरणा मोदी और रामदेव जनता को क्यों नहीं दे रहे हैं ? अ-हिंदू लोग चाहें तो हवन में वेद मंत्रपाठ करने की बजाय कुरान की आयतें, बाइबिल के पद, त्रिपिटक के सूत्र, जैन-आगम आदि का पाठ कर सकते हैं। विषाणु-निरोधक आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपेथिक दवाइयां लेने में भी कोई हानि नहीं है। इस कोरोना-युद्ध में भारत की विजय सुनिश्चित है।

टेक ज्ञान

लॉकडाउन के वक्त मोबाइल ऐप्स आएंगे काम

पूरी दुनिया में कोरोना वायरस से जंग जारी है। अब लगभग पूरे देश में लॉकडाउन हो गया है। लॉकडाउन के इस समय में लोग घर बैठे हैं और अलग-अलग तरीके से अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं। हममें से अधिकतर लोग आज हर काम के लिए अपने मोबाइल पर निर्भर हैं। सोशल मीडिया पर लोग विडियो और पोस्ट के जरिए बता रहे हैं कि वे कैसे लॉकडाउन के इस कठिन समय में अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

जरूरी है कोरोना के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक

योगेश कुमार गोयल

> सोशल मीडिया पर संदेश फैल रहे हैं कि कोरोना पीड़ित को एंटीबायोटिक दिए जाने चाहिएं। यहां यह जान लेना जरूरी है कि एंटीबायोटिक कोरोना वायरस पर असर नहीं करेगा क्योंकि एंटीबायोटिक का इस्तेमाल बैक्टीरियल इंफैक्शन पर होता है, वायरस जनित बीमारियों में नहीं। लोगों का भ्रम है कि कोरियर अथवा पार्सल के जरिये कोरोना वायरस आ सकता है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसकी संभावना न के बराबर है क्योंकि पार्सल प्रायः कई दिनों अलग-अलग परिस्थितियों और तापमान से गुजरते हैं। एक अफ्वाह यह भी है कि कोरोना वायरस उच्च तापमान में नहीं रह सकता, इसलिए गर्म पानी से स्नान करने से वायरस मर जाता है। सच यह है कि इस वायरस को कम से कम 56 डिग्री सेल्सियस के वातावरण में आधे घंटे तक रखने के बाद ही मारा जा सकता है।

19 मार्च की रात राष्ट्र के नाम अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना संकट को लेकर अपने सम्बोधन में जिस प्रकार देशवासियों से बचाव के लिए स्वयं संयम का संकल्प लेने का आव्हान किया, कम से कम उसके बाद तो देश के हर नागरिक को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि कोरोना के आसन्न खतरे को हल्के में लेना देश के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि अभी यह सोचना ठीक नहीं है कि हम कोरोना से बच गए हैं। इसीलिए उन्होंने देशवासियों से एक हफ्ते का समय मांगते हुए लोगों को इसके बारे में जागरूक करने और 22 मार्च को प्रातः 7 बजे से रात 9 बजे तक देशभर में 'जनता कर्फ्यू' लगाने का आव्हान किया है। इसके अलावा उन्होंने जनता से अपील की है कि अगर जरूरी न हो तो बाकी समय में भी वे घरों से न निकलें। आमतौर पर जब भी कोई प्राकृतिक संकट आता है तो कुछ देशों अथवा राज्यों तक ही सीमित रहता है लेकिन इस बार का संकट ऐसा है, जिसने विश्वभर की पूरी मानव जाति को संकट में डाल दिया है।

कोरोना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीतियों को पूरी दुनिया ने सराहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कोरोना से लड़ने के लिए भारत पहले से ही तैयार था और भारत सरकार ने कोरोना को लेकर कोई भी जानकारी नहीं छिपाई। कुछ अन्य वैश्विक हस्तियों ने भी कहा है कि भारत ने कोरोना से लड़ने के लिए बेहतरीन कार्य किया है और भारत इसके खिलाफ साहसिक तथा निर्णायक कदम उठा रहा है। एक ब्रिटिश पत्रकार ने तो यहां तक कहा है कि कोरोना से निपटने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की समझ अच्छी है जबकि ब्रिटिश सरकार ने अब तक कुछ नहीं किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वीकार किया है कि अभी तक विज्ञान कोरोना महामारी से बचने के लिए कोई निश्चित उपाय नहीं सुझा सका है और न ही इसकी कोई वैक्सीन बन पाई है, इसलिए ऐसी स्थिति में हर किसी की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है क्योंकि भारत जैसे 130 करोड़ की आबादी वाले विकास के लिए प्रयत्नशील देश पर कोरोना का संकट सामान्य बात नहीं है। इसलिए आज जब बड़े-बड़े विकसित देशों में इस महामारी का व्यापक प्रभाव दिख रहा है, ऐसे में भारत पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, यह मानना गलत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी बने कोराना से निश्चिंत हो जाने की सोच सही नहीं है बल्कि प्रत्येक देशवासी को सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया है कि आने वाले समय में सभी देशवासी अपने कर्त्तव्यों और दायित्वों का सही प्रकार से निवर्हन करते रहेंगे। हालांकि उन्होंने साथ ही यह भी कहा है कि ऐसे समय में कुछ कठिनाईयां भी आती हैं और आशंकाओं तथा अफ्वाहों का वातावरण भी पैदा होता है। इसलिए वैश्विक संकट की इस घड़ी में देश के प्रत्येक नागरिक का यह सबसे बड़ा दायित्व है कि वह कोरोना को लेकर किसी भी प्रकार की अफ्वाह फैलाने या संशय की

स्थिति उत्पन्न करने में सहभागी न बने। विशेषकर सोशल मीडिया के जरिये कोरोना को लेकर बहुत सारी अफ्वाहें फैलाई जा रही हैं, जिससे कोरोना को लेकर बहुत सारे लोगों के मन में भ्रम की स्थिति बनी है। एक ओर जहां दुनियाभर के तमाम विशेषज्ञ चीख-चीखकर कह रहे हैं कि कोरोना की अभी तक कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है और इसका कोई इलाज नहीं है, वहीं सोशल मीडिया पर लोग इसके कारगर इलाज के तौर पर अजीबोगरीब नुस्खे पेश कर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

कोई करेले का जूस पीने से कोरोना वायरस महज दो घंटे में लुप्त हो जाने का दावा करते हुए इस संदेश को तेजी से वायरल करने को कह कर रहा है तो कोई गौमूत्र के सेवन से कोरोना से बचने की सलाह दे रहा है। इसी प्रकार कुछ लोग लहसुन, प्याज, गर्म पानी, विटामिन सी, स्टेरॉयड, शराब इत्यादि के जरिये कोरोना को भगाने की उलजुलूल सलाह दे रहे हैं। नोवेल कोरोना वायरस निमोनिया श्वसन संबंधी रोग है और कोरोना वायरस को 75 प्रतिशत अल्कोहल छिड़कने तथा उससे साफकरने से ही मारा जा सकता है, शराब पीकर नहीं। आज के समय में सोशल मीडिया पर फैलती अफ्वाहों पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाए जाने की सख्त जरूरत है, साथ ही कोरोना से जुड़े मिथक और तथ्य जानने की भी आवश्यकता है। कोरोना सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में बदल चुका है, ऐसे में हमें स्वयं समझदारी का परिचय देना चाहिए क्योंकि कई बार गलत सूचनाओं के कारण समाज में दहशत का माहौल भी बन जाता है। प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि देश को कोरोना के बड़े खतरे से बचाने के लिए ऐसी अफ्वाहों से बचते हुए केवल सरकार तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का ही पालन किया जाए। बेहतर होगा कि कोरोना को लेकर बेतुके जोक बनाने और फारवर्ड करने के बजाय लोगों को जागरूक करने के लिए संदेश भेजे जाएं ताकि लोग कोरोना को लेकर हर वो जरूरी बातें जान सकें तो आज के समय में हर किसी के लिए जानना जरूरी है। लोगों के बीच कोरोना को लेकर व्याप्त भ्रम की स्थिति दूर करने के लिए ऐसे ही मिथक और तथ्यों के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया जाना अत्यंत जरूरी है।

सबसे बड़ा मिथक है कि कोरोना से बचने के लिए मास्क लगाना जरूरी है लेकिन तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि अगर आप कोरोना से संक्रमित नहीं हैं तो आपको मास्क लगाने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। मास्क केवल तभी जरूरी है, जब कोरोना संक्रमण के लक्षण नजर आ रहे हों। अगर किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल कर रहे हैं या उसके सम्पर्क में हैं तो डिस्पोजेबल मास्क का उपयोग करें। कुछ लोगों का दावा है कि गिलोय, तुलसी, अदरक, हल्दी, नींबू इत्यादि के प्रयोग से कोरोना से बचा जा सकता है। सच यह है कि इनसे कोरोना से बचना संभव नहीं है, हां, इनसे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता अवश्य बढ़ाई जा सकती है। कुछ आयुर्वेदिक और देशी उपचारों के जरिये कोरोना के ठीक होने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन ऐसे दावों में कोई दम नहीं है। जरूरी है कि कोरोना संक्रमण के लक्षण नजर आते ही डॉक्टर से सम्पर्क किया जाए। डॉक्टर की सलाह के बिना उपचार करना खतरनाक हो सकता है। कोरोना को लेकर कुछ लोगों में मन में भ्रम है कि पालतू जानवरों से कोरोना फैल सकता है लेकिन अभी तक दुनियाभर में महामारी बन चुके कोरोना का एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है, इसलिए यह भ्रम भी सही नहीं है। अफ्वाह फैलाई जा रही हैं कि मांसाहार से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है लेकिन इसकी अभी तक कहीं भी पुष्टि नहीं हुई है, हां, मांसाहार के समय सुरक्षा बेहद जरूरी है।

अंदरूनी गुटबाजी कमलनाथ सरकार को ले डुबी

सिंधिया की नाराजगी कांग्रेस को भारी पड़ी

एल एस हरदेनिया

> मध्य प्रदेश में पिछले दो सप्ताह में जो कुछ भी हुआ, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अवमूल्यन में एक नया अध्याय है ... मैं नए मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। मध्य प्रदेश के विकास के लिए उन्हें हमेशा मेरा समर्थन मिलेगा। नाथ के इस्तीफा देते ही भाजपा खेमे में जश्न मच गया। अगर कोई सरकार उनके आंतरिक संघर्ष के कारण गिरती है, तो हम कुछ नहीं कर सकते। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि आप देख सकते हैं कि हम सरकार गिराने या सरकार बनाने के खेल में नहीं थे। सिंधिया ने ट्वीट किया, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि राजनीति को जनसेवा का माध्यम होना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार इस रास्ते से भटक गई थी।

कमल नाथ सरकार के पतन का कारण बने कारकों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम ऑपरेशन जारी है। विभिन्न कारकों को सूचीबद्ध किया जा रहा है, हालांकि कई लोगों को लगता है कि महीनों पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को खोदने का मन बना लिया था। कुछ सकारात्मक कदमों से उस त्रासदी को रोका जा सकता था। मीडिया के एक वर्ग द्वारा उल्लेख किए जा रहे कारकों में से एक यह है कि कमलनाथ मंत्रियों और विधायकों सहित सामान्य रूप से सत्ताधारी दल के लोगों और नेताओं के साथ तालमेल स्थापित करने में विफल रहे।

आम शिकायत थी कि सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों द्वारा उठाई गई समस्याएं अनसुलझी हैं। कमलनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। कई विधायक सार्वजनिक रूप से शिकायत कर रहे थे कि सरकारी अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते। कांग्रेस ने अपने 'वचन पत्र' में कई कल्याणकारी और नीतिगत उपायों का वादा किया, लेकिन उनमें से अधिकांश अधूरे रह गए। सबसे महत्वपूर्ण विफलता यह थी कि उन्होंने भाजपा के मजबूत आधार को कमजोर करने के लिए कदम नहीं उठाए जो उसने अपने शासन के 15 वर्षों के दौरान बनाए थे। उदाहरण के लिए, भाजपा सरकार ने आरएसएस के कार्यकलापों में अपनी भागीदारी को रोकने वाले सरकारी सेवकों पर लगे पुराने प्रतिबंध को हटा दिया था। वह मीसा बंदियों को दी जा रही पेंशन को रोकने में भी विफल रही। व्यापम घोटाले के दोषियों को दंडित करने के लिए त्वरित कदम नहीं उठाए गए। घोटाले में कई शक्तिशाली भाजपा नेताओं को दोषी पाया गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ भी आरोप लगाते हुए उंगली उठाई गई। सिंह ने सिंधिया परिवार को ही प्रतिद्वंद्वी माना। दिग्विजय सिंह का 'मिनी-स्टेट' ब्रिटिश राज के दौरान सिंधिया साम्राज्य का हिस्सा था। जब माधव राव सिंधिया जीवित थे, तब भी उनकी प्रतिद्वंद्विता दिखाई दे रही थी। नवंबर 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह प्रतिद्वंद्विता नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस बात से इनकार

नहीं किया जा सकता है कि यह कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के संयुक्त प्रयासों के कारण था कि 15 साल बाद कांग्रेस सत्ता में वापस आई। सिंधिया की शिकायत थी कि जीत की फल कमलनाथ और दिग्विजय सिंह द्वारा साझा किया जा रहा था।

वह उम्मीद कर रहे थे कि उन्हें राज्य कांग्रेस अध्यक्ष का पद मिले, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था। हालाँकि उनके अनुयायियों को मंत्री पद दिए गए थे, लेकिन उन्होंने सोचा कि यह पर्याप्त नहीं था। एक अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर 'वचन पत्र' में किए गए वादे पूरे नहीं हुए तो वह सड़क पर उतरेंगे। कमलनाथ ने गुस्से भरे लहजे में जवाब दिया ÷अगर वह सड़क पर जाना चाहते हैं तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।

यह उनके लिए कांग्रेस को अलविदा कहने के संदर्भ में सोचने के लिए पर्याप्त था और धीरे-धीरे उन्होंने संकेत देना शुरू कर दिया कि वे कांग्रेस छोड़ सकते हैं। पहला संकेत तब आया जब उन्होंने जम्मू और कश्मीर में धारा 370 को हटाने का समर्थन किया। फिर उन्होंने सीएए का भी समर्थन किया। मंत्रालय में उनके अनुयायियों ने भी विद्रोही स्वर में बात करना शुरू कर दिया और एक दिन अचानक पता चला कि मंत्रियों सहित उनके अनुयायियों ने बेंगलुरु में शरण ली है। फिर घोषणा हुई कि सिंधिया के प्रति वफादार मंत्री इस्तीफा दे रहे थे और वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे थे। भाजपा ने उनका स्वागत किया और नाथ सरकार को उखाड़ फेंकने की पहल की। कांग्रेस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए ठोस प्रयास किए गए, लेकिन वे व्यर्थ साबित हुए। लेकिन कमलनाथ ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। अपने इस्तीफे को सौंपने के लिए राजभवन जाने से पहले कमलनाथ ने मीडिया से कहा, ÷एक महाराजा और उनके 22 साथियों ने भाजपा के साथ मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की। राज्य से गद्दारी करने वाले इन लालची व्यक्तियों को लोग कभी माफनहीं करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट आदेश के साथ दोपहर करीब 1.15 बजे, सीएम का काफिला राजभवन में घुसा, जहाँ नाथ ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। ÷40 साल के सार्वजनिक जीवन में, मैंने हमेशा स्वच्छता की राजनीति की है और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता दी है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो डरा वो मरा

कहते हैं जो डरा वो मरा तो कोरोना से डर कर अपना वीपी न

बढाएं, सुरक्षित रहने के उपाय अपनाएं, जरुरत पड़ने पर दूसरों की मदद करें 7यह आपकी समझ हिम्मत इंसानियत और इच्छा शक्ति के परीक्षण का भी समय है तो इंसानियत को हर हाल में जिंदा रखे 7 याद रखे डर के आगे जीत है।

– गीता कैथल

बेशक आप अच्छे पत्रकार

बेशक आप अच्छे पत्रकार, शिक्षक, लेखक, इंजीनियर या

अन्य व्यवसाय करने वाले हैं। लेकिन अब अच्छे इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनने का वक्त आ गया है। इसलिए कृपया कोरोना वायरस से लड़ने में मदद कीजिए और शासन-प्रशासन की बात मानिए।

संजीव गुप्ता

खास पाती | कोरोना के कहर से जग में

कोरोना के कहर से , जग में हाहाकार। सर्दी ,खाँसी, छींक से,पाता यह विस्तार। पाता यह विस्तार, बीमारी आई भारी। कैसे हो कल्याण ,विचारे दुनिया सारी। समझो मेरी बात, न मुश्किल इसको ढ़ोना। करो नहीं कुछ चूक, डरेगा खुद कोरोना। मांसाहारी चीन से, फैला है यह रोग रुधिर पान ऐसा किया, छोड़ा नहीं निरोग। छोड़ा नहीं निरोग, ग्रसित इससे जग सारा। ढूँढ़ रहा उपचार, बचा कब देश हमारा। सुन 'रजनी' की बात, बचो बन शाकाहारी। जीवों का अभिशाप, बना है मांसाहारी। कोरोना संकट नहीं , क्यों दिखते भयभीत। हाथ मिलाना छोड़कर ,बचो संक्रमण रीत। बचो संक्रमण रीत, मदद करने की ठानो। करो सुरक्षा आप ,भयावह इसे न मानो। कह 'रजनी'समझाय, नहीं यह जादू-टोना। तापमान का तेज़ , मिटाता यह कोरोना। - डॉ. रजनी अग्रवाल

तेरे ख्बाबो में आ कर देखूँ क्या

तेरे ख्बाबो में आ कर देखूँ क्या तुझे नींद से जगा कर देखूँ क्या तेरी ये सूनी मांग अच्छी नहीं लगती इस मांग में चांद तारें सजा कर देखूँ क्या तुम मेरी किस्मत में हो या नहीं हो एक बार किस्मत आजमा कर देखूँ क्या तेरी मेरी धड़कन एक ही है शायद एक बार सीने से लगा कर देखूँ क्या मेरी आंखों में जमाने से कैद है समुंदर एक बार आंसू बहा कर देखूँ क्या। **कवि दिनेश भोपाली**

मिली राहत बड़ी दिन के खोए चैन

मिली राहत बड़ी दिन के खोए चैन रातों की उड़ी नींदों को आज बोर्ड परीक्षा खत्म होने के साथ÷ पर हर तरफबंद के चलते हुए सब प्लेन कैंसल कहीं भी जाने के सबके बच्चे भी हुए मजबूर रहने को घर ही। - **मीनाक्षी सुकुमारन**

अच्छाई की बुराई पर ये जंग है

अच्छाई की बुराई पर ये जंग है जनता है सरकार के साथ मगर क्या ,सरकार जनता के संग है ? बाजार बन्द दिहाड़ी लोगो के पैसों से होंगे वो अब तंग है कैसे करेंगे गुजर बसर वो बंद आदेश सुन वो सब दंग हैं हो ध्यान कोई मरे न भूख से आदेश क्योंकि ये बेढंग है बचाव और ध्यान रखें सभी का लगे न कि,आदेश से कोई तंग है। - **संत आर थवाईत**

तन्हाइयों से लड़कर समेटा है ख़्वाबों

तन्हाइयों से लड़कर समेटा है ख़्वाबों को डोर थामी अरमानों की बांधा मन्नत के धागों को बिखेर केसरी शाम दहलीज़ पर जलाया उम्मीदों के दियो को इबादत के लम्हें थामकर आवाज़ दी है मुहब्बत को जज्बातों के नीड से अब ख्वाहिशों के परिंदों को साथ ले सुनो ...कुछ देर मेरे पास रहो न।- **प्रिया वाच्छानी**

करे विश्राम जब ह्रदय न होकर



करे विश्राम जब ह्रदय न होकर के आना आकुल गहे विकल हो मौत भी जब न सुनकर के होना व्याकुल रह जायेंगे कुछ पीछे सपने पड़ जायेंगे कुछ फीके अपने रहेगा पद वही न सम्मान भी छूट जायेगा बनाया जो हमने। - **मधुलिका शुक्ला**

जीतेगा हिंदुस्तान,कोरोना से जंग

जीतेगा हिंदुस्तान,कोरोना से जंग अगर प्रशासन संग में,जनता होगी संग जनता होगी संग,करेगी समस्त उपाय जो बचाव के लिए,गए है हमें सुझाए ना फैले अफ्वाह,समय यह भी बीतेगा सूझबूझ से आपके,हिंदुस्तान जीतेगा ! - **कवि सुनिल नील**

QUIZ TIME

1) उस ऐप्प का नाम बताइए जो दृष्टिबाधितों को मुद्रा नोटों को पहचानने में मदद करेगा?
2) ब्रिटिश सरकार के कौन-से चार्टर ऐक्ट से बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया?
3) फीफा कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय कौन बन गए है?
4) आहार नली की सबसे बाहरी परत कहलाती है-
(क) सिरोसा (ख) मस्कुलैरिस (ग) म्युकोसा (घ) ल्युमेन
5) किस देश ने दुनिया की पहली महिला ए1 न्यूज एंकर बनाई? (जर्मनी / चीन)



उत्तरमाला- (1) रोशनी (2) 1833 का चार्टर ऐक्ट (3) प्रफुल्ल पटेल (4) मस्कुलैरिस (5) चीन

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1720 - एस्टेट्स के रिक्सेसग्रेड ने फ्रेडरिक प्रथम को स्वीडन का राजा बनाया गया। 1721 - जोहान सेबस्टियन बाख के ब्रेंडेनबर्ग कॉन्सर्टो को ब्रेंडेनबर्ग-श्वाइट के ईसाई लुडविग को समर्पित किया गया। 1731 - जेरोम (उर्फ हेरोनिमुस) डी सलिस संसदीय अधिनियम को अंग्रेजों के अनुसार बनाया गया। 1828 - फिलाडेल्फिया और कोलंबिया रेलवे (स्वामित्व वाला पहला राज्य) अधिकृत किया गया। 1837 - कनाडा में अश्वेत नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया। 1855 - कलकत्ता (अब कोलकाता) से दिल्ली के बीच पहली बार टेलीग्राफसे लंबी दूरी का संदेश भेजा गया। 1868 - मेट्रोपॉलिटन लाइफइंश्योरेंस कंपनी का गठन किया गया।

जनता कर्फ्यू के बीच सिख की बेटी ने यात्रियों और तैनात पुलिसकर्मियों को खिलाई रोटी

कोंडागाँव। जिला मुख्यालय में जनता कर्फ्यु के बीच सन्नाटा पसरा हुआ है ।आम जनता अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने अपने घरों में रह कर पूरी तरह जानता कर्फ्यु का समर्थन कर रहे रही है।

वहीं इन सब के बीच सिख्ख परिवार की बेटी हर्षमन कौर आहूजा अपने पिता के साथ शहर में जगह जगह दूर दराज से आये यात्री जिन्हें बस नही मिल पाई है जो कल रात से भूखे प्यासे चौक चौराहे पर बैठे है साथ ही जो पुलिसकर्मि ड्यूटी में तैनात व लगातार डियूटी पर हैं, उन्हें बाकायदा हैंड वास से हाथ धुला कर रोटी सब्जी खिला रही हैं।साथ सेनिटाइजर मास्क भी उन्हें उपलब्ध करा कर सफाई की जानकारी भी दी जा रही है।

ऐसे ही हरियाणा से आये दो भाई मोहम्मद तारिक व उसका छोटा भाई जिन्हें उड़िसा जाना था पेशे से जेसीबी ड्राइवर हैं उसने इस बेटी का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि हम कल से भूखे थे ।धन्यवाद करते हैं इस बिटिया का। सिख्ख परिवार की इस बिटिया का कहना है कि आज जब हम अपने लिये हम अच्छा सोचते है तो फिर दूसरों को लिये भी अच्छा सोंचे हमारे गुरु ने हमें यही संदेश दिया है इस लिऐ मैं और मेरे पापा आज इस सेवा में लगे हुऐ हैं। इस युवती से प्रेरणा ले और भी कई लोग इस मुहिम में शामिल हो अपना योगदान दे रहें हैं जिसके चलते कोई चाय बिस्किट तो कोई मास्क और सेनेटाइजर लोगो को उपलब्ध करावा रहा है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने नवीन सब्जी बाजार स्थल का किया अवलोकन

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी के दिशानिर्देश पर नगर पंचायत के प्रयासों से पेंड्रा नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे लगने वाले सब्जी बाजार को नवीन स्थल पर शिफ्ट किया गया है। कलेक्टर ने नवीन सब्जी बाजार स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सब्जी बाजार हेतु नए बस स्टैंड के समीप निर्धारित स्थल नियत होने से सब्जी विक्रेताओं और क्रेताओं को सब्जी बेचने और खरीदने में आसानी होगी। उन्होंने सब्जी विक्रताओं को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए जागरूक किया और सब्जी बाजार में व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु यह आवश्यक है कि सभी एक दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखें जिस से खतरनाक संक्रामक रोगों के संक्रमण से बचा जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री मंयक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कोरोना खतरे को देखते हुए हाईकोर्ट ने 30 से ज्यादा जमानत अर्जियां मंजूर की

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पिछले दो दिनों के भीतर 30 से अधिक जमानत अर्जियों को कोरोना वायरस के बढ़ते खतरों को देखते हुए स्वीकार कर लिया है। अभियुक्तों को जमानत देते हुए उन्हें हिदायत भी दी गई है कि वे कोरोना वायरस से सुरक्षित रहने के लिए शासन की गाइडलाइन का न केवल पालन करेंगे बल्कि लोगों को इसके लिये जागरूक भी करें। हाईकोर्ट में इन दिनों सिर्फबहुत जरूरी मामलों तथा जमानत याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। जमानत अर्जियों की सुनवाई कई अलग-अलग बेंचों में की जा रही है ताकि इन पर जल्दी फैसला लिया जा सके। जस्टिस प्रशांत मिश्रा की कोर्ट में दायर की गई बीते दो कार्यदिवसों में इनमें 30 की जमानत याचिका स्वीकार कर ली गई। अपने फैसले में जस्टिस मिश्रा ने कहा है कि कोरोना वायरस के दुनियाभर में फैलाव और देश में भी महामारी फैलने के खतते को देखते हुए अभूतपूर्व स्थितियां पैदा हो गई है। इसके चलते अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में इन अभियुक्तों के मुकदमों की सुनवाई में विलम्ब हो सकता है।

बेवजह घमने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, वाहन भी जब्त

बिलासपुर । लॉक डाउन के बावजूद कई लोग शौकिया सड़कों पर बंद देखने निकल रहे हैं ,जिनको हतोत्साहित करने पुलिस तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। ऐसे लोगों को जलील करने से भी पुलिस गुरेज नहीं कर रही। बिलासपुर में लॉक डाउन के तहत कई व्यवसायों को छूट मिली हुई है लेकिन बताया जा रहा है कि सड़क पर गश्त कर रही पुलिस अधिकार दुकानों को जबरन बंद करा रही है । इससे वह दुकानदार भी नाराज हैं जिनका दावा है कि उन्हें इस बंद से छूट दी गई है वहीं सड़क पर बिना कारण घूमने वालों को भी हतोत्साहित करने पुलिस लगातार उनके खिलाफकार्यवाही करते हुए उनके दुपहिया और चार पहिया वाहनों को जप्त कर रही है। इससे भी वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके अलावा पुलिस शहर में बेवजह घूमने वालों को जलील करने उनके सामने प्ले कार्ड रखकर फोटो भी खींच रही है। बिलासपुर पुलिस लगातार सड़कों पर घूम घूम कर दुकानों को बंद करा रही है वहीं सड़क पर घूम रहे लोगों के खिलाफभी कार्यवाही कर उन्हें घर में रहने की हिदायत दे रही है। कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए पुलिस के सख्त कदमों का कहीं-कहीं विरोध भी हो रहा है लेकिन यह संकट है ही इतनी बड़ी कि इससे निपटने के लिए ऐसी सख्ती अनिवार्य भी है।

राशन दुकानें, मेडिकल और जनरल स्टोर नियमित रूप से खुलेंगे

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने निर्देशित किया है कि राशन दुकान, मेडिकल स्टोर और जनरल स्टोर सुचारू रूप से नियमित खुलेंगे, ताकि लोगों को दैनिक आवश्यकताओं की सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि वो किसी किस्म की अफ्वाहों पर भरोसा ना करें और दुकानों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ करने से बचें। उन्होंने कहा है कि सिर्फ गैर जरूरी दुकानें ही बंद रहेंगी। राशन, मेडिकल स्टोर, एवं अन्य जरूरी दुकानों पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कोई भी इस तरह की अफ्वाह फैलाए, या कोई भी दुकानदार सामान्य दामों से ज्यादा कीमत मांगे तो कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही होगी।

ट्रेनों के पहिए थमने के बाद रेलवे स्टेशन पर पसरा है सन्नाटा

■ **टिकट वापसी के लिए पहुंच रहे छुटपुट यात्री**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । रेलवे को भारत की जीवन रेखा कहा जाता है जो अनवरत 24 घंटे दौड़ती रहती है, लेकिन कोरोनावायरस ने रेलवे के पहिए पर भी ब्रेक लगा दिया है। आगामी 31 मार्च तक के लिए सभी यात्री गाड़ियों की सेवा बंद कर दी गई है। जिसके बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है । हालांकि यहां छुटपुट यात्री अपनी टिकट और रिजर्वेशन कैंसिल कराने जरूर आ रहे हैं। इसके अलावा यहां दूर-दूर तक कोई यात्री नजर नहीं आ रहा है। कुछ एक रेलकर्मी जरूर अपनी ड्यूटी पर तैनात है

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर भले ही यात्रिओ की आवाजाही बंद हो चुकी है लेकिन अब भी सतर्कता बरतते हुए लेजर थर्मल मीटर से लोगों की जांच की नियमित जा रही है । रेलवे अधिकारी ने बताया कि 31 मार्च तक सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है जिसमें पैसेंजर एक्सप्रेस मेल और स्पेशल ट्रेनों के साथ मेट्रो ट्रेन भी शामिल है ।जो यात्री जहां ठहर गए हैं उन्हें वही अपना ठिकाना बनाना होगा। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर अभी एहतियात के तौर पर लगातार सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया की जा रही है ।सभी रेल कर्मचारी मुंह पर मास्क लगाकर काम कर रहे हैं। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ऐसे नजारे लोगों ने पहले कभी नहीं देखे । इधर रेलवे यात्री सुविधा बंद हो जाने के बाद लोग सड़क मार्ग से अपने ठिकानों पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

युवती के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर वायरल होते ही मचा हड़कंप

■ **मजाक में भाई ने ही बनाई थी फेक न्यूज़**

बिलासपुर । इस वक्त कोरोना वायरस को लेकर दुनिया भर में कोहराम मचा हुआ है उसी दौरान बिलासपुर में एक हैरान करने वाली खबर आई । एक युवक ने मजाक मजाक में सोशल साइट पर एक ऐसा वीडियो वायरल कर दिया जिसके बाद बिलासपुर में तहलका मच गया ।असल में कुदुदंड 27 खोली में रहने वाली युवती 3 दिनों पहले बुल्गारिया से भारत लौटी है । नियमानुसार उसे आइसोलेशन में रखा गया है। इसी दौरान कथित समाज सेविका के ही रिश्ते में भाई ने एक वीडियो एडिट कर अपनी ही बहन की तस्वीर लगा कर यह खबर वायरल कर दी कि बिलासपुर 27 खोली में कोरोना का एक पॉजिटिव मरीज मिला है। यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पूरे बिलासपुर में हड़कंप मच गया ।जांच में पता चला कि भाई बहन ने आपसी खेल खेल और मजाक में ऐसा किया था लेकिन उनका मजाक अब उन्हीं पर भारी पड़ता दिख रहा है। इस मामले में पीड़ित युवती की ओर से सिविल लाइन थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है वहीं पुलिस भी इस मामले को गंभीरता से ले रही है। पुलिस ने कहा है कि यह वक्त इस तरह मजाक करने का नहीं है और इस तरह गैर जिम्मेदाराना हरकत करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस तरह की भ्रामक खबरों को प्रचारित और प्रसारित करने का हिस्सा ना बने।

कोरोना के साथ जंग, सिम्स में कोरोना वार्ड के साथ बनाया गया आइसोलेशन रूम

■ **मरीजों की जांच में भी बरती जा रही सावधानी**

बिलासपुर । कोरोना वायरस के साथ जंग में जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह जुटा हुआ है।बिलासपुर में जिला अस्पताल, अपोलो और सिम्स में इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। छुट्टी के बाद एक बार फिर सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज सिम्स में इलाज के लिए पहुंचे। जहां पहले से ही आईसीसीयू वार्ड को कोरोना वार्ड में तब्दील कर दिया गया है ।जहां 5 पुरुष और 5 महिलाओं के लिए बिस्तर की व्यवस्था की गई है ।वही अब आइसोलेशन के लिए सिम्स के ऊपरी मंजिल पर मौजूद 10 पेइंग वार्ड के कमरों को भी खाली कराकर आइसोलेशन वार्ड बनाया जा रहा है । यहां चिकित्सक और अन्य मेडिकल स्टाफ 24 घंटे अपनी सेवाएं दे रहे है । सिम्स में रात में भी ओपीडी खुली हुई है। कभी भी, कोई भी मरीज यहां इलाज कराने पहुंच सकता है। 17 मार्च से लेकर 22 मार्च तक 574 मरीजों ने अपनी जांच कराई तो वहीं सोमवार को लगभग 300 मरीज यहां जांच के लिए पहुंचे। राहत की खबर यह है कि अभी तक सिम्स में कोरोना का कोई भी पॉजिटिव या संदिग्ध मरीज सामने नहीं आया है। सिम्स प्रबंधन और चिकित्सक लगातार लोगों को आगाह कर रहे हैं कि जरा सभी संदेह होने पर वे चिकित्सक से जरूर संपर्क कर अपनी जांच कराए।

वहीं उन्होंने उन सभी से निवेदन किया है जो विदेश या अन्य शहरों से बिलासपुर लौटे हैं। उन से निवेदन किया गया है कि वे अनिवार्य रूप से अपनी जांच करा कर तय समय सीमा तक आइसोलेशन में रहे। बिलासपुर का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के साथ लड़ाई में पूरी तरह मुस्तैद है और लगातार संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है। यहां अब तक जांच के लिए पहुंचे अधिकांश मरीजों में सर्दी, खांसी बुखार के ही लक्षण मिले हैं, जिन्हें आवश्यक दवाएं और हिदायत दी गई है। वहीं बाहर से आने वाले और कुछ संदेही मरीजों को आइसोलेशन में भी रखने की तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दे रहा है कि वे स्वयं या फिर हेल्पलाइन नंबर की मदद से कभी भी जांच और इलाज के लिए सिम्स आ सकते हैं ।वही ओपीडी में भी मरीजों के बीच एक एक मीटर का अंतर रखा जा रहा है । सोमवार को यहां मौजूद 6 चिकित्सक लगातार अपनी सेवाएं देते रहे।

आईजी और एएसपी उतरे मैदान में, किया कोरोना के प्रति सतर्क

बिलासपुर । पिछले चौबिस घण्टे की समझाइश के बाद लाकडाऊन के दूसरे दिन बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपांशु काबरा भी जनता को समझाने मैदान में उतर चुके हैं। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने भी मोर्चा संभाल लिया है। आईजी के निर्देश पर विशेष रणनीति के तहत टीआई एडिशनल एसपी और सीएसपी के साथ डीएसपी स्तर के आला पुलिस अधिकारियों को जन जागरूक की जिम्मेदारी दी गयी है।

बिलासपुर पुलिस रेंज प्रमुख दीपांशु काबरा पूरी टीम के साथ अब मैदान में है। साथ में पुलिस कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने भी मोर्चा संभाल लिया है। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कोरोना से बचने और धारा 144 के उद्देश्यों को बता रहे है । सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर पुलिस ने जनता को जागरूक करते हुए समुह में नहीं रहने के अलावा एक दूसरे से निश्चित दूरी बनाकर रखने का संदेश दिया है

जानकारी हो कि जिला प्रशासन ने कोरोना के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च तक जिले में धारा 144 लागू किया है। इसी क्रम में एक दिन पहले बिलासपुर जिला में लाकडाउन किया गया। लेकिन दूसरे दिन शहर सामान्य दिनों की तरह चहल कदमी करने लगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी दीपांशु काबारा ने पुलिस कप्तान के साथ लोगों को कोरोना से दूर रखने की रणनीतियों पर विचार विमर्श किया। सोमवार को जिले की पुलिस टीम को मैदान में उतरा है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के कोने कोने तक पहुंचकर फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है।

आईजी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दीपांशु काबरा के निर्देश पर शहर और जिले के सभी थानेदारों को कड़ाई के साथ धारा 144 लागू करने को कहा गया है। साथ ही क्षेत्र में थाना के जवानों के साथ गश्त तेज करने की बात कही गयी है। खुद आईजी ने मोर्चा संभालते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों और थानों का भ्रमण किया है।

पुलिस कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि लाकडाउन के दुसरे दिन लोगों ने भारी लापरवाही की है। जबकि ऐसा होना नहीं चाहिए था। यह जानते हुए भी कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही धारा 144 लागू किया गया है। लेकिन लोग आम दिनों की तरह बाजार में नजर आ रहे हैं। जबकि कोरोना का खतरा बढ़ चुका है।

प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि आईजी के निर्देश पर थानावार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। लोगों को कड़ाई के साथ घर में रहने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने दी गयी है। फ्लैग मार्च में एडिश्नल एसपी समेत सीएसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारियों को लोगों पर कड़ी नजर रखने की सलाह दी गयी है।

सावधान: फिजूल में घर से नहीं निकलें

पुलिस कर रही पूछताछ, कोतवाली थाने के सामने हो रही जांच

■ **जनता कर्फ्यू के दूसरे दिन व्यापारिक संस्थाने बंद,पुलिस बंद कर रही दुकानें**

बिलासपुर । रविवार को जनता कर्फ्यू के लिए शहर की जनता ने पूरा साथ दिया और अभूतपूर्व बंद रहा मगर सोमवार को लोग बाहर निकले तो पुलिस की पूछताछ के सामना करना पड़ा । शहर की दुकाने दूसरे दिन भी या बंद है या फिर पुलिस बंद करवा रही है । सड़को पर कल जैसी वीरानी तो नही है मगर सड़को पर निकलने के लिए पुलिस की अघोषित तौर पर अनुमति लेनी पड़ेगी । पुलिस दूसरे दिन सख्ती से पेश आ रही है और लोगो को घर जाने के लिए कह रही है । मेडिकल स्टोर्स में भीड़ जरूर दिख रही है ।

कोरोना वायरस से जारी जंग के तहत बिलासपुर में भी लॉक डाउन घोषित कर दिया गया है ।रविवार के जनता कर्फ्यू के बाद लोगों को उम्मीद थी कि सोमवार का दिन सामान्य रहेगा लेकिन लॉक डाउन घोषित होने से अब भी शहर में कर्फ्यू जैसे ही हालात है। हालांकि कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में आम जनता को समस्या ना हो इसे ध्यान में रखकर कई क्षेत्रों को लॉक डाउन से राहत दी गई है, जिसमें सब्जी ,फल, डेरी बेकरी, किराना, राशन बिजली-पानी ट्रांसपोर्ट आदि शामिल है लेकिन बावजूद इसके पूरे शहर में सख्ती नजर आ रही है । अपने काम से या फिर खरीदारी के लिए घर से निकले लोगों को पर भी पुलिस डंडे बरसा कर उन्हें वापस घर भेज रही है । इस बीच कई दुकान संचालकों के साथ भी सख्ती बरतने की खबरें आई है। यहां तक कि जिन दुकानों को लॉक डाउन से छूट मिली है, प्रदेश की पुलिस उन्हें भी खुलने नहीं दे रही है। सड़क पर गश्त कर रही पुलिस अति उत्साह में शायद कलेक्टर के आदेश की भी अनदेखी कर रही है ।

रेलवे क्षेत्र में बारह खोली चौक पर स्थित डेली नीड्स की दुकान पर भी इसी तरह की सख्ती की गई। । इसी तरह तोरवा क्षेत्र की कुछ किराना दुकानों को भी बंद कराने पुलिस पहुंची थी।

सब मानते हैं कि कोरोनावायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंस जरूरी है लेकिन लॉक डाउन के दौरान प्रदेश में हाहाकार ना बचे इसी के मद्देनजर अति आवश्यक सामानों को राहत दी गई है । मगर सोमवार को जिस तरह की परिस्थिति उत्पन्न हो रही है इसके चलते लोग डरे और सहमे हैं ।कुछ दिनों पहले जिस तरह से लोग राशन और अन्य वस्तुओं का संग्रहण कर रहे थे उसे अब लोग सही ठहराने लगे हैं। जिन्होंने ऐसा नहीं किया वे पछताते भी देखे जा रहे हैं ।जरूरी है कि जिला प्रशासन ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करें और सड़क पर गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों को हिदायत दे कि किन किन दुकानों को खुलने की छूट है, जिन्हें जबरन बंद न कराया जाए, ताकि शहर में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न ना हो।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, मुंगेली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 02

ज्ञा.क्र. 1648/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2020 मुंगेली, दिनांक 18/03/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	जोनल निविदा वि.खं. मुंगेली जिला मुंगेली अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य यथा रोड, भवन, क्रांकीट कार्य आदि प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अंतर्गत **(आनलाईन निविदा सिस्टम क्रमांक 62346)**	40.00	06/04/2020

2 उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- मुंगेली

जी-78131/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्रमांक .../व.ले.लि./ बिलासपुर, दिनांक ...

निविदा सूचना क्रं. 16/व.ले.लि./2019-20 दिनांक 01.02.2020 निविदा सिस्टम क्रं. 60461 (प्रथम आमंत्रण) खारंग जलाशय सैंच्य क्षेत्र के विकसित 3150 हेक्ट. (जल उपभोक्ता संथा बिरकोना, खम्हरिया, गुड़ी एवं खमतराई के अंतर्गत) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों का परिचित कराते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कार्य का निविदा कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है, प्रस्तावित राशि रुपए 1026.83 लाख है, को एकल निविदाकार होने के कारण निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी 765561/दिनांक 05.02.2020

सही/-
कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-78109/5

■ न्यूज गैलरी

क्रेडिट कार्ड से 72 हजार रुपये आहरित

महासमुंद। बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड से 72 हजार रुपये आहरित होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारीडीह का है। पुलिस के मुताबिक ग्राम कोलियारीडीह निवासी दिनेश कुमार रात्रे पिता शत्रुहन रात्रे (21) का एक्सिस बैंक में खाता है। प्रार्थी ने बैंक से क्रेडिट कार्ड लिया है। 19 मार्च दोपहर दो बजे उसके मोबाइल नंबर पर 90905-18792 के मोबाइल धारक ने फोन कर खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड में आठ हजार का छूट मिलना बताया। उन्होंने कहा कि उक्त राशि को खाते में ट्रांसफर करना है । क्रेडिट कार्ड का नंबर व डिटेल मांगा। प्रार्थी ने बैंक का कर्मचारी समझकर उसे कार्ड का डिटेल दिया। कुछ समय बाद खाते से 72 हजार आहरण का मैसेज आया।

ग्रामीणों से लूट, दो बंदी एक फरार

महासमुंद। एनएच- 53 पठानिया ढाबा के पास पुलिस का आदमी बताकर दो ग्रामीण से लूट का मामला सामने आया है। लूट की घटना को तीन लोगों ने अंजाम दिया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित एक युवक को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस के मुताबिक तीनों शनिवार दोपहर एक बजे पठानिया ढाबा के आसपास घूम रहे थे। इसी दौरान दौरान सूनेपन का फायदा उठाकर दो ग्रामीण से मारपीट कर एक मोबाइल व 5 हजार रुपये लूटकर भाग गए थे। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 394, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि लूट के आरोप में बाजारपारा निवासी आकाश यादव पिता मोहन यादव (25) एवं नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरा आरोपी संजय महानंद पिता दीनदयाल महानंद फरार है। पकड़े गए दो लोगों से मोबाइल, 1100 रुपये नकदी व बाइक जब्त की है। मामले की विवेचना कर रहे एएसआई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस आरोपियों को पकडने बाजारपारा में घेराबंदी की और दो लोगों को पकड़ा। जिसमें एक नाबालिग और दूसरा आकाश यादव है। तीसरा आरोपी संजय महानंद पुलिस की गिरफ्त से फरार है।

तिरूपति में फंसे ग्रामीण, वापसी के लिए लगाई गुहार

महासमुंद। नांदगांव पंचायत के 18 लोग कोरोना वायरस के चलते ट्रेन, बस सेवाएं रद्द होने के कारण तिरुपति में फंस गए हैं। उनकी घर वापसी के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए ग्राम पंचायत ने कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि 12 मार्च को ग्राम नांदगांव से तिरुपति बालाजी मंदिर दर्शन करने गए कुल 18 श्रद्धालु तिरुपति में रुके हैं, जिनका ट्रेन रिजर्वेशन घर वापसी के लिए 22 मार्च को था। ट्रेन एवं बस रद्द होने के कारण वहां फंस गए। इससे उन्हें परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है।

देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, रेस्टोरेंट एवं होटल बार 25 तक बंद

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुनील कुमार जैन ने कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं संक्रमण से आमजनों को सुरक्षित रखने के की दृष्टि से आबकारी एक्ट के तहत् महासमुंद जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें एवम महासमुंद जिले के भण्डागारों तथा रेस्टोरेंट एवं होटल बार को 23 से 25 मार्च तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

नागरिकों से घरों में बने रहने तथा भीड़-भाड़ से बचने की अपील

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुनील कुमार जैन ने कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए 22 मार्च 2020 को जनता कर्फ्यू के दौरान जनता द्वारा किये जा रहे स्वस्फूर्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और उनके सहयोग की सराहना की है। कलेक्टर ने जनता कर्फ्यू रात 9 बजे के बाद भी यथासंभव लगातार 31 मार्च तक लोगों से घरों में बने रहने तथा भीड़-भाड़ से बचने की अपील की।

थाली बजाकर किया उत्साहवर्धन

महासमुंद। देश रविवार कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लड़ रहा है और इस संक्रमण को रोकने की लड़ाई में डॉक्टर नर्स, स्टाफ सफाई कर्मी जो तन मन से सेवा कार्य में लगे हैं। पूर्व जनपद सदस्य डॉ वाणी तिवारी व ग्राम बेलसोंडा के लोगों ने कोरोना वायरस के बचावे में लगे सभी डाक्टरों, नर्स व सफाई कर्मियों के लिए थाली व घंटी बजाकर उत्साहवर्धन किया।

खरोरा में जनता कर्फ्यू का पालन

महासमुंद। ग्राम खरोरा के सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने जागरुकता का परिचय देते हुए ग्राम खरोरा में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर जनता कर्फ्यू का अक्षरशः पालन कर लोग घरों से बाहर नहीं निकले। शाम 5 बजे सभी युवा अपने अपने घरों की छत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील का पालन करते हुए ताली व थाली बजाकर करोना वायरस के खिलाफखड़े लोगों का ताली से स्वागत किया।

कर्मचारियों को वेतन, अवकाश देने के निर्देश

महासमुंद। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए श्रम विभाग से समस्त नियोजकों, कारखाना प्रबंधकों एवं संस्थान प्रमुखों को पत्र लिख कर अपने श्रमिकों एवं कर्मचारियों को वेतन अवकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के मार्गदर्शी निर्देश दिए हैं।

शहीद नारद निषाद को दी गई अंतिम विदाई

■ **भारत माता की जय वीर सपूत नारद निषाद अमर रहे कि गगनभेदी नारो से गूंज उठा शहीद गाँव सिवनी सभी ने दी नम आंखों से अंतिम बिदाई**

बालोद। बस्तर के सुकमा में नक्सली हमले में बालोद जिले के ग्राम सिवनी निवासी नारद निषाद भी कल शहीद हो गए थे, जिनका आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ गांव में अंतिम विदाई दी गई ,आज जैसे ही गाँव मे शहीद जवान नारद निषाद का पार्थिव शरीर पहुंचा, सैकड़ो की संख्या में एकत्रित गाँव वाले व परिजन अपनी आंखों से बहते आंसू को रोक नही पा रहे थे ,पूरे गांव में गगनभेदी नारे ही सुनाई दे रहे थे, कि शहीद नारद निषाद अमर हो अमर हो करके आज ग्राम सिवनी में वीर जवान का पार्थिव शरीर को तिरंगे में ढंक कर लाया गया, शहीद के अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार की और से महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया भी मौजूद रही, इस अवसर पर जिला प्रसाशन की और से जिला कलेक्टर श्रीमती रानू साहू, पुलिस अधीक्षक एमएल कोटवानी, बालोद विधायक संगीता भैयाराम सिन्हा,गुंडरदेही विधायक कुँवरसिंह

निषाद ,डीएफओ सतोविशा समाजदार बालोद एसडीओपी पुलिस अमर सिदार, जिला पंचायत सीईओ लोकेश चन्द्राकर सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि अंतिम संस्कार के वक्त उपस्थित थे।

आज सुबह से ही जिले में धारा 144 लगने व कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु लॉक डाउन के चलते सुकमा नक्सली हमले में शहीद हुए जवान नारद निषाद के पार्थिव शरीर के गांव में पहुंचने पर अंतिम संस्कार को लेकर की जा रही तैयारी पर भी प्रशासन ने ग्रामीणों को अलर्ट किया था कि ज्यादा भीड़ नही बढ़ाये वही जरूरी स्वास्थ्य सुविधा का भी उपयोग रखे मसलन मास्क वगेरह का सभी उपयोग करे जवान की शहादत को लेकर गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गया है सब अपने अपने घरों से निकलकर अपने गाँव के वीर सपूत को अंतिम बिदाई दे रहे है उनको नम आंखों से नमन कर रहे है वीर जवान शहीद नारद निषाद को कल जब इस बात का समाचार आया तो पूरा बालोद जिला जनता कर्फ्यू में बन्द था और गाँव सिवनी में अपने गाँव के लाडले बेटे को खो देने का जो गम था पूरे परिवार को एक शोक व सदमे से आहत कर गया ।

अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध हुई कार्यवाही

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी के मार्ग दर्षन में सोशल मीडिया व्हाटसप पर भ्रामक जानकारी फैलाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित करने पर आज दिनांक 22.03.2020 को सोशल मीडिया व्हाटसप के माध्यम से आरोपी डीकेश सत्यवंशी पिता अंतलाल सत्यवंशी उम्र 20 वर्श साकिन दुल्लापुर रानी थाना कवर्धा के द्वारा अपने मोबाईल व्हाटसप के माध्यम से ग्राम छांटा मे दो लोगो को कोरोना से पीड़ित होकर उपचार हेतु जिला अस्पताल मे भर्ती होने की भ्रामक जानकारी एवं दुर्गेश साहू पिता मोहन साहू उम्र 19 वर्श साकिन छोटूपारा थाना स.लोहारा जिला कबीरधाम के द्वारा अपने मोबाईल व्हाटसप से पंडरिया में कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीज मिला लखनऊ कमाने खाने गया था मरीज जिला अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड में किया गया सिट जिला प्रशासन हाई अलर्ट मामले से मचा हडकम लिख कर जन सामान्य को मोबाईल व्हाटसप पोस्ट कर झूठी पोस्ट करने के कारण भय एवं दहशत का माहौल उत्पन्न कर अफ्वाह फैलाने वाले के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 140, 141/2020 धारा 188 भादवि, महामारी अधिनिमय 1897 की धारा 03 के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुये दोनो आरोपियो को गिरतार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

पापा घर जल्दी आना, हाथ धोना, पैर धोना, फिर गले लगाना, क्योंकि देश से है कोरोना को भगाना

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । आप लोगों को ध्यान होगा कि अधिकतर वाहनों में लिखा जाता है कि पापा घर जल्दी आना और यह स्लोगन इतना ज्यादा फैल गया कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य शहरों मे भी इस स्लोगन को वाहनों में लिखा हुआ देखा गया है। तो क्यों ना आज हम सब मिलकर कोरोना जैसे वायरस को जिसे महामारी का नाम दिया गया है। इसे मात देने बच्चों को सिखाएं कि वे कहें पापा जल्दी घर आना, भीड़ में ना जाना, हाथ धोना, फिर गले लगाना, इस स्लोगन संभवत इस महामारी जैसे बीमारी से लड़ने के लिए यह कारगर साबित हो सकता है

क्योंकि अब नन्हे बच्चे और आने वाले भविष्य कहे जाने वाले ऐसे बच्चे हैं। जो इस वायरस को मात दे सकते हैं दरअसल कुछ लोग इस वायरस को हल्के में लेते भी नजर आ रहे हैं। अगर देश के इन नन्हे सिपाहियों के द्वारा अवगत कराया जाए कि हाथ धोए, पैर धोए, समय-समय पर हाथ धोते रहें, सुरक्षित रहें मास्क का उपयोग करें मास्क नहीं है तो कॉटन कपड़े का उपयोग भी कर सकते हैं अगर नन्हीं जुबान से यह बातें सबके घर में सुनाई देने लगेगी तो निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि इसका आने वाला परिणाम अच्छा ही हो सकता है। फिलहाल कोरोना वायरस को लेकर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका सहित पूरा अमला अलर्ट की स्थिति में बना हुआ है। वहीं इस वायरस से लड़ने सभी अपनी भागीदारी भी निभा रहे हैं। साथ ही अन्य प्रांतों से आए वाहनों का जांच भी किया जा रहा। तो इसके साथ ही लोगों को इस वायरस से बचने उपाय भी बताए जा रहे हैं। तथा कबीरधाम जिले के कुछ टेलर्स के द्वारा निःशुल्क कपड़े से बना हुआ मास्क भी वितरण किया जा रहा है ।

कमाने खाने गुजरात गए मजदूर आज लौटे, डाक्टरों की टीम ने किया जांच, सभी के हाथ पर लगाया निशान

कवर्धा। जिले से अधिकतर मजदूर जीवन यापन करने के नाम पर ज्यादातर लखनऊ, गुजरात, सूरत जैसे क्षेत्रों में जाते हैं और वहां 7 से 8 महीने तक काम करते रहते हैं। लेकिन इन दिनों कोरोना वायरस के कहर मे कई राज्य आ चुके हैं अब इस वायरस को मात देने सभी अपनी-अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सोमवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे 36 लोग कवर्धा पहुंचे। जिन्हें जांच पर लगे पुलिस प्रशासन की टीम ने तत्काल ही रोक लिया और उन्हें जांच कराने के लिए कवर्धा स्थित

इंडोर स्टेडियम ले जाया गया। जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा इनका जांच किया गया। वहीं इनके हाथों पर सील भी लगाया गया है। जिससे अन्य लोग 14 दिनों तक इनसे संपर्क ना बनाएं इन लोगों को हिदायत भी दी गई है कि 14 दिन तक वे अकेले रहे। कवर्धा पहुंचे हुए यात्रियों में 23 पुरुष, 14 महिला व 3 बच्चे शामिल है जो कि सभी ग्रामीण क्षेत्र के हैं इन सभी को जांच उपरांत के बाद सख्त हिदायत दी जा चुकी है। इस महामारी को मात देने सभी गंभीर रूप से सहयोग भी कर रहे है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा बनाए रखना बहुत ही जरूरी है कुछ दिनों पहले जहां पंचकोशी यात्रा से कवर्धा शहर के 8 लोग पहुंचे हुए थे। इन सभी के जांच भी तत्काल किया जा चुका है। वही इन लोगों को भी हिदायत दिया गया है कि वे 14 दिनों तक किसी के संपर्क में ना आए और अलग कमरे मे रहे।

राजा खड्गराज सिंह पर लगाया झूठा आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

कवर्धा। स.लोहारा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजा खड्ग राज सिंह पर झूठा आरोप दर्ज करने का मामला सामने आया है,दरअसल नगर पंचायतवासी किसी ना किसी कार्य को लेकर नगर पंचायत जाया करते थे। जिस पर आत्माराम के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा था,आखिरकार ऐसी स्थिति को बनते देख नगर पंचायत वासियों ने इसकी शिकायत राजा खड्गराज सिंह से की थी, वही भ्रमण में निकले श्री सिंह को आत्माराम जोधपुरी होटल के पास मिले, नगर वासियों के अनुसार राजा सिंह ने उनसे पूछा कि आखिर आवेदकों के साथ दुर्व्यवहार क्यों कर रहे हो,जिस पर नगर पंचायत के ड्राइवर आत्माराम ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार किया,और वहीं उनके नाम से थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी, इसकी जानकारी मिलते ही नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वासी बड़ी संख्या में शनिवार को कवर्धा पहुंचे और कहा कि राजा सिंह के ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं और उन्होंने कहा कि आत्माराम के द्वारा हमेशा दुर्व्यवहार किया जाता था,जिसके चलते उन्हें गंडई नगर पंचायत से भी हटा दिया गया था,ग्रामीणों का कहना है कि राजा साहब पर लगे आरोप को हटाया जाए और आत्माराम के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए आखिरकार इस मांग को लेकर नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण देर रात कवर्धा पहुंच कर इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। वही ग्रामीणो ने कहा कि राजा खड्गराज सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके है। उनके द्वारा हमेशा आम लोगो की मद्द की गई है। तथा जो भी नगर पंचायत से संबंधित समस्या लेकर जाते थे उनके समस्याओ का निदान भी किया जाता था। और राजा खड्गराज सिंह पहले और आज भी सभी से विन्रम भाव से मिलकर उनकी समस्याओ का निदान करने प्रयास भी करते है। राजा के ऊपर आत्माराम के द्वारा झुठा आरोप लगाया गया है इस मामले पर ग्रामीणो ने उचित कार्यवाही की मांग की है।

देवी मंदिरो में सिर्फ पंडा और पुजारी करेंगे माता की सेवा, लिया गया निर्णय

कवर्धा। चैत्र नवरात्र बुधवार 25 मार्च से शुरू होने वाला है। इस बार नवरात्र पर देवी मंदिरो मे जसगीत नही गूंजेगा और न ही श्रद्धालु धूप व अगरबत्ती जला पाएंगे क्योकि कोरोना वायरस को देखते हुए मंदिर समितियों ने इस पर रोक लगा दिया है। यही नही, मंदिर मे लोग सपरिवार माता के दर्शन भी नही कर पाएंगे क्योकि इससे भीड बढेगी। इस बार चैत्र नवरात्र पर कोरोना वायरस का खतरा मंडरा रहा है। सिद्वपीठ मां विंध्यवासिनी मंदिर, में शुक्रवार रात 09 बजे शहर के सभी सिद्वपीठ देवी मंदिर समितियों की बैठक आयोजित की गई। देश मे कोराना वायरस के बढते खतरे को देखते हुए नवरात्र पर मंदिर मे श्रद्धालुओ के लिए कई तरह की पाबंदी रहेगी। ताकि मंदिर में भीड न बढे, जिससे की संक्रमण का खतरा हो। बैठक में समितियों ने नवरात्र के पहले दिन मनोकामना ज्योति कलशो की स्थापना से लेकर विसर्जन तक की योजना बनाई है। इस दौरान देवी मंदिरो मे पूजन सामग्री के रूप में अगरबत्ती को पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

शाम पांच बजते ही घर के दरवाजे पर जनता ने पीटी थाली, बजाई जमकर ताली

■ **सडको पर पसरा रहा सन्नाटा, चहचहा रहे थे पक्षी**

कवर्धा । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जहां 22 तारीख को जनता कर्फ्यू के लिए अपील किया गया। वहीं जनता जनार्दन ने इस अपील को अपना पूरा समर्थन दिया। सुबह 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। सभी दुकानें बंद रही। यहां तक की लोग शाम 5:00 बजे घरों के गेट के अदंर व छत, झरोखा पर आकर अभिवादन के तौर पर घर के दरवाजे पर ही खड़े होकर थालियां पीटी वही तालियां भी जमकर बजाई साथ ही कई घरो से शंख व घडी-घंटाल के आवाज भी जोरो से सुनाई दिए।

लोगों में कोरोना वायरस को लेकर पूरी तरह से जागरूकता देखी जा रही है जिसके फलस्वरूप लोग अब इस वायरस से लड़ने तैयार नजर आ रहे है। और निश्चित तौर पर यह भी माना जा रहा है कि लोगों की सजगता ही इस वायरस को मात देगी और लोगों की पहल ही इसके लिए कवच साबित होगा कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ-साथ भारत में भी बढ़ते जा रहा है इसके रोकथाम के लिए जनता कर्फ्यू के लिए अपील किया गया साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी इस वायरस को मात देने प्रदेश के सभी लोगों से अपील की कहा कि सुरक्षित रहे और इस वायरस से बचने सहज व सरल रूप से उनके द्वारा उपाय भी बताए गए जैसा कि मास्क अगर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो आप कॉटन कपड़े का भी यूज कर सकते हैं इसके साथ ही हाथों को बार-बार धोते रहें।

कपड़े का मास्क सिलकर नि:शुल्क बांट रहा टेलर

कवर्धा। विपदा की घड़ी में कुछ लोग सम्पन्न होने के बावजूद जनता से लाभ लेने के लिए दुगुना पैसा वसूल कर मास्क बेंच रहे हैं, जिनकी शिकायत मिलने पर प्रशासन ने कार्रवाई भी की हैं, वही कुछ लोग आशा की किरण लेकर आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ सख्श है जो आज के समय में भी लोगो को निःशुल्क मास्क वितरण कर रहे है। गायत्री मंदिर के पास नगर पालिका काम्प्लेक्स अशोका राजू टेलर्स ने अब तक 50 से ज्यादा लोगो को निःशुल्क कपडे से बना मास्क वितरण कर चुके है। वही राजू देवांगन टेलर्स का कहना है कि अगर कोई उनके पास मास्क बनावाने आता है तो उन्हे वे निःशुल्क मास्क बनाकर प्रदान करेंगे। अशोका टेलर्स ने अभी

तक अपने क्षमता के अनुसार लोगो को मास्क वितरण किया है। वही कबीर पारा खेड़ापति हनुमान मंदिर चैक स्थित ए.के.टेलर्स के संचालक अभिषेक शर्मा, इन्होंने अपने टेलरिंग की दुकान के बचे साफ सुथरे नए कपड़ों से मास्क बनाकर लोगों को मुत बांटना आरम्भ किया। लोगों में इस बात का प्रचार बढ़ने लगा तो मास्क की डिमांड भी बढ़ी, ऐसे में एक लिपिक प्रवीण शर्मा, वार्ड पार्षद रिंकेश वैष्णव और व्यापारी मनीष गुप्ता ने टेलर को समान की उपलब्धता कराई। कुमारी खुशबू कुर्रे, कुमारी माहेश्वरी चंद्रवंशी, संतोषी देवांगन, सौरभ सोनी और .ष्णा यादव की टीम मिलकर अब शहर वासियों के लिए मुत मास्क बनाकर वितरित कर रहे हैं। इनकी टीम के लोग जिला प्रशासन के नियमों व कोरोना से बचाव के लिए घर पर रहने के लिए

पिछले 10 दिनों से बांट रहे मास्क

अभिषेक बताते हैं कि वे पिछले 10 दिनों से मास्क बनाकर बांट रहे हैं। अब तक लगभग 2000 मास्क वे बांट चुके हैं। उनका कहना है कि आगे जब तक यह महामारी खत्म नही होगी तब तक वे मास्क वितरण करने की कोशिश करेंगे।

261 बंदी पीछे वाली पुरानी बैरकों में शिफ्ट

महासमुंद। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिये बतौर सावधानी जिला जेल के पुराने सभी 261 बंदियों को पीछे वाली पुरानी बैरकों में शिफ्ट किया गया है। इनकी शिफ्टिंग से खाली हुई सामने वाली नई बैरकों में नये बंदियों को रखा गया है। नई बैरकों में आए नये बंदियों में से कोई भी पुरानी बैरकों की ओर नहीं जा सकता। मिली जानकारी के अनुसार सामने की ओर नई बैरकों में रखे गये पुराने सभी बंदियों को पीछे की ओर वाली पुरानी खाली बैरकों में शिफ्ट किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण की आंशका को खत्म करने के लिये एहतियात के तौर पर यह व्यवस्था की गई है। बाहर से आने वाले नये बंदियों से पुराने बंदियों जेल प्रवेश के पूर्व नये बंदियों की हो रही स्वास्थ्य जांच में संक्रमण की आशंका को देखते हुये नयेसभी बंदियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसी तरह पुराने सभी 261 बंदियों को स्वास्थ्य जांच के बाद ही पुरानी बैरकों में शिफ्ट किया गया है।

सीनियर सिटीजन समिति द्वारा मास्क वितरण

कवर्धा। सीनियर सिटीजन समिति द्वारा सियान जतन कलेक्ट्रेट में अत्यंत ही कम समय में सूचित एवं आयोजित बैठक में समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित जनों को कोरोना वायरस से बचने के लिए सावधानी बतौर मास्क वितरित किए गए एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य रविशंकर गुप्ता द्वारा कोरोना से बचने के लिए दैनिक समाचार पत्र को वितरण के बाद कम से कम 2 घंटे तक ना छूने, बाजार से सामान खरीदने पर बड़े नोटों आदि देने के बाद शेष बचे पैसे को न लेने तथा उसके बदले और सामान ले लेने और अपने वाहन आदि को दूसरे को चलाने न देने और यदि दे तो उसके बाद उसके हैंडल स्टेरिंग आदि को सेनिटाइजर आदि से धोने के बाद ही उपयोग करने के संबंध में सलाह दी।

बड़े गुडरा मोर्चे पर सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत

■ बाईरोड मृत जवान भेजवाया गया

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। दंतेवाड़ा में जवानो की आत्महत्या का सिलसिला थमने का नाम ही ले रहा। कुछ दिन पहले पोटाली कैम्प में एसटीएफकर एक जवान ने खुदकुशी की थी, इसके बाद कल रात फिर कुआकोंडा थानाक्षेत्र के बड़े गुडरा सीआरपीएफ 195 बटालियन में तैनात एक जवान ने डियूटी के दौरान खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक जवान सुब्रतो सरकार पश्चिम बंगाल का निवासी है। जिसने डियूटी के दौरान अपनी सर्विस रायफल इंसास हथियार से खुद गोली मारी है। जिस पर बट नम्बर 47 पड़ा हुआ है। गोली चलने की आवाज से कैम्प में तैनात

अन्य जवानो में अफ़रा तफ़री मच गयी। लेकिन कुछ देर में जवानो को सुब्रत की खुदकुशी का पता लग गया। जिस पोस्ट पर जवान ने आत्महत्या की वह पूरी तरह से खून से भरा हुआ था.आत्महत्या का कारणो का फिलहाल पुष्ट तरीके से पता नही चला है। बड़ेगुडरा में तैनात पोस्ट पूरी तरह से नेटवर्क ज़ोन में है। घटना से पहले और घटना के समय सुब्रत लगातार फोन पर परिजनों से कर रहा था। इस बात से अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे कोई पारिवारिक तनाव हो सकता है। घटना शनिवार रात तकरीबन 8 से 9 के बीच घटी है। घटना के दूसरे दिन कुआकोंडा पुलिस मौके पर पहुँचकर मृतक जवान का शव व खुदकुशी में इस्तेमाल हथियार को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए दन्तेवाड़ा जिला अस्पताल भिजवा दिया, साथ ही घटना स्थल के पास से मृत जवान का एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया, जिस पर फिंगर प्रिंट की वजह से लॉक लगा हुआ है। पुलिस कॉल डिटेल खंगालकर मौत की वजह जानने में जुट गई है। बीते वर्ष में आत्महत्या के बहुत से मामले जवानों के निकलकर आ रहे है। सरकार को चाहिए कि तनावग्रस्त माहौल से कैसे जवानों को दूर रखा जा सके इसका कोई ठोस उपाय खोजा सके।

■ न्यूज गैलरी

थाली, ताली, शंख एवं घण्टी बजाकर आभार जताया

गरियाबंद। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पूरे देश सहित जिले में लोगों ने शाम पांच बजे 5 मिनट कोरोना के खिलाफ लगे रहे डॉक्टर, नर्स, पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मियों सहित अन्य प्रशासनिक अमलों का थाली, ताली, शंख एवं घण्टी बजाकर आभार जताया है। गौरतलब हो कि 22 मार्च रविवार को कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए जनता कर्फ्यू का आग्रह किया गया था। जनता कर्फ्यू को लेकर जिले की जनता ने स्वस्फूर्त सहयोग दिया। वहीं रविवार की शाम पांच बजे 5 मिनट के लिए लोगों ने अपने घरों से कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम में लगे रहे समस्त प्रशासनिक अमलों सहित मीडियाकर्मियों का थाली, ताली, शंख और घण्टी बजाकर हौसला अफ्जाई करते हुए धन्यवाद दिया। जनता कर्फ्यू के साथ जिले की जनता रही, जिससे कि जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क मार्ग पूरी तरह से विरान रही। जनता कर्फ्यू को लेकर लोग दिनभर अपने घर में रहे, वहीं शाम का खासा इंतजार बच्चों को रहा। शाम पांच बजते ही बच्चे, महिलाओं, पुरुष सहित बुजुर्ग अपने घरों के आंगन से थाली, ताली, शंख और घण्टी बजाकर डॉक्टर, नर्सो सहित अन्य प्रशासनिक अमलों का अभिवादन किया।

नपं अध्यक्ष ने कोरोना के चलते कराया हनुमान चालीसा पाठ

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार ने कोरोना वायरस के चलते घर में हनुमान चालीसा का पाठ कराया । नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पूरे परिवार के सदस्य मौजूद रहे । कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ने के लिए एक जंग चलाया । अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार ने बताया कि हमें कोरोके खिलाफ जंग लड़ना है और उन्होंने यह भी बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से दुनिया के वातावरण में फैले इस महामारी से बचा जा सकता है । पुरानी मान्यता से चलना भी हमारा फर्ज है । हनुमान चालीसा के पाठ करने से मन में शांति का भी अनुभव होता है । उन्होंने सभी से अपील भी की सब अपने घर में हनुमान चालीसा का भी पाठ करे ।

जनचौपाल कार्यक्रम 31 मार्च तक स्थगित

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनचैपाल कार्यक्रम 31 मार्च 2020 तक स्थगित किया गया है।

राजस्व प्रकरणों की सुनवाई स्थगित

बालोद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रानू साहू ने नोवल कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक स्थल पर अधिक व्यक्तियों का जमाव न हो, इस उद्देश्य से जिले के सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार और नायब तहसीलदार को पत्र जारी कर आगामी आदेश तक राजस्व प्रकरणों की सुनवाई स्थगित रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि उक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

कर्मचारियों श्रमिकों कर्मकारो को वेतन, अवकाश, आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में निर्देश जारी

बालोद। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक संस्थान, कारखाना, दुकान, एवं वाणिज्यिक स्थापनाएं, निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम, टाकिज, होटल एवं रेस्टोरेंट, माल, समाचार पत्र, संस्थान निजी शैक्षणिक एवं कोचिंग संस्थान, ट्रांसपोर्ट उपक्रम, सार्वजनिक उपक्रम, निजी सुरक्षा एवं प्लेसमेंट एजेंसी, रियल एस्टेट आदि में कार्यरत कर्मचारियों, कर्मकारों, श्रमिकों को वेतन, अवकाश, आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में निर्देश जारी किया है। विभिन्न श्रम कानूनों के दृष्टिगत कर्मचारी, कर्मकार, श्रमिको आदि एवं उनके परिवार के सदस्यों को वैधानिक, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है।

श्रम विभाग से जारी निर्देश में कहा गया है कि - नोबेल कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण के रोकथाम एव बचाव के दौरान कर्मचारियों श्रमिकों के वेतन अवकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने को कहा गया है। कर्मचारी कर्मकार श्रमिक को सहूलियत के हिसाब से कार्य लिया जाए और आवश्यक होने पर उनके निवास से भी कार्य करने हेतु व्यवस्था किया जाए।

जनता कर्फ्यू के दिन भी गंडई में नहीं रुका स्वच्छता अभियान

■ अध्यक्ष व पार्षद मौजूद रहे

■ सुबह 5 से 7 बजे तक अभियान चला

गंडई पंडरिया। कोरोना के खिलाफ निकाय के सभी जनप्रतिनिधि एकजुट नजर आए । 21 मार्च को निकाय में आपात बैठक रखी गयी । जिसमें अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार, सीएमओ खुमान सिंह कश्यप व पार्षदगण ने तय किया कि 22 मार्च को प्रमुख स्थानों को सनेटाइज किया जाएगा । इसका कारण बाहर से आने वाले लोगों के रुकने के स्थान को स्वच्छ करना था खासकर बस स्टैंड के पूरे इलाके को । 22 मार्च को सुबह 5 बजे से बस स्टैंड, पुलिस थाना के सामने, झंडा चौक आदि को सनेटाइज किया किया । सुबह अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार, सीएमओ खुमान सिंह कश्यप, पार्षद चेतन

देवांगन, भिझेश यादव, दीलिप ओगरे, क्रांति ताम्रकार, किंशुक यादव, शिव ठाकुर, वाहन चालक गौकरण मेरावी आदि की पूरे समय डटे रहे ।

22 मार्च की जनता कर्फ्यू में गंडई नगर वासियों सभी ने एकता दिखाई ।गंडई के लोग पूरे विश्व में फैले जान लेवा बीमारी कोरोना के खिलाफ लड़ने में एकजुट दिखे। प्रधान मंत्री के जनता कर्फ्यू को पुरातात्विक नगरी का पूरा समर्थन मिला । गंडई में सुबह 7 से लेकर रात्रि 9 बजे सभी दुकाने बंद रही । गंडई में साप्ताहिक बाजार के बाद भी ऐतिहासिक बंद रहा ।

जानकारों का कहना है कि जब घंटी बजाई जाती है तो वातावरण में कंपन पैदा होता है, जो वायुमंडल में काफी दूर तक जाता है। इस कंपन का फायदा यह है कि इसके क्षेत्र में आने वाले सभी कीटाणु व विषाणु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे आसपास का वातावरण शुद्ध हो जाता है। कोरोना से सतर्क रहने के संकेत के लिए घंटी, अब अच्छी शुरुआत के लिए थाली व कोरोना पर जीत के लिए ताली बजाएं। इसी तरह मोदी जीके आदेश का पालन करते नजर आए ।

गंडई में छत्तीसगढ़ के बाहर से आने जाने वालों नजर रखा गया

घंटी, थाली व ताली बजाने की धार्मिक मान्यता के साथ साथ वैज्ञानिक असर भी जुड़ा हुआ है। धार्मिक नजरिये देखा जाए तो मंदिरों में घंटी लगी होती है। यह घंटी ऐसी जगह पर लगाई जाती है कि मंदिर में आने-जाने वाला हर व्यक्ति इसका इस्तेमाल कर सके। वहीं घर में अच्छी पहल या शुरुआत होने के अवसर पर थाली और ताली बजाई जाती है। इससे सकारात्मक माहौल बनता है। वहीं जीत के लिए भी उत्साह बढ़ाने के लिए ताली बजाई जाती है।

कर्फ्यू को मिल रहा सभी का समर्थन

देवभोग। संक्रमित कोरेना वायरस को फैलने से रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनता कर्फ्यू को काफी हद तक सफलता मिल रही है! लोग शादी एवं कोणाबारी सहित अन्य कार्यक्रम स्थगित कर भूपेश बघेल के अपील को समर्थन दे रहे हैं! ऐसे ही भूपेश बघेल की अपील को समर्थन देते हुए देवभोग ब्लॉक के ग्राम करचिया डिंगर पिता धनुराम का विवाह कैंटपदर की प्रमिला से बीते 22 मार्च को होना था! लेकिन जनता कर्फ्यू और मुख्यमंत्री की अपील को समर्थन देते हुए विवाह रोक दिया गया इसी तरह कुरलापारा निवासी रोहित सागर की पुत्री भारती एवं तमन्ना की बालिका व्रत कोणाबरी 22 मार्च रविवार को किया जाना था बकायदा इसके लिए परिजनों ने पूरी तरह से तैयारी भी कर लिया था मगर राजधानी में कोरेना वायरस से पीड़ित की जानकारी मिलते और पीएम सीएम की अपील को समर्थन देते हुए बालिका व्रत कोणाबरी नहीं किया गया और जागरूकता का परिचय देते हुए गांव गांव से पहुंचे लोगों को भी घर

वापसी कराते घर पर रहने की अपील किया ऐसे ही सौगनभाड़ी के हुकूमत ने जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए 22 मार्च को बारात लेकर दुल्हन लेने की तिथि को छोड़कर और पंचांग अनुसार शुभ समय जैसे अन्य ढकोसला को दरकिनार करते हुए 22 मार्च की जगह 21 मार्च को ही रीति रिवाज के साथ दुल्हन ले लिया इससे और भी लोगों को प्रेषित किया है! जिससे होने वाले शादी और सामाजिक कार्यक्रमों को स्थगित कर जनता कर्फ्यू का समर्थन दिया जा रहा है! जबकि मार्च से अप्रैल तक शादी सीजन को मद्देनजर रखते लोगों ने पूरी तैयारी कर लिया था लेकिन संक्रमित वायरस अपने पैर पसार ना पाए इसके लिए भूपेश बघेल की अपील को भरपूर समर्थन दिया जा रहा है! इसके अलावा व्यापारी फल दुकान बड़े-बड़े सब्जी दुकानदार सहित कपड़ा दुकान मालिकों ने भी दुकान बंद कर रखा है! और अपने स्टाफसहित तमाम लोगों से अपील कर रहे हैं कि वह भी घर से ना निकले ताकि संक्रमित कोरोना वायरस को पैर पसारने मे नाकाम रहे क्योंकि पलायन के लिए गए कई ग्रामीण अब अपने घर की ओर लौट रहे हैं!

समस्त देशी मदिरा की दुकानें एवं मद्यभंडारण भाण्डागार 23 मार्च से 25 मार्च पूर्णतः बंद रखें

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवनीश कुमार शरण ने छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र में दिये निर्देशानुसार नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा संचालित समस्त देशी मदिरा सी.एस.2(घघ) की दुकानें, विदेशी मदिरा एफएल.1(घघ) की दुकानें एवं मद्यभंडारण भाण्डागार कवर्धा को 23 मार्च से 25 मार्च कुल तीन दिवस पूर्णतः बंद रखने जाने हेतु आदेशित किया है।

23 से 25 मार्च तक शुष्क अवधि घोषित

बालोद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रानू साहू ने नोवल कोरोना वायरस (ब्व्टप्क.19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उपधारा (1) के अंतर्गत जिला बालोद में स्थित समस्त देशी तथा विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों एवं मद्य भण्डागार तथा बालोद में स्थित एफएल.-2 क्लासिक बार एवं मिड टाउन रेस्टोरेंट बार दल्लीराजहरा को 23 मार्च से 25 मार्च 2020 तक बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

जनता कर्फ्यू को धर्मनगरी में मिला जनसमर्थन, प्रशासन भी मुस्तैद

डोंगरगढ़ । कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में धर्मनगरी में कोरोना के कहर के खिलाफ जनता कर्फ्यू का असर देखने को मिला पुरे शहर के दुकानदारों समेत आम नागरिकों ने जनता कर्फ्यू के चलते दिन भर अपने अपने घरों में नजर आये वहीं शाम के 5 बजें पूर्व ही पूरे शहर के नागरिकों ने अपने अपने छतों में जाकर थाली बजाने के अलावा होम थियेटर के के माध्यम से

अपना समर्थन दिया । राजनांदगांव जिले के कलेक्टर द्वारा लगातार प्रयास जारी है इसी क्रम में आज जनता कर्फ्यू के दिन जिला कलेक्टर जेपी मौर्य ने सभी नगरीय निकायों में स्थित मैरिज हॉल को अधिग्रहित कर लिया है। तथा जिनको भी सर्दी खांसी जैसी शिकायतें हैं वह सेल्फ क्वॉरेंटाइन में खुद को रख सकते हैं, इसके लिए ऐसे लोग भुगतान करके मैरिज हॉल में शिफ्ट हो सकते हैं।

1 बजे तक रही शराब भट्ठी चालू कलेक्टर के आदेश उपरांत उसे भी कराया बंद

जनता कर्फ्यू को डौंडी नगरवासियों ने दिया पूरा समर्थन

डौन्डी । ब्लॉक मुख्यालय डौंडी मे कोरोना वायरस को लेकर पूरा देश केंद्र की मोदी सरकार की अपील को समर्थन देते हुए नजर आ रहा है।

जिसको लेकर डौंडी नगर मे शनिवार से ही इसका असर देखने को मिला जिसके चलते डौंडी नगर का होने वाला साप्ताहिक बाज बंद रहा कुछ दुकानो को छोडकर बाकी प्रतिष्ठान बंद रहे ।

उसके बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के अपील को जनता ने पुरा समर्थन देते हुए डौंडी नगर का पूरा इलाका 22 मार्च को अलसुबह से ही बंद रहा पुरी नगर के चौक चौराहे पूरी तरह वीरान

हो गया है

तहसील दार प्रतिमा ठाकरे ने बताया कि जिला कलेक्टर रानू साहू ने कोरोना से जिला को बचाने 31 मार्च तक पूरे जिला में धारा 144 लगा दिए है जिससे डोंडी क्षेत्र भी अब पूरी तरह लोक डॉउन रहेगा अति आवश्यक चीजो को छोड़ कर सब कार्य बंद रहेंगे। आज की तरह 31 मार्च तक ब्लॉक में लोगो को प्रशासन का सहयोग करना पड़ेगा।

,यहा तक पुरे ब्लॉक के छोटे बड़े गांव भी पुरे तरीक़े से बंद रहे ओर लोगो ने अपने आपको अपने घर मे कैद कर रखा कुछ जरूरी होने पर ही लोग एक दो की संख्या मे ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे उसके बाद छोटे बड़े कोई भी व्यापारियों ने अपनी अपनी प्रतिष्ठाने नही खोली आलम ये कि डौंडी के मेडिकल स्टोर भी बंद रखी गई है। नगर का एकलौता पेट्रोल पंप ही लोगो की सुविधा की दृष्टि से चालू रखी गई है। आपको बता दे कि नगर का देशी - अंग्रेजी शराब दुकान नियत समय 11 बजे से खुली रही लेकिन ध्यानाकर्षण कराने बाद 1: 30 बजे डौंडी पुलिस शराब भट्ठी बंद कराने पहुँच गई जिसके बाद शराब भट्ठी के कर्मचारी बालोद जिला डीओ से परामर्श लेकर स्वतः शराब दुकान तत्काल बंद कर दी गई।

कुसुमकसा में जनता कर्फ्यू का मिला पूरा समर्थन

कुसुमकसा । कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जनता कर्फ्यू का रविवार को कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में भी शासन प्रशासन द्वारा दिये गए सलाह व ग्रामीणों की जागरूकता का व्यापक असर देखा गया ,ग्राम में लोग अपने- अपने घरों में रहे ,सारे बाजार बंद , सड़के सूनी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी वीरानी छाई हुई है ।कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए भीड़-भाड़ की स्थिति को से दूर रहने के लिए जनता कर्फ्यू का आह्वान किया गया है ।इतवार के दिन सुबह से ही कुसुमकसा में जनता कर्फ्यू का व्यापक असर दिखाई दिया,व्यापारियों ने अपने दुकानों के ताले भी नही खोले वही ठेलो व पाटो पर नित्यदिन फल फरूट ,चना मुर्रा का व्यापार करने वाले भी जनता कर्फ्यू में अपनी दुकान बंद रखी ,बस स्टैंड व मुख्य बाजार छेत्र व ग्राम की गलियों के आसपास सुनसान का पसरा फैला हुआ था बस स्टैंड के मुख्य मार्ग में बीच-बीच में इक्का-दुक्का गाड़ियां काफी अंतराल के बाद चलती हुई भले नजर आए ।लेकिन सभी गाड़ियों के पहिए थमे हुए नजर आए

कोरोना की रोकथाम के लिए किए गए इस आह्वान में कुसुमकसा के लोग जागरूकता का परिचय देते हुए घरों में रहकर अपनी हिस्सेदारी निभायी वही स्वास्थ्य अमला भी ग्राम में बाहर से आने वालों के स्वास्थ्य की जांच व दवा देने में डटी हुई है

वही कुसुमकसा में संचालित शासकीय देशी शराब दुकान को शासन द्वारा बन्द नही किये जाने से मदिरा प्रेमी उक्त दुकान से शराब खरीदकर खुले में शराब का सेवन करते नजर आए ,कोरोना वायरस के रोकथाम को लेकर शासन प्रशासन पूरी मुस्तेदी के साथ जनता को जागरूक करने में लगी है ,बस सेवा,रेलसेवा, होटल ,रेस्तरां,व सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के भीड़ पर प्रतिबंध लगा दिया किन्तु शराब दुकान पर प्रतिबंध ना लगाना समझ से परे है ,मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में पुलिस प्रशासन द्वारा शराब दुकान कुसुमकसा पहुंचकर बन्द कराया

सम्पूर्ण बीजापुर जिले में 31 मार्च या आगामी आदेश पर्यंत धारा-144 लागू

बीजापुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण को रोकने और इस महामारी से बचाव के मद्देनजर को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के डी कुंजाम ने बीजापुर जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 31 मार्च 2020 या आगामी आदेश पर्यंत तक धारा -144 प्रभावशील कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सभी मंडियां व दुकान व ठेला (सब्जी, फल, अनाज), मेडिकल स्थापनाएं एवं मेडिकल दुकान, ट्रांसपोर्ट नगर व गुड्स एवं कैरियर सेवाएं, पेट्रोल पंप, गैस

एजेंसी, बैंकिंग सेवाएं (जिनमें एक समय में दस से अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे), एटीएम, मीडिया संस्थान, पेयजल सुविधाऐं, सीवरेज ट्रीटमेंट व्यवस्थाएं, फायरब्रिगेड, टेलीफोन व इंटरनेट सुविधाएं, होटल एवं रेस्टोरेंट (जिनमें पक्की स्थाई संरचना एवं वैध लाइसेंस उपलब्ध हो इसके अलावा राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा (COVID-19) के संदर्भ में समय-समय पर जारी निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने पर), मोबाईल रिचार्ज एवं सर्विसेस दुकानें, डेली निड्स व किराना दुकानें, राशन दुकाने, मिल्क पार्लर, विद्युत व्यवस्थापक, बेकरी दुकानों को छोड़कर अन्य सभी संस्थानों, दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि को 31 मार्च 2020 या आगामी आदेशपर्यन्त तक अनिवार्य रूप से बंद रखने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के उल्लंघन किये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

कुआकोंडा थाने में नकुलनार के जनप्रतिनिधियों को बैठक में धारा 144 के पालन की मिली समझाइश

दन्तेवाड़ा। कोरोना वाइरस के संक्रमण को देखते हुए पूरे देश मे आपातकाल जैसी स्थिति निर्मित हो गयी है, छतीसगढ़ में भी जरूरी सेवाओ को छोड़कर शेष कारोबार लॉक डाउन किया गया।इसी वजह से दन्तेवाड़ा जिले के कुआकोंडा थाना में कुआकोंडा तहसीलदार विद्याभूषन साव व थाना प्रभारी ने ग्राम पंचायत नकुलनार के सरपंच,उपसरपंच के साथ व्यापारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सुकमा जिले के मिनपा मुठभेड़ में शहीद 17 जवानों को 2 मिंट का मौन रखकर श्रीधाजलि सभी ने दी. साथ ही दन्तेवाड़ा जिले में पूर्ण रूप से 144 धारा लागू है बताया गया. साथ ही कोरोना के संक्रमण से कैसे बचाव किया जाये यह भी समझाया गया इतना ही नही लोगो के बेफिज़ूल चौक चौराहे पर जमावड़े पर पुलिसिया एक्शन की बात भी निकलकर सामने आई। बैठक के दौरान कुआकोंडा के मैडिकल स्टाफके नही पहुँचने से जमकर जनप्रतिनिधियों में स्वास्थ्य महकमे और कुआकोंडा बीएमओ के खिलाफ नाराजगी दिखी। क्योंकि कोरोना संक्रमण की महामारी को रोकने के लिए सजगता और जागरूकता दोनों अनिवार्य है। नकुलनार में जरूरी आवश्यकता की दुकानें भी चेन सर्कल में रोटेशन में खोलने की बात कही गयी। साथ ही बैंकों में भी नजर रखी जायेगी। ताकि बेतहाशा भीड़ जबरन बैंक में न लगे। इसके साथ ही दीगर प्रदेशों से श्रमिक वर्ग जो काम कर घर वापसी में पहुँच रहे है। उन पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गयी।

दंतेवाड़ा जिले में- 31 मार्च तक धारा-144 लागू रहेगा

दंतेवाड़ा । कोरोना वायरस (कोविद-19) के संक्रमण को रोकने और इस महामारी से बचाव के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री टोपेश्वर वर्मा द्वारा संपूर्ण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में 22 मार्च से 31 मार्च 2020 तक निषेधाज्ञा धारा -144 लागू कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में जिले में मेडिकल स्टोर, अस्पताल,राशन दुकान, कलेक्टर कार्यालय,एस डी एम , तहसील कार्यालय और थाने खुले रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री टोपेश्वर वर्मा द्वारा निषेधाज्ञा के दौरान आम जनता की सुविधा और जनहित में जिन प्रतिष्ठानों को खुला रखने की अनुमति दी गई है, वहां अधिकतम पांच लोगों को ही उपस्थित रहने की अनुमति होगी। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने कोरोना वायरस पर नियंत्रण और आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा और उनके व्यापक हित में उक्त आदेश पर अमल करने सहयोग की अपील? आम जनता से की है।

बचेली 31 तक लॉक डाउन पर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, एनएमडीसी अधिकारियों की आपात बैठक

- कोरोना से बचाव को लेकर बैठक में लिए गए अहम निर्णय
- धारा 144 का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाने की भी चेतावनी प्रशासन द्वारा दी गई

बचेली। कोरोना वाइरस को लेकर जिला प्रशासन बेहद गंभीर नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पालिका परिषद में जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आपात बैठक रखी गयी जिसमे एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने उपस्थित सभी जनों को प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में अवगत करवाया साथ ही नगरपालिका सीएमओ आईएल पटेल को नगरपालिका क्षेत्र में सेनेटाइजर का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए एवं बचेली की सीमा पर निजी वाहन से बाहर से जो लोग आ रहे है उन्हें रोककर उनका परीक्षण करवाने एवं उनकी जानकारी प्रसाशन को दिए जाने हेतु आदेशित किया है।

एसडीएम प्रकाश भारद्वाज के मुताबिक जो लोग बाहर से आये हुए है उनकी पहचान कर उन्हें भी स्थानीय अस्पताल में परीक्षण करवाया जा रहा है। एसडीएम सर ने सभी लोगो से अपील की है की भीड़ लगाने से बचे जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकले। एवं आपके आस पास कोई भी बाहरी राज्य से आया हुआ व्यक्ति है उसकी जानकारी प्रशासन को जरूर देवे। एनएमडीसी अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए की जो भी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्य बाहर से आ रहे है उन्हें फौरन अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराए एवं अपने इलाके को सेनेटाइज करवाये।

आपात कालीन स्थिति में इन अधिकारियों से किया जा सकता है सम्पर्क।

साथ ही लॉक डाउन में किन किन दुकानों को खुले रखना है उसकी जानकारी भी दी इस दौरान तहसीलदार पीआर पात्र, थाना प्रभारी, नगरपालिका सीएमओ आईएल पटेल, सब इंजीनियर प्रवीण साहू, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव, उपाध्यक्ष उस्मान खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी, पार्षद मनोज साहा, धनसिंह नाग, संजीव साव, चेंबर उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष गौरंग शाह की उपस्थिति रही।

जिला प्रशासन के आदेश अनुसार 31 मार्च तक यह दुकानें खुली रहेगी: सभी मंडिया सब्जी दुकान व ठेला, सब्जी, फल, अनाज, 2 ट्रांसपोर्ट नगर व गुड्स एवं कैरियर सेवाएं, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, बैंकिंग सेवाएं जिसमें एक समय में 10 से अधिक व्यक्ति एकत्रित ना हो, एटीएम, मीडिया संस्थान, पेयजल सुविधाएं, 8 सीवरेज ट्रीटमेंट व्यवस्थाएं, फायर बिग्रेड, टेलीफोन व इंटरनेट सुविधा, होटल एवं रेस्टोरेंट जिनमे पक्की स्थाई संरचना एवं वैध लाइसेंस उपलब्ध है, मोबाइल रिचार्ज एवं सर्विसेस की दुकान, डेली नीड्स एवं किराना की दुकान, राशन दुकान, मिल्क पार्लर, विद्युत व्यवस्थाएं, बेकरी दुकाने इनके अलावा बाकी सभी दुकानों को 31 मार्च तक के लिए बंद रखने हेतु आदेशित किया गया है।

जनता ने भाटापारा में कर्फ्यू को दिया समर्थन

- स्वर्णिम अक्षरो में दर्ज हुआ 22 मार्च
- 31 मार्च तक रेल बस और बाजार बंद

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। 22 मार्च रविवार का दिन स्वर्णिम अक्षरो में दर्ज हो गया।नागरिको ने ऐसी कल्पना ना की थी की पूरा शहर का गरमी अंचलो में कोरोना के खिलाफ लोग अपने अपने घरो में दुबके रहे तो कई घरो में इस महामारी को भगाने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते दिखे।प्रधामन्त्री के आह्वान पर हुए इस जनता कर्फ्यू में लोगो ने शाम 5 बजते ही लोगो की सेवा में लगे डॉक्टर्स, पुलिस, मिडिया और अन्य सभी लोगो के प्रति अपने अपने घरो के छत पर शंख, थाली, ताली बजाकर सभी के प्रति आभार जताया।सोमवार को छत्तीसगढ़ के 31 मार्च तक बद की घोषणा के बाद नगर का सभी प्रमुख बाजार दूसरे दिन भी बंद रहा।

कोरोना वायरस के चलते लोगो की जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित प्रधामन्त्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 मार्च को नगर में जनता कर्फ्यू का व्यापाक असर दिखा जो सड़कें छुट्टियों के दिन भी गुलजार रहा करती थीं, वहां सन्नाटा पसरा है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं महारानी चौक, फौव्वारा चौक, जयस्तंभ चौक, स्टेशन, सुभाष बाजार, महासती मार्ग, सदरबाजार, हटरीबाजार आदि क्षेत्र सुनसान था, तथा शहर पुलिस व स्वास्थ्य अमला की टीम के व्दारा नगर में लगातार गश्त करते हुये दिखायी दी। शहर में बसों के अलावा ऑटो भी बंद हो गए हैं। शहर के सामाजिक सेवा संगठनो और राजनीतिक संगठन एक दो दिन पहले से ही रविवार को जनता कर्फ्यू को सफल बनाने की अपील कर रहे थे। लोग कोरोना से बचाव के लिए एक-दूसरे को मैसेज कर सावधान रहने और सरकार की बात मानने की अपील भी कर रहे हैं। साथ ही नगर के सभी वार्डो सहित कॉलोनीयों में भी जनता कर्फ्यू का मैसेज भेजा जा रहा है कि सुबह 7 बजे से जनता कर्फ्यू लागू हो रहा है तथा 9 बजे तक रहेगा सभी निवासियों से निवेदन किया गया कि कारोना वायरस को हराने में सहयोग करे घरों पर रहे।

22 मार्च के दिन को लोग कभी ना भूलने वाला दिन बता रहे है लोगो के लिए यह दिन अकल्पनीय रहा लोग घरो में रहकर अपने परिवार के साथ ताश, लूडो केरम खेलते रहे थे तो अनेक घरो में हनुमान चालीसा का पाठ होता रहा।जैसे ही शाम के 5 बजे सभी नगरवासियों खासकर महिलाओं बच्चो व युवावर्ग के व्दारा अपने अपने घरो से निकल कर व अपनी बालकनी मे आकर शंख, ताली, ढोली, संगीत ढोल नगाडे, घंटी बजाजर उनके प्रति आभार व्यक्त किया जो जनता की सेवा में अपना रात दिन एक कर दिए है।

नगर पुलिस ने यह कहा

भाटापारा शहर में पहले ही धारा एक 144 लागू किया गया है। ट्रैफिक और पुलिस के जवान पेट्रोलिंग वाहनों में लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगो को इस करोना वायरस से बचने का आगाह करते दिखे और अपने घरो से ना निकलने की समझाइस देते रहे।

जनता ने मानी बात

रविवार की सुबह शहर की सड़कों पर इक्का दुक्का वाहन ही नजर आए। आम लोगों ने इस बात को समझ लिया है कि जितना कम वह भीड़-भाड़ के इलाकों में जाएंगे उतना ही वह कोरोनावायरस से सुरक्षित रहेंगे। भाटापारा नगर के लोगों का जनता कर्फ्यू को लेकर समर्थन शनिवार को ही देखने को मिल गया था। शहर के जयस्तंभ चौक, महासती मार्ग, भटपर मार्ग, सदर बाजार, हटरीबाजार, सुभाष बाजार, फौव्वारा चौक, तहसील चौक आदि स्थानों में अच्छी खासी भीड़ हुआ करती थी मगर रविवार को यहां की सभी दुकानें बंद थी। लोग भी इन इलाकों में नजर नहीं आए।

कोरोनावायरस से सुरक्षा करने वालों के लिए 5 मिनट तक शंखनाद, तालियां-थालियां बजीं

- नगरवासियो ने जनता कर्फ्यू का किया पूर्णत: समर्थन
- भारत मे आज मृतकों की संख्या बढ़कर हुई

बचेली। लौहनगरी जनता कर्फ्यू के दौरान प्रशासन ने दिनभर लोगों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की थी, यह रात 9 बजे तक और रहेगा। प्रधानमंत्री ने कर्फ्यू के दौरान शाम 5 बजे देशवासियों से कोरोनावायरस से बचाने वालों के प्रति आभार जताने को कहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगो ने एक दिन पूर्व ही अपनी जरूरत का सारा सामान, दवाइयां इत्यादि संग्रहित कर लिया था।

सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले भी नही दिखे बस स्टेंड, मुख्य बाजार, कालोनियां, पुराना मार्किट, आरईएस कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रेलवे, सुभाष नगर, हाईटेक, बंगाली केम्प सभी जगह सुबह से ही सन्नाटा पसरा हुआ था। पुलिस बल समूचे नगर में तैनात थी। पुलिस वाहनों द्वारा लगातार गस्त किया जा रहा था। शाम होते ही 5 बजे समूचा नगर थालियों की घण्टियों की तालियों की एवं शंखनाद की ध्वनि से गूंज उठा सभी ने प्रधानमंत्री की अपील पर इस वाइरस से लड़ रहे लोगो का आभार व्यक्त किया। सुबह से ही लोग सोशल मीडिया में एक्टिव नजर आए एवं शाम 5 बजे की वीडियो फ़ोटो लोगो द्वारा अपलोड की गई। बचेली नगर में कर्फ्यू का बेहद ही जबरदस्त असर देखने को मिला।

मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति पर सांसद मोहन मंडावी को दी बधाई

डौंडीलोहारा। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्षो से लंबित मांग मेडिकल कालेज की स्वीकृति पर जिला मंत्री महिला मोर्चा कुसुम शर्मा ने आभार जताते हुए बधाई दी।ज्ञात रहे की हाल ही में सांसद मोहन मंडावी द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन से मुलाकात कर मेडिकल कालेज की स्वीकृति कराई गई है।सांसद की पहल पर स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज इसी सत्र से प्रारंभ करने पर मुहर लगा दी इसके अलावा कांकेर जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री डायलिसिस योजना शुरू हो चुकी है जहां पर निशुल्क डायलिसिस किया जाएगा ।सांसद मोहन मंडावी ने इस हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, का आभार जताया है।

सांसद की सक्रियता से अनेक कार्यो को मिली स्वीकृति :-

मामले में जानकारी देते हुए जिला मंत्री महिला मोर्चा बालोद कुसुम शर्मा ने पत्रिका को जानकारी देते हुए बताया कि सांसद मोहन मंडावी द्वारा क्षेत्र में अनेक कार्य स्वीकृत कराये गए है सांसद द्वारा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुल 249 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा कांकेर जिले के लिए 200 किलोमीटर सड़क निर्माण की अनुशंसा की गई थी जिसके लिये करोड़ो रूपये की राशि स्वीकृत की गई है, जंसमपर्क राशि 4 लाख रुपये, 90 लाख टीन सेड निर्माण कार्य, बालोद जिला में 7 दिव्यांग यात्री प्रतीक्षालय, कांकेर मैं आकांक्षी प्रधानमंत्री सोलर योजना के तहत केंद्र से 75 परसेंट राशि पीएमओ से आएगा जिसमें 25 पच्चीस परसेंट राशि सांसद निधि से मोहन मंडावी जी ने दी है।

मास्क की कालाबाजारी करते मेडिकल स्टोर वाला पकड़ाया, दुकान निलम्बन का प्रस्ताव

बलौदाबाजार। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव में काम आने वाले मास्क की कालाबाज़ारी करते हुऐ कसडोल के एक मेडिकल दुकान पकड़ा गया। तहसीलदार श्री शंकरलाल सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस एवं ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर मास्क बेचते हुए दुकान मालिक को पकड़ लिया। मेडिकल दुकान के लाइसेंस निलम्बन की अनुशंसा सहित प्रस्ताव राजधानी रायपुर स्थित उच्च कार्यालय भेजा जा रहा है।

तहसीलदार श्री सिन्हा ने बताया कि जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा दवाई दुकानों की जांच के लिए संयुक्त टीम बनाई गई है। टीम को तहसील मुख्यालय कसडोल के कॉलेज रोड स्थित आकाश मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ ज्यादा दर पर मास्क बेचने की शिकायत मिल रही थी। दुकान के प्रोपराइटर श्री उमेश साहू हैं। शुरुआत में उन्होंने दुकान में मास्क नहीं होना बताया। बाद में कड़ाई बरतने पर उन्होंने बताया कि 30 मास्क उन्होंने 7800 रुपये में खरीद कर लाये थे। इनमें से कुछ का अपने पारिवारिक सदस्यों के उपयोग के लिए है। गहराई से पूछताछऔर पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत किये जाने पर 350 रुपये प्रति नग के हिसाब से मास्क बेचे जाने की बात स्वीकार की गई। दुकान से 4 नग मास्क बरामद भी किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर श्री किशोर ठाकुर और नमूना सहायक रूखमणी कंवर द्वारा भी नमूना लिया गया। उनके द्वारा प्रकरण तैयार के दुकान के लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रस्ताव रायपुर भेजा गया है। टीम ने इसके बाद सर्वा, छाँछी, सेल, कटगी के मेडिकल दुकानों की भी जांच की।

संक्रमण से लड़ने की योजना पर उपाध्यक्ष विद्या ने जताया अभार

डौंडीलोहारा। 22 मार्च को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आव्हान के बाद जनता कर्फ्यू को सफल बनाने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के मुस्तैदी के चलते नगर पंचायत डौंडीलोहारा में पूर्णतः बन्द देखने को मिला तथा लोग अपने घरों में रहे।इस पर नगर पंचायतउपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने कलेक्टर रानू साहू, एसपी एम एल कोटवानी, एवं स्वास्थ्य विभाग व जिला के मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को अपने कार्यो के लिए धन्यवाद दिया। उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने कहा कि एक ओर जहां सभी लोग नोवल कोरोनावायरस के प्रकोप से बचने विशेष सावधानी बरत रहे हैं वही स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन लोगों को सुरक्षित रखने एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने मुस्तैदी से कार्य कर रही है जिससे लोगों को कई प्रकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसमें मीडिया कर्मी विशेष भूमिका निभा रहे है स्थानीय प्रशासन द्वारा भी मुस्तैदी दिखाते हुए लगातार लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है खाद्य व्यापारियों ने भी सहयोग कर अपनी भूमिका निभा रहे है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नक्सलियों से निपटने...

कमरे में बैठक कर नक्सलियों के खिलाफ रणनीति तैयार की है। संभावना जतायी जा रही है कि बैठक में नक्सली हमले की समीक्षा के साथ नक्सलियों से निपटने आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

लॉकडाउन को गंभीरता से...

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन जिलों और राज्यों में लॉकडाउन की घोषणा हुई है, वहां घरों से बिल्कुल बाहर न निकलें। इसके अलावा बाकी हिस्सों में भी जब तक बहुत जरूरी न हो, तब तक घरों से बाहर न निकलें। उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना वायरस से अबतक सात लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 390 लोग संक्रमित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस के चलते विदेशों में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने में एयर इंडिया के प्रयासों की सराहना की है। मोदी ने ट्वीट कर कहा है, 'एयर इंडिया की टीम पर गर्व है जिसने धैर्य रखते हुए मानवता का परिचय दिया है। देश भर में उनके असाधारण प्रयास की प्रसंसा हो रही है।' नागरिक विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी एयर इंडिया की प्रशंसा की है। उन्होंने ट्वीट किया, 'एयर 'इंडिया के बोइंग 777 के चालक दल ने कप्तान स्वाति रावल और राजा चौहान के नेतृत्व में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए 263 भारतीयों की स्वदेश वापसी कराई है।

कोरोना की तैयारियों...

चीफ जस्टिस की अध्यता वाली बेंच ने कहा, 'हम सरकार के कदमों से संतुष्ट हैं। मामले से निपटने के लिए काफी तेजी से कदम उठाए गए। आलोचक भी मान रहे हैं कि सरकार ने ठीक काम किया। यह राजनीति नहीं तथ्य है।' इस बेंच में जस्टिस एल एन राव और सूर्यकांत शामिल थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक बड़ा फैसला और लिया है। अब जरूरी सुनवाई के लिए कौन वकील सुप्रीम कोर्ट परिसर में जाएंगे इसकी जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन के अध्यक्ष की होगी।

लोकसभा की कार्रवाही...

लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही आज ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय सदन में मौजूद थे।

संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सभी दलों के नेताओं के साथ आज सुबह हुई बैठक में यह सहमति बनी थी कि असाधारण परिस्थितियों को देखते हुये वित्त विधेयक को बिना चर्चा के पारित किया जायेगा। श्री बिरला ने वित्त बताया कि इस सत्र के दौरान सदन की कुल 23 बैठकों में 16 सरकारी विधेयक सदन के पटल पर रखे गये और 13 विधेयक पारित किये गये। सदन ने देर रात तक बैठकर 21 घंटे 41 मिनट अतिरिक्त कामकाज किया और कुल 109 घंटे 23 मिनट काम हुआ। आज बजट पर 11 घंटे 51 मिनट चर्चा हुई। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए रेल मंत्रालय से संबद्ध अनुदान माँगों पर 12 घंटे 31 मिनट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्रालय की अनुदान माँगों पर पाँच घंटे 21 मिनट और पर्यटन मंत्रालय की अनुदान माँगों पर चार घंटे एक मिनट चर्चा हुई। अन्य मंत्रालयों की अनुदान माँगों तथा सभी अनुदान माँगों से संबंधित विनियोग विधेयकों को 16 मार्च को गिलोटीन के जरिये मंजूरी प्रदान की गयी।

आज से घेरलू उड़ानें...

(24 मार्च) शाम 6 बजे से 31 मार्च तक धारा-144 की घोषणा। सिर्फ आवश्यक सेवाएं ही जारी रहेंगी। तेलंगाना में कोविड-19 के तीन पॉजिटिव केस मिलने के बाद राज्य में कुल मरीजों की संख्या 30 हो गई है। वहीं, आंध्रप्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6 पहुंच चुकी है। कर्नाटक में एक कोरोना पॉजिटिव केस मिलने के बाद राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 27 हो गई है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्रीरामुलु ने यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी, अब तक 415 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोगों से लॉकडाउन का गंभीरता से पालन करने की अपील करते हुए राज्य सरकारों से कहा कि वे नियमों और कानूनों का पालन कराना सुनिश्चित करें। मोदी ने ट्वीट किया, 'लॉकडाउन को अब भी कई लोग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कृपया करके अपने आप को बचाएं, अपने परिवार को बचाएं, निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।'

चोरी के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 15 हजार नगद के अलावा चोरी के आभूषण जब्त

भाटापारा । शंकर वार्ड स्थित शर्मा टाइपिंग सेंटर के संचालक नरेश शर्मा के यहाँ 5 मार्च को हुई चोरी के मामले में 5 आरोपियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने आरोपियों से नगदी सहित चोरी गए आभूषण और उनके 3 नग मोबाईल को जब्त कर न्यायलय के निर्देश पर जेल भेज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने पत्रकारो से उक्त मामला का खुलासा करते हुए बताया की शंकर वार्ड निवासी टाइपिंग संचालक नरेश शर्मा अपने घर में ताला लगाकर 5 मार्च को सुबह अपनी पत्नी के साथ गुजरात की सोमनाथ द्वारिका की यात्रा पर गए थे तो पांच 6 की दरम्यानी रात उनके घर पर किसी अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर प्रवेश करते हुए नकदी सहित आभूषणों को चोरी कर ले गए थे।इस घटना की रिपोर्ट नरेश शर्मा के भतीजे के द्वारा दर्ज कराये जाने पर घटना की सुचना पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल को देते हुए उनके निर्देश पर एक टीम को लगाया गया। टीम में शामिल ए एस आई ओम साहू, धनेश्वसर दुबे, प्रमोद पटेल, विकास सिंह, नाथुरान निषाद और भारत भूषण पठारी की टीम को लगाया गया। निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 114/19 धारा 457, 380 भादवि में 05 चोर को पकडने में सफलता प्राप्त हुई है।

शाम पांच बजते ही बजी तालियां और थालियां

डौंडीलोहारा। रविवार शाम को जैसे ही पांच बजा वैसे ही लोगों ने थाली, ताली व शंख बजाकर उन लोगों के प्रति धन्यवाद व साधुवाद प्रगट किया जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपने अपने कर्तव्यों के प्रति डटे हुए हैं।पुलिस कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, सैनिक व मेडिकल सेवा से जुड़े लोगो के प्रति धन्यवाद दिया।

किसी के हाथ मे शंख था तो किसी के हाथ मे थाली तो किसी ने बजाई थाली, तो किसी ने घण्टी से तो कइयों ने मंदिर का घण्टा बजाया। सबने अपने अपने स्तर पर कोरोना शांति के लिये विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व साधना आराधना भी की।अनेको ने अपने इष्टदेव को याद किया व अनेको ने हनुमानजी के चालीसा का पाठ किया।

जैन समुदाय ने किया नवकार जाप--नगर के जैन समुदाय ने अपनेअपने घरों में नवकार महामंत्र का सामुहिक जाप भी किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

पृथ्वीराज में काम करना शानदार अनुभव: मानुषी

मुंबई (वार्ता)। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर का कहना है कि फिल्म 'पृथ्वीराज' में काम करना उनके लिये बेहद शानदार अनुभव रहा है। मानुषी फिल्म 'पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं, जिसमें वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। फिल्म 'पृथ्वीराज' में अक्षय कुमार राजा पृथ्वीराज चौहान के लीड रोल में होंगे जबकि मानुषी छिल्लर उनकी प्रेमिका संयोगिता के किरदार में होंगे। मानुषी छिल्लर का कहना है कि पर्दे पर संयोगिता के किरदार के साथ न्याय करना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मानुषी छिल्लर ने कहा, 卐फिल्म 'पृथ्वीराज' वास्तव में एक बहुत बड़ा अनुभव है। इसे एक बहुत बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है और हमने अपने राजस्थान शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इस राज्य में शूटिंग करने का अनुभव बेहतरीन रहा, क्योंकि हमने कुछ बेहद ही शानदार दृश्य यहां फिल्माए हैं। यह मेरी पहली फिल्म के लिए मेरा पहला आउटडोर है और इस पूरे अनुभव से मोहित हूं। उन्होंने कहा, राजस्थान में शूटिंग के दौरान हमें खूब प्यार मिला। पृथ्वीराज और संयोगिता के लिए लोगों के दिलों में सम्मान है और इसे देखकर बहुत ही अच्छा लगा। ऐसे में संयोगिता के किरदार को पर्दे पर निभाना मेरे लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रही हूं कि जब लोग दिवाली में इस फिल्म को थिएटर में देखें, तो उन्हें पूरी तरह से संतोष मिले। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी है।

मानुषी छिल्लर का कहना है कि पर्दे पर संयोगिता के किरदार के साथ न्याय करना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मानुषी छिल्लर ने कहा, 卐फिल्म 'पृथ्वीराज' वास्तव में एक बहुत बड़ा अनुभव है। इसे एक बहुत बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है और हमने अपने राजस्थान शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इस राज्य में शूटिंग करने का अनुभव बेहतरीन रहा, क्योंकि हमने कुछ बेहद ही शानदार दृश्य यहां फिल्माए हैं। यह मेरी पहली फिल्म के लिए मेरा पहला आउटडोर है और इस पूरे अनुभव से मोहित हूं।

कृति सेनन ने कजरारे पर किया क्लासिकल डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने ऐश्वर्या राय के सुपरहिट गाना 'कजरारे' पर क्लासिकल डांस किया है। कृति ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। कृति का एक डांस वीडियो सामने आया है जिसमें वह ऐश्वर्या राय बच्चन को टक्कर देती नजर आ रही है। उन्होंने ऐश्वर्या के 'कजरारे' पर शानदार क्लासिकल डांस करके तारीफें बटोरी हैं। इंस्टाग्राम पर कृति का एक नया वीडियो सामने आया है जिसे देखकर ऐश्वर्या राय भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगीं। कृति इस वीडियो में काफी बेहतरीन अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वह इन दिनों क्लासिकल डांस में परफेक्शन ला रही हैं। इसका वीडियो एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर भी शेयर किया है। इस छोटे से वीडियो में कृति के एक्सप्रेशन काबिले तारीफ हैं। इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस उनकी तारीफकरते नहीं थक रहे हैं। इस वीडियो में कृति कजरारे गाने की शुरुआत वाली शायरी पर परफॉर्म कर रही हैं।

कॉमेडी फिल्म थैंक गॉड में काम करेंगे अजय देवगन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन फिल्मकार इंद्र कुमार की कॉमेडी फिल्म में काम करने जा रहे हैं। इंद्र कुमार कॉमेडी फिल्म 'थैंक गॉड' बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह नजर आने वाली हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि इसकी शूटिंग 10 अप्रैल से शुरू होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस के चलते इसको टाल दिया गया है। यदि बात बनती है तो यह फिल्म वर्ष 2021 में रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इंद्र कुमार इस फिल्म पर कई वर्षों से काम कर रहे थे। इस प्रोजेक्ट का ऐलान पिछले वर्ष दिसंबर में किया गया। इसमें अजय और टी-सीरीज पैसा लगाने वाले है। पिछले साल अजय और इंद्र कुमार की कॉमेडी फिल्म 'टोटल धमाल' रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर करीब 150 करोड़ का बिजनेस किया था।

अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर करीना के साथ काम करेंगी करिश्मा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का कहना है कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर करीना कपूर के साथ काम कर सकती है। करिश्मा कपूर और करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनायी है। हालांकि दोनों ने कभी साथ में किसी फिल्म में काम नहीं किया है। करिश्मा ने कहा है कि वह करीना के साथ काम करना चाहती है। करिश्मा कपूर ने कहा मैं करीना के साथ काम करना चाहती हूं और मुझे इस बात का पता है कि वह भी ऐसा ही सोचती है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। हम दोनों एक परफेक्ट स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। मुझे उम्मीद है कि कोई ना कोई हम दोनों के लिए एक शानदार स्क्रिप्ट लिख रहा होगा। यदि ऐसा होता है तो हमें साथ में काम करने में बेहद मजा आएगा।

कोरोना से रियाल मैड्रिड के पूर्व अध्यक्ष की मौत

मशहूर फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड के पूर्व अध्यक्ष लोरेंजो सांज की घातक कोरोना वायरस (कोविड 19) की चपेट में आने के कारण स्पेन में मौत हो गयी।

मैड्रिड (वार्ता)। स्थानीय मीडिया के अनुसार सांज में कोरोना वायरस के लक्षणों के सामने आने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद मेडिकल टेस्ट में वह कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। रियाल मैड्रिड क्लब ने कहा, ÷हम सभी पूर्व अध्यक्ष के निधन के बाद सदमे में हैं जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा अपने महान जुनून को समर्पित किया। सांज को उनके योगदान के लिए जल्द वो पहचान दी जायेगी जिसके वह हकदार है।÷ सांज के पुत्र लोरेंजो सांज दुरान ने कहा, ÷मेरे पिता का देहांत हो गया हैं। वह इस तरह के अंत के हकदार नहीं थे। मैंने अब तक जितने भी लोगों को देखा है उनमें से मेरे पिता सबसे अच्छे, सबसे बहादुर और सबसे मेहनती है। उनके लिए उनका परिवार और रियाल मैड्रिड सबसे प्यारे थे।

सांज वर्ष 1995 से लेकर 2000 तक रियाल मैड्रिड के अध्यक्ष रहे। उनकी अध्यक्षता में रियाल मैड्रिड ने 32 साल का इंतज़ार खत्म करते हुए 1998 में यूरोपियन कप जीता था। उनकी अध्यक्षता में रियाल मैड्रिड ने वर्ष 2000 में एक और बार यूरोपीय कप जीता और साथ ही एक इंटरकांटिनेंटल कप और ला लीगा का खिताब भी जीता। रियाल मैड्रिड के कप्तान सर्जियो रामोस ने सांज के निधन पर उनके परिवार के प्रति दुख व्यक्त करते हुए कहा,÷सांजे की मृत्यु इन कठिन दिनों में और भी दुखद है।

यौन शोषण के आरोपों पर बड़ौदा महिला टीम के कोच बेडाडे निलंबित

वड़ोदरा (वार्ता)। बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने राज्य की महिला टीम के कोच अतुल बेडाडे के खिलाफ यौन उत्पीड़न सहित अन्य आरोपों में जांच लंबित देखते हुए उन्हें अनिश्चितकालीन समय के लिए निलंबित कर दिया है।

बीसीए की तरफ से हालांकि 53 वर्षीय बेडाडे के खिलाफ लगे हुए आरोपों को स्पष्ट तौर नहीं बताया गया है लेकिन संघ ने एक पत्र में कहा है कि यह निलंबन उनके व्यवहार को लेकर लगाया है। संघ ने कहा, ÷शारीरिकता पर निजी टिप्पणियां जो टीम के सदस्यों के मनोबल को हतोत्साहित करती है और गुस्से का असंतुलित होना तथा असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर यह निलंबन लगाया गया है। बीसीए के सचिव अजीत लेले ने पुष्टि करते हुए कहा है कि संघ की सर्वोच्च समिति इस मामले में जांच समिति का गठन करेगी जो बेडाडे के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करेगी। हालांकि विश्व भर में फैले खतरनाक कोरोना वायरस के कारणं यह सुनिश्चित नहीं है कि जांच समिति का गठन कब किया जायेगा। भारत की तरफ से नब्बे के दशक में 13 वनडे मुकाबले खेल चुके बेडाडे को अप्रैल 2019 में बड़ौदा महिला टीम का कोच बनाया गया था। उन्होंने इन आरोपों को लेकर कहा, इस तरह के आरोप लगना मेरे लिए आश्चर्य की बात है।

कोरोना से लड़ने के लिए एनबीए ने शुरू किया एनबीए टुगेदर अभियान

न्यूयॉर्क (वार्ता)। कोरोना वायरस महामारी के कारण एनबीए सीज़न 2019-20 निलंबित किया जा चुका है और इसके बारे में जागरूकता लाने तथा इसके प्रसार को कम करने के लिए 18 एनबीए और डब्ल्यूएनबीए खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से अपने विचार साझा किए हैं। सोशल मीडिया पर इन वीडियो को अब तक करीब 3.7 करोड़ लोग देख चुके है। लीग अपने ÷एनबीए टुगेदर÷ का प्रयोग विशाल डिजिटल माध्यम और एनबीए परिवार में टीमों, खिलाड़ियों, कोचों, डॉक्टरों तथा अन्य लोगों की आवाज़ों को उठाने के लिए कर रही है।यह एक वैश्विक समुदाय और सामाजिक जुड़ाव अभियान है। इसका मकसद कोरोना वायरस के खिलाफ युवाओं, परिवारों और अपने फैन्स को एकजुट, शिक्षित और प्रेरित करना है। एनबीए टुगेदर अपने एनबीए परिवार और समुदाय तथा स्वास्थ्य सेवा संगठनों द्वारा प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए पांच करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनबीए, डब्ल्यूएनबीए तथा खिलाड़ियों द्वारा पहले ही तीन करोड़ डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

आगे भी जारी रहना चाहिए जनता कर्फ्यू : आर अश्विन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने देश में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जनता कर्फ्यू को सराहते हुए कहा है कि यह आगे भी जारी रहना चाहिए। अश्विन ने अपने ट्वीट में लिखा, ÷जनता कर्फ्यू की अविश्वसनीय शुरूआत। जैसा स्कूल में कहा जाता था पिन ड्रॉप साइलेंस। उम्मीद करता हूं कि यह इस दिन के बाद भी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में भी सामाजिक दूरी का पालन किया जाएगा। उन्होंने फिर कहा, ÷लोग दूसरों के कामों में कमियां देखते हैं या हमारे सिस्टम में क्या खामियां हैं। इस बारे में बात करते हैं। थोड़ा ब्रेक लें और जब आप सोशल मीडिया डिस्टेंसिंग का कड़ाई से अभ्यास करें तो अपने अंदर झांकें। समाज की भलाई के लिए यह आपका सबसे बड़ा योगदान होगा।

अभी घर से बाहर नहीं निकले : इरफान पठान

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने देशवासियों से अनुरोध किया है कि अभी घर से बाहर नहीं निकले, हम अभी तक वायरस को हरा नहीं पाएं हैं। इरफान ने ट्वीट कर सभी देशवासियों को कोरोना वायरस से लड़ने पर अपनी सलाह दी है और लोगों से अनुरोध भी किया है कि जनता कर्फ्यू हटने के बाद भी आज रात घरों से बाहर नहीं निकले।

टोक्यो ओलंपिक का आयोजन 24 जुलाई से नौ अगस्त तक होना है

ओलंपिक स्थगित करने को लेकर फैसला चार सप्ताह के अंदर लिया जाएगा : बैक

वैश्विक महामारी का रुप ले चुके कोरोना वायरस के कारण इस वर्ष जुलाई में जापान के टोक्यो में होने वाले ओलंपिक के आयोजन को लेकर खतरे के बीच अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बैक ने रविवार को कहा कि ओलंपिक स्थगित करने का फैसला चार सप्ताह के अंदर लिया जाएगा।

मॉस्को (वार्ता)। टोक्यो ओलंपिक का आयोजन 24 जुलाई से नौ अगस्त तक होना है। एथलीट समुदाय के भेजे पत्र में बैक ने कहा,÷अपने साझेदारों के साथ बैठक में हमने कोरोना को लेकर विश्वभर के हालातों और ओलंपिक पर इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चर्चा की जिसमें इसे स्थगित करना भी शामिल था। हम इसको लेकर काफी मेहनत कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि इस बारे में फैसला अगले चार सप्ताह के भीतर ले लिया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के मुताबिक जापान में कोरोना के कारण हालात सुधरने के बाद टोक्यो ओलंपिक को निर्धारित समय में कराने का हौसला बढ़ा है। उन्होंने कहा,÷एक तरफ जापान में हालात में सुधार हो रहा है और लोगों ने ओलंपिक मशाल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। इससे हमारा इसे निर्धारित समय में कराने को लेकर हौसला बढ़ा है।÷ बैक ने साथ ही कहा कि ओलंपिक को रद्द करना समिति के एजेंडे में शामिल नहीं है और टूर्नामेंट की नयी तारीखों के बारे में इस बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर के खेल प्रभावित हुए हैं और ओलंपिक के आयोजन को लेकर भी खतरा पैदा हो गया है।

कोरोना के कारण ओलंपिक में भाग नहीं लेगा कनाडा

मॉस्को (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण ओलंपिक के आयोजन को लेकर खतरे के बीच कनाडा की टीम ने बयान जारी कर कहा है कि वे इसके खतरे को देखते हुए इस वर्ष होने वाले टोक्यो ओलंपिक में अपने एथलीटों को नहीं भेजेगा। उसने साथ ही ओलंपिक को एक साल के लिए स्थगित करने की मांग की है। ओलंपिक के आयोजन पर खतरा मंडरा रहा है। कनाडा टीम ने बयान जारी कर कहा,÷कनाडा ओलंपिक समिति (सीओसी) और कनाडा पैरालम्पिक समिति (सीपीसी) ने एथलीट आयोग, राष्ट्रीय खेल संगठन और कनाडा सरकार से चर्चा कर अपने एथलीटों को टोक्यो में होने वाले ओलंपिक और पैरालम्पिक खेलों में नहीं भेजने का कठिन फैसला लिया है।

यूरोप से लौटे संगकारा ने खुद को किया अलग-थलग

कोलम्बो (वार्ता)। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेट कप्तान कुमार संगकारा ने विश्व भर में फ़ैल चुके जानलेवा कोरोना वायरस (कोविड 19) के खतरे को देखते हुए खुद को सामाजिक तौर पर 14 दिनों के लिए अलग-थलग कर लिया है। संगकारा दरअसल हाल ही में यूरोप से लौटे थे और सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए वह 14 दिनों तक बिलकुल अलग-थलग रहेंगे। संगकारा ने रविवार को कहा, ÷मेरे अंदर कोरोना से संबंधी कोई लक्षण नहीं पाए गए है लेकिन मैं सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन कर रहा हूं। मैं एक सप्ताह पहले लंदन से आया था और आने के बाद मुझे पता चला कि 1 से 15 मार्च के बीच यूरोप की यात्रा करने वाले लोगों को पुलिस के समक्ष खुद को रजिस्टर कराने और अलग-थलग होने के निर्देश है जिसके बाद मैंने पुलिस के पास जाकर अपने रजिस्ट्रेशन कराया। संगकारा और माहेला जयवर्धने ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सोशल मीडिया के जरिये नागरिकों से संयम रखने और एक दूसरे से दूरी बनाये रखने की अपील भी की है।

आवश्यक सेवाओं को छोड़ कर व्यापारियों ने अपनी दुकानें स्वतः ही बंद रखी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का ऐतिहासिक असर जिले में देखने को मिला, आज सुबह से ही आवश्यक सेवाओं को छोड़ कर व्यापारियों ने अपनी दुकानें स्वतः ही बंद रखी है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर शाम 5 बजते ही लोगो ने अपने घरों से निकलकर शंख, ढोल, घंटियां बजाना शुरू कर इस मुहिम में जुड़े स्वास्थ्यकर्मि, स्फाई कर्मिया, पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाया,, जिले वासियों ने स्वतः ही जनता कर्फ्यू का बडे पैमाने पर समर्थन किया है। बतादे कि पुलिस अधीक्षक ने भी आज सुबह से जिले की कमान सम्हाल रखी थी, शाम को 5 बजे के बाद घूमते लोगो को अपने घरों में वापस जाने और 31 तारीख तक प्रशासन की मदद करने की अपील करते नजर आए पुलिस अधीक्षक सी डी टंडन भी नजर आ रहे थे। नगर के वरिष्ठ नागरिक बाल कृष्ण जोशी ने बताया कि ये एक एतिहासिक कर्फ्यू था देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्य मंत्री की अपील का लोगो ने हृदय से स्वागत किया और स्वतः ही अपने घरो में रहते हुए कोरोना वायरस से

लडने में प्रशासन की मदद की है शाम पांच बजते ही नगर का नजारा देखने लायक हो गया, क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, क्या नौजवान सभी ने अपने घरो की छतो, बालकनियों में घरो से बाहर निकल कर शंख नाद किया , घंटी,ढोल, आदि बजा कर इस कार्य में लगे लोगो की हौसला अफ्जाई की है। वही कल सुबे के मुख्य मंत्री ने करोना वायरस के मद्देनजर छत्तीसगढ के सभी नगरीय क्षेत्रों को 31 मार्च तक बंद का आदेश जारी किया है जिसके चलते जिले सहित नगर में आज भी बंद के हालात बने हुए है, बैंक, मेडिकल, किराना सामान व आवश्यक वस्तुओं की दुकानो को छोडकर सभी दुकानो सहित लगभग सभी कार्यालय बंद रहे।

बता दे कि कल से ही जहां पुलिस प्रशासन चैक चैराहो पर मुस्तैद नजर आ रही है, वही बार बार पुलिस की समझाइश के बावजूद भी लोगो का चैक चैराहो पर भीड लगाकर खडे रहना विभाग के लिए चुनौतिपूर्ण होता जा रहा, बता दे कि कल से ही नगर के पुलिस अधिक्षक सहित जिले के आला पुलिस अधिकारियों ने जिले में शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लिए कमान अपने हाथ में ले रखी है, और अनवरत ही नगर सहित आस पास के क्षेत्रो में लगातार पेटोलिग कर नगर के हालत का जायजा लिया जा रहा है

न्यूज गैलरी

बाहर से जिले में आने वाले व्यक्ति टोल फ्री नंबर 104 पर देंगें अपनी जानकारी

सूरजपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार नोवलकोरोना कोविड 19 के आउटब्रेक को देखते हुए उसके संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु अन्य राज्यों से आने वाले इंटरस्टेट माइग्रेन्टस के संबंध में छ0ग0 शासन स्वास्थ्य एवं परिवार अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि जो भी व्यक्ति अन्य राज्यों विषेषकर जहां कोरोना के सकारात्मक मामले ज्यादा आ रहे है। वहां से राज्य में ट्रेन या संचार के साधनों से आने वाले व्यक्ति अपनी विस्तृत जानकारी टोल फ्री नम्बर-104 पर देवें। इसके साथ ही जिले से प्रभारी नोडल अधिकारी कोविड 19 डॉ0 दीपक जायसवाल मो0न0 9926408456, डॉ0 राजेष पैकरा, जिला सर्वेलेंस अधिकारी मो0न0-8718049006 एवं जमील हसन, मो0न0-7999906164 पर सुचना दे सकते हैं। अपनी जानकारी देने के पष्चात् वे तत्काल निर्धारित 14 दिनों हेतु भ्वउम फ्नंतंदजपदम हेतु चले जायेगें।

सार्वजनिक स्थानों में जाने से बचें, घर पर रहें- कलेक्टर

सूरजपुर । लोकआस्था की देवी मां कुदरगढ़ी धाम में स्थानीय और जिले से लगे हुए राज्य मध्यप्रदेष, उत्तरप्रदेष व झारखंड से भी श्रद्धालु सूरजपुर के विकासखंडओडगी में लाखों की संख्या में दर्षन करने पहॅुचते थे। यह मेला चैत्रनवरात्र के समय 09 दिनों तक चलता था जिसमें कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम को

ध्यान में रखते हुए भारत शासन, छत्तीसगढ़ शासन और फ्रि जिलाप्रषासन के द्वारा मेले को स्थगित किया गया है। मेला स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया गया है, और कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देष पर सभी ग्राम पंचायतों, पडोसी जिलों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में भी होर्डिग्स, पाम्प्लेट व पोस्टर चस्पाकराकर एवं मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर लोगों से अपील की जा रही है, कि सुरक्षा की दृष्टि से घर पर ही समय व्यतीत करें और माता की पूजा घर पर ही रहकर करें साथ ही स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण होने के बाद मेला का भव्य आयोजन कराये जाने के लिए प्रषासन संकल्पबद्ध है। वहीं मेला स्थगित किये जाने के बाद कुदरगढ़ धाम में इसका असर दिखाई देने लगा है, और श्रद्धालु भी दर्षन को नहीं आ रहे हैं, इधर कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने भी आमजनों से अपील कर किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने और घरों में रहकर सुरक्षा निर्देषों का पालन करने को कहा है।

दो माह का एकमुश्त प्रदाय किया जाएगा खाद्यान्न

सूरजपुर। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी अधिसूचना एवं खाद्य अधिकारी सूरजपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण के प्रबंधन के अन्तर्गत निर्णय लिया गया है कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन, एकल निराश्रित एवं अनपुर्णा श्रेणी के राशनकार्ड धारकों को माह अप्रैल 2020 तथा मई 2020 का चावल का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। जिसमें माह अप्रैल, 2020 का चावल आबंटन जारी कर भंडारण कराया जा चुका है, इस हेतु संचालनालय द्वारा माह मार्च, 2020 में ही मई 2020 के लिए के राशनकार्डो का आबंटन जारी कर एकमुश्त भंडारण कर माह अप्रैल में ही एकमुश्त दो माह का चावल वितरण करने को कहा है। कललेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश पर उचित मूल्य दुकान में एक सप्ताह से 15 दिनों तक चावल की बड़ी मात्रा रखने के लिए ग्राम पंचायत भवन , सामुदायिक भवन या अन्य शासकीय भवन में आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

जिला नोडल अधिकारियों के द्वारा कोरोना वायरस से बचाव की दी जा रही समझाईश

सूरजपुर। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के आदेशानुसार कोरोना वायरस (कोविड़-19) से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में धारा 144 के कड़ाई से पालन हेतु 22 मार्च 2020 को जिला सूरजपुर के नगर पालिका सूरजपुर एवं नगर पंचायत बिश्रामपुर के नगरीय क्षेत्रों में अपर कलेक्टर एस0 एन0 मोटवानी नोडल अधिकारी नगरीय क्षेत्र, डिप्टी कलेक्टर श्री वहीदुर्रहमान शाह सहायक नोडल अधिकारी नगरीय क्षेत्र, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दीपक एक्का द्वारा दौरा किया गया। दौरा प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक पुलिस विभाग एवं नगरपालिका की टीम के साथ सूरजपुर नगर का दौरा किया गया।

बैंक अपने ग्राहकों को पहले सेनेटाइजर दे रहा, फिर थमा रहा नोट

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। सार्वजनिक स्थल में कोरोना वायरस से बचाव के लिए माक्स व हाथ साफ करने के लिए सेनेटाइजर की उपयोग इन दिनों कार्यालय में होने लगा है स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक ग्राहको के हाथ में सेनेटाइजर डालकर साफ कराया जा रहा है वहीं बैक के कर्मचारी माक्स लगाये काम कर रहे है। यूको बैंक, ओरियटल बैक आफ कामर्स, सहकारी बैक, अधिकांश बैकों ने सुझाए गये ऐतिहात का पालन करते दिखे इसके साथ ही रविवार को जनता कफ्यू को बचाव के लिए शाखा प्रबंधक एल.रमेश ने इसे उचित बताया है। युको बैंक ने शाखा प्रबंधक ने सुधीर रंजन ने भी इसे बचाव के लिए आवश्यक बतलाया और उन्होने कहा कि हम अपने कर्मचारियों को माक्स लगाने का सुझाव दिये है

जिसका कर्मचारियों ने पालन किया है और माक्स लगाकर काम रहे है साथ ही सेनेटाइजर की व्यवस्था बैंक में है ताकि बैंक में आने वाले ग्राहकों के हाथ साफ-सुथरे हो जिसे संक्रमण नही फैलेगा। ओरियटल बैंक आफ कामर्स के सहायक प्रबंधक राहुल राज ने बतलाया कि बैंक में आने वाले लोग व नोट के माध्यम से सक्रमण न फैले इकसे लिए सेनेटाइजर की व्यवस्था है कर्मचारी जिसका उपयोग कर रहे है और सेनेटाइजर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है ताकि कर्मचारी माक्स लगाकर काम कर रहे है, बैक ने कोरोना वायरस के रोक-थाम के लिए बुनियादी सुरक्षात्मक उपाय की जानकारी भी पोस्टर भी बैंक में लगवाए है ताकि बैंक के ग्राहकों को इसकी जानकारी हो और इसके माध्यम से वे अपना बचाव कर सकें। बैंक कर्मचारियों को भी कोरोना वायरस का भय सता रहे है बड़ी संख्या में विभिन्न वर्ग के ग्राहक लेन-देन हेतु बड़ी संख्या में बैंक आते है नोटो के माध्यम से सक्रमण के आने की संभावना इंकार नही किया जा सकता इस लिए उनकी अपेक्षा है कि प्रशासन और बैंक कर्मचारियों के सुरक्षा के लिए कोई नीति निर्धारित करे ताकि कर्मचारी इस वायरस के प्रभाव न आये और बैंक के काम-काज चले। हांलही मे जबलपुर के बैंक कर्मचारी के कोरोना वायरस से पीड़ित होने के खबर ने बैंक कर्मचारियों दहशत में ला दिये है बताया जा रहा है कि जबलपुर में इस घटना के बाद बैंक बंद कर दिये गये है। चूकि बैंक देश अर्थ व्यवस्था से जुड़ा है अतएव यदि बंद किया जाना संभव न हो तो एतिहात के तौर पे वर्तमान व्यवस्था में परिवर्तन किये जाने की व्यवस्था बैंक के अधिकारी व कर्मचारी जता रहे है।

जनता कर्फ्यु प्रशासन की मुस्तैदी लोगों का संयम

पिथौरा। जनता कर्फ्यू को लेकर प्रशासन व लोगों की मुस्तैदी काबिले तारीफ रही।इस संवेदनशील समय में प्रशासनिक नियमों व सेवा को सुचारु रूप से संचालित करने एस डीएम बीसए मरकाम स्वयं नगर का भ्रमण एक दिन पूर्व किया और जनता कर्फ्यू के पूरे दिन लोगों को जागरूक व घरों के अंदर रहने की अपील करते रहे उनके साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी पूरी टीम के साथ मुस्तैदी से लोगों को घरों में रहने की हिदायत देते रहे।नगर वासियों ने प्रशासन के निर्देश का भरपूर पालन व सहयोग किया प्रशासन के अधिकारियों ने इसे आगे भी जारी रखने की अपील की है सिर्फ बहुत जरुरी काम हो तभी बाहर निकले वायरस छूने से फैलता है जितना औरों से दूर रहेंगे संक्रमण होने से बचें रहेंगे।आज भी कई दूकानों ने बंद करके प्रशासन का सहयोग किया है पर लोगों का बाहर निकल आना प्रशासन के लिए मुश्किल पैदा कर रहा है।इस प्रशासनिक अधिकारियों मे नायाब तहसीलदार की गैरमौजूदगी सवाल खड़े कर रही है।

हाट बाजार से लेकर, गली कूचों में पसरा रहा सन्नाटा

■ **जनता कर्फ्यू का गांवों में भी दिखा असर, लोग घरों में दिनभर दुबके रहे**

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। कोरोना वायरस के संक्रमण ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए देश के प्रमधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता से अपील की थी कि कोरोना वायरस को लेकर जो बचाव के प्रबंध किए गए है वह बचाव के प्रबंध आमजनों की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इस भागीदारी को लेकर नगर के प्रबुद्धजनों ने भी आगे आने का निर्णय लिया है। जिसका असर नगर से लेकर गांव-गांव में देखा गया। पूरे दिन जनता कर्फ्यू के समर्थन को लेकर जारूकता देखी गई, जिसके चलते ही लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके रहे।

लोगों की चहल कदमी दिनभर बंद रही। शांम को पांच बजे लोगों ने घरों के सामने ताली, घंटी, शंख बजाकर कोरोना से लड़ने वाले योद्धाओं का आभार व्यक्त किया।

शासन के निर्देशानुसार लवन नगर में जनता कर्फ्यू को भरपूर समर्थन मिला। रविवार को सुबह से लोग परिवार सहित घरों में खुद को बंद कर रखे थे। व्यापारियों ने जनता कर्फ्यू के दिन राइस मिल, पेट्रोल पम्प, हॉटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, सब्जी दुकान सहित लवन में किसी प्रकार के दुकान का ताला नहीं खुला सभी व्यापारियों ने खुलकर अपना समर्थन दिया। वही दिनभर लवन पुलिस की टीम पेट्रोलिंग करती नजर आई, लवन से लेकर, गांवों तक पुलिस की टीम पूरे दिनभर पेट्रोलिंग करती रही। प्रमुख चैक-चैराहों पर अतिरिक्त पुलिस की टीम तैनात की गई थी।

शासन के आदेश पर पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाहर से आ रहे लोगों पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है। गांव के लोग रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में काम की तलाश में जा पहुंचते है, लेकिन इस वर्ष नोवल कोरोना वायरस ने चारो तरफहाहाकर मचा दिया, गांवों से दूसरे प्रदेश में गए लोग कोरोना वायरस के भय से फ्रि से गांवों की ओर रूख कर रहे है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग व पुलिस टीम की निगरानी बनी हुई है।

पल-पल प्रदेश की स्थिति का जायजा लेते रहे राजस्व मंत्री

कोरबा । जनता कर्फ्यू के बीच प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी सजग रहे। उन्होंने घर पर रहकर प्रदेश का हाल जाना और इसके लिए वे प्रदेश के पांचों संभाग कमिश्नरों, प्रभार वाले जिले व अन्य जिलों के कलेक्टरों से मोबाइल फोन पर सतत संपर्क में रहे। इसके साथ ही उन्होंने कोरोना संक्रमण की रोकथाम से निपटने हर संभव जतन करते हुए जनता को राहत देने के इंतजामों का पूरे दिन जायजा लिया। इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करते रहे।

जनता कर्फ्यू के कारण समूचे देश में लॉकडाउन की स्थिति होने के कारण सभी तरफ बंदी जैसा माहौल रहा। राजस्व विभाग ने 25 मार्च तक अपने समस्त पंजीयन कार्यालयों को एहतियात के तौर पर बंद करने का निर्देश दिया है। ऐसी स्थिति में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी संभाग के राजस्व कमिश्नरों से व प्रभार वाले जिलों के कलेक्टरों से टेलीफोन पर बात कर वस्तुथिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि कोरोना वायरस के कारण किसी भी तरह से आम नागरिक प्रताड़ित न हो और यथासंभव हर किसी को आवश्यक सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने संभागीय कमिश्नरों को प्रशासन की ओर से सभी तरह के आवश्यक एहतियात बरतने व कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए हरसंभव उपाय करने निर्देशित किया।

नक्सली हमले में शहीदों के प्रति जताया शोक

रविवार को सुकमा जिले में नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों के प्रति राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। घायलों के लिए उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले। नक्सलियों के इस अमानवीय कृत्य की भर्त्सना करते हुए राजस्व मंत्री ने कहा है कि वे मानवीय संवेदनाओं से परे हो गए हैं। इस हमले के दौरान जो जवान अभी तक लापता हैं, उनके लिए उन्होंने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही उनकी सकुशल वापसी होगी। इस अप्रिय वारदात पर राजस्व मंत्री ने स्थानीय कलेक्टर से टेलीफोन पर बात करके वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशासन से आवश्यक सभी तरह के एहतियात बरतने की बात कही और निर्देश दिया है कि कोरोना वायरस के चलते अमले में कमी के कारण किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न होने पाए और हरसंभव सहायता जरूरतमंद को उपलब्ध कराई जाए।

सार्वजनिक परिवहन, ऑटो, ई-रिक्शा भी संचालन किया गया प्रतिबंधित

सूरजपुर। कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव के लिए राज्य शासन के निर्देष पर परिवहन आयुक्त कार्यालय से जारी आदेष पर सभी यात्री बसों का संचालन प्रतिबंधित किया गया था। जिसके बाद जिला परिवहन अधिकारी श्री अतुल असैया से प्राप्त जानकारी अनुसार आयुक्त कार्यालय छत्तीसगढ़ से जारी तत्कालीक आदेष में समस्त सार्वजनिक परिवहन यान, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्षा को स्थगित किये जाने कहा गया है। जिसका पालन करते हुए जिले के अंतर्गत संचालित सभी सार्वजनिक परिवहन यान, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्षा पर प्रतिबंध लगाया गया है, साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा निरंतर फिल्ड पर जानकारी पहुँचाई जा रही है।

महिला ग्राम संगठन द्वारा निर्मित फेस मॉस्क की जिले में आपूर्ति

■ **कलेक्टर के निर्देष पर जिले के विभिन्न स्थानों में की जाएगी आपूर्ति**

सूरजपुर। कोरोना वायरस के तीसरें स्तर पर कम्युनिटी इंफेक्षन के सबसे बड़े खतरे में बाहरी संपर्क से बचाव करना अति महत्वपूर्ण हो गया है, ऐसे में जिले के अंदर ही आवष्यक सामानों की पूर्ति होना ऐसी स्थिति से लड़ने में एक कारगर उपाय है। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए जिले के महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से फेस मास्क का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका पूर्ति आवष्यक्ता अनुरूप कराई जायेगी। जिला प्रशासनश्रम विभाग के द्वारा इस कार्य हेतुआवष्यकप्रषिक्षण देकर अपने

निगरानी में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही इन बातों का भी ध्यान रखा जा रहा है, कि निर्धारित किमतो से अधिक किमतों पर मास्क की बिक्री न की जायें। बतातें चले कि कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देषन में श्रम विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में उजाला महिला ग्राम संगठन के 20 असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदाय कर आजीविका से जोड़ा गया था। आज कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव हेतु महिला संगठन के महिलाओं द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। आज तक लगभग 4250 फेस मास्क का निर्माण कर लिया गया है।

तैयारी | **10 दिन ताले में शहर , एहतियात के साथ सप्लाई की चैन बरकरार रखने की कोशिश**

योद्धा की तरह डटे अधिकारी , चप्पे चप्पे की निगरानी

नवप्रदेश संवाददाता

रायगढ़। वैश्विक महामारी कोरोना कोविड -19 के संक्रमण को रोकने जिले के प्रशासनिक अधिकारी एक योद्धा के समान मोर्चे पर डटे हुये हैं। कार्य विभाजन के साथ ही कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ एसडीएम, तहसीलदार व अन्य अधिकारी पूरी मुस्तैदी से दिन - रात निरंतर महामारी के नियंत्रण की दिशा मे जूझते देखे जा रहे हैं। वहीं जनता कर्फ्यू के माध्यम से आमजन ने भी सरकारी तंत्र के कोशिशों मे अपने यथेष्ठ व्यक्तिगत व सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश की है। इन सबके बावजूद अगले करीब 10 दिनों तक लॉक डाउन घोषित होने के बाद अब सबसे बडी चुनौती एहतियात बरतने के साथ सप्लाई चैन को निर्बाध रखने की है। शहर मे इस चुनौती को स्वीकारते हुये निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने मोर्चा संभाला है।

नगरीय क्षेत्र मे हांथ धुलाई,मास्क से लेकर शहर के बाजार व रिहायशी इलाकों की सफाई व्यवस्था पर पैनी नजर रखते हुये आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता अब तालाबंदी के दौरान रोजमर्रा की जरुरतों को आम जनता तक सुरक्षित व सुचारु तौर पर उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बना रहे हैं।इसी कड़ी मे सोमवार को प्रातः 6 बजे से ही निगम परिसर स्थित

गैरेज पहुंचकर निगम कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु किया ततपश्चात नगर की दैनिक सब्जी मंडी संजय काम्प्लेक्स का मुआयना करते हुये पूरे दल बल के साथ आयुक्त गुप्ता ने सब्जी विक्रेताओं को बाजार बंदी के लिए सहयोगी समर्थन के साथ न केवल राजी किया बल्कि आम नागरिकों को सब्जी - फ्ल , दूध इत्यादि अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ति हेतु व्यवसायियों को घर - घर जाकर हांथ ठेले आदि से स्वच्छ उत्पादों के विक्रय का सुझाव दिया। साथ ही किराना,दवा व अन्य आवश्यक जरुरतों के लिए भी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों मे धारा 144 का पालन करते हुये भीड़ न जमा करने की हिदायद दी।अल सुबह से शहर को कोरोना संक्रमण के खौफसे निजात दिलाने की कवायद मे जुटे नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने मीडिया से चर्चा मे बताया कि महामारी के संक्रमण से बचने केवल लॉक डाउन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सुरक्षा के उद्देशय से हर पल की निगरानी और रक्षरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरुक करते हुये उनका पालन कराना बेहद जरुरी है। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि कोरोना वायरस के रुप मे जो वैश्विक चुनौती जिले के प्रशासनिक अमले और जनता के क्षमता की परीक्षा ले रही है , उसमे हम सब मिलकर कोरोना को मात जरुर देंगें। राजेन्द्र गुप्ता ने वायरस संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक दूरी बनाते हुये जनसम्पर्क का दायरा कम करते हुये व्यक्तिगत सफाई के साथ परिवेश भी स्वच्छ रखने की जरुरत दोहराई।

■ न्यूज गैलरी

लगातार सातवें दिन स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में रविवार को लगातार सातवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ और ये 14 महीने से अधिक के निचले स्तर पर टिकी रही। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेश के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल 69.59 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। यह 12 जनवरी 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहाँ डीजल आठवें सातवें दिन 62.29 रुपये प्रति लीटर बिका जो पिछले साल 09 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी लगातार सातवें दिन दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम स्थिर रहे। कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल 72.29 रुपये को, मुंबई में 75.30 रुपये का और चेन्नई में 72.28 रुपये का बिका।

ओला-ऊबर की सर्विस अस्थायी रूप से बंद

नई दिल्ली। कोरोनोवायरस से निपटने के लिए सरकार ने 75 प्रभावित जिलों में लॉकडाउन का फैसला किया है। इसको लेकर ऑनलाइन टैक्सी सेवा देने वाली कंपनियां उबर और ओला ने अगली सूचना तक इन जिलों में अपनी सेवाओं को अस्थायी रूप से सीमित करने का फैसला किया है। ओला की माइक्रो, मिनी, प्राइम, रेंटल और आउटस्टेशन सेवाएं बंद रहेंगी। ओला ने कहा, ÷सरकार के निर्देशानुसार ओला नागरिकों को केवल आवश्यक आपातकालीन जरूरतों के लिए यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराएगी। हम ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 के प्रभाव को कम करने के इस राष्ट्रीय प्रयास के तहत इन शहरों में आवश्यक सेवाओं के लिए सुविधा जारी रखेंगे। लॉकडाउन शहरों में शायद ही कोई सेवा उपलब्ध है।' उबेर ने अपने सवारों को एक ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया था, ÷सरकारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में हम आपके शहर में सभी उबेर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उबर की सवारी की सेवाएं अगले नोटिस तक उपलब्ध नहीं होंगी।

एलआईसी ने दी बड़ी राह

15 अप्रैल तक भर सकेंगे पॉलिसी का प्रीमियम

मुंबई। चीन के वुहान से दुनिया के तकरीबन सभी देशों में फैल चुके कोरोना वायरस का कहर भारत में भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने फैसला किया है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते जो पॉलिसीधारक प्रीमियम भुगतान करने में असमर्थ हैं, उनके लिए इसकी समयसीमा 15 अप्रैल 2020 तक बढ़ा दी जाए। बता दें अब तक देश में कोरोना के मरीजों की संख्या तकरीबन 400 के पास पहुंच गई है।

शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स 3861 और निफ्टी 8000 के नीचे बंद

नई दिल्ली। दुनियाभर में कोरोना के 3 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अब तक इससे 13 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। ग्लोबल मार्केट में भी कोहराम मच गया है। यह कोहराम अब भारतीय शेयर बाजार में सुनामी ला चुका है। सेंसेक्स 3861 अंक का गोता लगाकर 25,981.24 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 1110 अंक डूब कर 7634 के स्तर पर बंद हुआ। देशभर के कई शहरों लॉकडाउन का असर से शेयर बाजार भी 'लॉक' और डाउन हो रहा है। बता दें बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 2307 अंकों भी भारी गिरावट के साथ 27608 के स्तर पर खुला तो वहीं निफ्टी में भारी गिरावट देखी जा रही है। आज 10 फीसद से ज्यादा गिरावट होने के बाद शेयर बाजार में लोअर सर्किट लगा और कारोबार 45 मिनट तक 'लॉक' यानी बंद रहा। 13 मार्च को भी बाजार खुलने के चंद मिनटों में ही सेंसेक्स 3090.62 अंक टूट गया था। निफ्टी 966.10 अंक यानी 10.07त्न टूटकर 8,624.05 के स्तर पर आ गया। इसके बाद लोअर सर्किट लग गया और कारोबार 45 मिनट के लिए बंद कर दिया गया था।

क्या होता है लोअर सर्किट

शेयर बाजार में दो सर्किट ब्रेकर होते हैं- लोअर और अपर जब शेयर बाजार एक निर्धारित सीमा से ज्यादा गिरने लगे, तो लोअर सर्किट लगाया जाता है। इसके लिए भी सेबी की ओर से 10 फीसदी, 15 फीसदी और 20 फीसदी की सीमा निर्धारित की गई है। वहीं अपर सर्किट शेयर बाजार में तब लगाया जाता है, जब यह एक तय सीमा से ज्यादा बढ़ जाता है। सेबी की ओर से अपर सर्किट के लिए तीन स्थितियां- 10 फीसदी, 15 फीसदी और 20 फीसदी की निर्धारित की गई हैं। सोमवार यानी 23 मार्च 2020 को डॉलर के मुकाबले रुपया भारी कमजोरी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में रुपया 95 पैसे टूट चुका है और अब डॉलर 76.15 रुपये का हो गया है। वहीं, शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की कमजोरी के साथ 75.18 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था।

इस साल की 10वीं बड़ी गिरावट

शेयर बाजार इस साल की 10वीं बड़ी गिरावट की ओर देख लिया। सेंसेक्स ने 2800 अंक टूट कर इस साल की सबसे बड़ी गिरावट जो 12 मार्च को 2919 अंकों की हुई थी उसके करीब है।

9:30 बजेः सेंसक्स करीब 2400 अंक गिरकर 27519 पर है तो वहीं करीब 694 अंक का गोता लगाया। निफ्टी 50 और सेंसेक्स का कोई स्टॉक हरे निशान पर नहीं है। निफ्टी में बजाज फाइनेंस 14.20त्न, एक्सिस बैंक 11.83त्न, महिंद्रा एंड महिंद्रा 10 फीसद और आईसीआईसीआई बैंक 9.99 फीसद टूटकर टॉप लूजर की लिस्ट में हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भी एक बयान में कहा कि बाजार में सोमवार को सभी खंडों में सामान्य रूप से कारोबार होगा।

कोरोना वायरस के हाथों में ही रहेगी बाजार की लगाम, बना रहेगा दबावः विश्लेषक

मुंबई। कोरोना वायरस के संक्रमण तथा इसके रोकथाम के उपायों का असर इस सप्ताह भी बाजार पर हावी रहेगा। विश्लेषकों के अनुसार, अर्थव्यवस्था पर इसके पड़ सकने वाले असर का दबाव बाजार पर बने रहने का अनुमान है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार का ध्यान इस बात पर लगा रहेगा कि कोरोना वायरस का संक्रमण और बढ़ता है या फिर कुछ धीमा पड़ता है। इसके साथ ही निवेशकों की निगाहें राहत पैकेज के साथ ही रिजर्व बैंक और सरकार के समन्वित प्रयासों पर भी लगी रहेंगी।

पिछले सप्ताह उठापटक के बाद सेंसेक्स में 4,187.52 अंक यानी 12.27 प्रतिशत और निफ्टी में 1,209.75 अंक यानी 12.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। पूरे सप्ताह गिरावट में रहने के बाद शुक्रवार को बाजार में कुछ राहत देखने को मिली। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,627.73 अंक यानी 5.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 29,915.96 अंक पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह फिर से भारतीय शेयर सूचकांकों में तेज गिरावट रही। आलोच्य सप्ताह के दौरान अक्टूबर 2008 के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट देखने को मिली। भारत तथा पूरे विश्व में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में वृद्धि का असर बाजार पर जारी रहने का अनुमान है। ट्रेडिंगबेल्स के वरिष्ठ विश्लेषक संतोष मीणा ने कहा, ''हम आसानी से यह कह सकते हैं कि हम सदी के सबसे अनिश्चित समय में हैं। अभी बाजार की आगे की गति आने वाले समय में अमेरिका, यूरोप और भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार की स्थिति पर पूरी तरह से निर्भर है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''कहने की जरूरत नहीं कि वैश्विक संकेत और कोरोना वायरस के मोर्चे पर होने वाली गतिविधियों से आने वाले समय में बाजार की चाल तय होगी। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा शेयर बाजारों के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि सोमवार को बाजार

स्टैण्डर्ड एण्ड पूअर्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 5.2 प्रतिशत किया

नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी स्टैण्डर्ड एण्ड पूअर्स (एस एण्ड पी) ने सोमवार को भारत के वर्ष 2020-21 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि के पूर्वानुमान को घटा कर 5.2 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले एजेंसी ने 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया था। कोरोना वायरस से अर्थव्यवस्थाओं में भारी गिरावट के बीच उसने अनुमान घटाया है। एजेंसी ने कोरोना वायरस 'कोविड 19 की वजह से एशिया प्रशांत क्षेत्र में करीब 620 अरब डालर के स्थायी नुकसान का अनुमान लगाया है। हालांकि उसने इसका देशवार ब्यौरा नहीं दिया है। एस एण्ड पी ने कहा है कि उसने एशिया प्रशांस्त क्षेत्र में वास्तविक जीडीपी, मुद्रास्फीति और नीतिगत ब्याज दर के अनुमानों में भी संशोधन किया है। भारत के लिए एजेंसी ने वर्ष 2020- 21 के लिए जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान को पहले के 6.5 प्रतिशत से घटाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह उसने देश की 2021- 22 की वृद्धि के सात प्रतिशत रहने के अनुमान को भी घटाकर 6.9 प्रतिशत किया है। चालू वित्त वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जीडीपी वृद्धि के अनुमान को पांच प्रतिशत रखा है। एजेंसी ने 2022- 23 और 2023- 24 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत बताया है। एजेंसी ने कहा है कि मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष के 4.7 प्रतिशत से घटकर अगले वित्त वर्ष में 4.4 प्रतिशत रह सकती है।

वाहन बनाने वाली कंपनियों ने किया उत्पादन बंद

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से यात्री वाहन बनाने वाली कंपनियों महिंद्रा एंड महिंद्रा , हीरो मोटोकॉर्प, होंडा मोरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने अपने-अपने संयंत्रों में उत्पादन बंद करने का निर्णय लिया है। महिंद्रा ने यहां जारी एक बयान में कहा कि उसके लिए कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता है और इसी को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में कोरोना के संक्रमण को देखते हुए नागपुर, चाकन के साथ ही मुंबई के कांदिवली स्थित संयंत्रों और कार्यालयों को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। चाकन में आज रात से उत्पादन बंद होगा जबकि अन्य संयंत्रों में उत्पादन बंद किया जा चुका है। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटकॉर्प ने देश विदेश स्थित अपने सभी संयंत्रों को बंद कर दिया है। उसने भारत के साथ ही कोलंबिया और बंगलादेश स्थित विनिर्माण इकाइयों के साथ ही नीमराना के ग्लोबल पार्ट्स सेंटर में भी 31 मार्च तक उत्पादन बंद कर दिया है।

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। कोरोना के तेजी से बढ़ते मामले, लॉक डाउन होने भारत के शहर और मंदी की ओर जा रही अर्थव्यवस्था का असर बुलियन मार्केट पर भी देखने को मिल रहा है। सुरक्षित निवेश के रूप में निवेशक सोने की चमक भी फीकी पड़ती नजर आ रही है। इसके चलते सोमवार को बुलियन मार्केट में सोना शुक्रवार के मुकाबले 109 रुपये सस्ता होकर 41226 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 41335 रुपये पर बंद हुआ था। गौरतलब है कि बुलियन सोना और चांदी है जिसे आधिकारिक तौर पर कम से कम 99.5 प्रतिशत शुद्ध माना जाता है और यह सिल्लियों या बार के रूप में होता है।

कोरोना इफेक्ट | दिल्ली एनसीआर में 31 मार्च तक जरूरी चीजों को छोड़ सबकुछ बंद

लॉकडाउन के दौरान दिल्ली में खुले रहेंगे 55 सीएनजी स्टेशन

नई दिल्ली। देश में कोराना वायरस को बढ़ने से रोकने के लिए दिल्ली-एनसीआर को 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया गया है, हालांकि इससे आवश्यक सेवाओं को दूर रखा गया है। वहीं, सीएनजी गाड़ियों के लिए राहत की खबर है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में 23 मार्च से 31 मार्च जारी लॉकडाउन की हालत में कुल 55 सीएनजी स्टेशन खुले रहेंगे।। इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सोमवार (23 मार्च) को यह जानकारी दी है। वहीं, कोरोना वायरस के खतरे के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सड़कों पर वाहनों के आवागमन में भारी कमी को देखते हुए अपने दो तिहाई सीएनजी स्टेशन बंद भी किए हैं। 23 मार्च को सुबह छह बजे से दिल्ली औ इसके आसपास के सभी प्रमुख शहर लॉकडाउन हैं, जो कि 31 मार्च को अर्द्धरात्रि 12 बजे तक चलेगा। लॉकडाउन में सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन नहीं चलेगा और दिल्ली की सीमाओं को सील कर दिया जाएगा, लेकिन स्वास्थ्य, खानपान, जल और विद्युत आपूर्ति आदि से संबंधित आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। दुग्ध उत्पाद की दुकानें, किराना दुकानें, दवा की दुकानें और पेट्रोल पंप खुले रहेंगे, वहीं जरूरी सेवाओं से जुड़े सभी लोगों को इस दौरान आवागमन की अनुमति दी जाएगी। देश में कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़कर 415 हो गए हैं। रविवार रात तक संक्रमित लोगों की संख्या 360 थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार (23 मार्च) को यह जानकारी दी। इन आंकड़ों में 41 विदेशी नागरिक और अब तक हुई सात मौत शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गुजरात, बिहार और महाराष्ट्र में रविवार को एक-एक मौत हुई, जबकि पहले चार अन्य मौत कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र और पंजाब में हुई थीं। इन 415 संक्रमित लोगों में वे 24 लोग भी शामिल हैं जिनका इलाज किया जा चुका है या ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है या वो यहां से चले गए हैं।भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा कि सोमवार सुबह 10 बजे तक 18,383 नमूनों की जांच की जा चुकी है। केरल से भी 67 मामले सामने आए हैं जिनमें सात विदेशी शामिल हैं। दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या एक विदेशी समेत 29 है जबकि उत्तर प्रदेश में एक विदेशी समेत 28 लोग संक्रमित हैं।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 15 नए मामले सामने के बाद राज्य में इससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है, जिसमें तीन विदेशी शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार (23 मार्च) को बताया कि मुंबई में 14 नए मामले और पुणे में एक नया मामला सामने आया है। कोविड-19 से महाराष्ट्र में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोना से निपटने वित्त मंत्री कर सकती हैं बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज यानी सोमवार को वित्त विधेयक के अपने जवाब में कोविड -19 के आर्थिक प्रभाव से निपटने के उपायों की घोषणा कर सकती हैं। वह गैर-नागरिकों, (जो अन्य न्यायालयों में कर का भुगतान नहीं करते हैं) की आय के कराधान के लिए 15 लाख रुपये की सीमा का प्रस्ताव भी कर सकती हैं। इकॉनामिक्स टाइम्स के मुताबिक सरकार पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 12 रुपये करना चाह रही है। बता दें इन वस्तुओं पर 14 मार्च को विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 2 रुपये बढ़ाया गया था। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने कीमतों में कमी लोगों को पेट्रोल-डीजल के रेट में राहत की उम्मीद थी, लेकिन सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए इसमें मौका देख रही है। पेट्रोल और डीजल पर ड्यूटी में 1 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से सालाना 13,000 करोड़ रुपये की प्राप्ति होती है। मांग में गिरावट को देखते हुए वास्तविक राजस्व से कम हो सकती है। बता दें सीतारमण ने पहले ही पर्यटन, होटल, व्यापार और सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यमों (स्ब्स्ध्) जैसे चुनिंदा क्षेत्रों पर कोरोना के प्रभाव का व्यापक मूल्यांकन मंत्री सहयोगियों और कंपनियों के साथ बातचीत से किया है।

आज का भविष्यफल

मेष :आज आपकी राशि पर द्वादश भाव में चंद्रमा तथा दशम भाव में शनि आ जाएंगे। फलस्वरूप आज आपको आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं।

वृषभ :आपकी राशि का स्वामी शुक्र मित्र घर में है। नवम भाव में मंगल विराजमान धन भाव को शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि है, अतः आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा।

मिथुन :नवम भाव में चंद्रमा और राशि से सप्तम भाव में धनुः राशि का बृहस्पति आज आपको राज्य से सम्मान और सांसारिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा।

कर्क :आपकी राशि पर धनु का बृहस्पति तथा नवम भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति कराएगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें।

सिंह :आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचाने और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आत्म संतोष होगा।

कन्या :आपकी राशि से षष्ठम चंद्रमा संचार कर रहा है, शनि आज चतुर्थ भाव में इष्ट मित्रों से निर्मूल विवाद तथा व्यर्थ व्यय कारक है। अतः अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनानें का प्रयास करें।

तुला :आज का दिन आपके लिए महानपुरुषों से मेल जोल कारक है। अकस्मात अकल्पित उलट फेर में आपको लाभ मिल सकता है।

वृश्चिक :आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा।

धनु :आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा।

मकर :आज आपकी राशि से तृतीय चंद्रमा पास और दूर की यात्रा तथा राज्य विजयकारक है। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

कुंभ :राशि का स्वामी शनि द्वादश राज्य में राजनीतिक क्षेत्र में सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंद्वी आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है।

मीन :आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलने की संभावना है। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

सू- दोकू

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
बा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्ञा		म	स्का		प
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ञ	त
	श	क्त		न	मि	त		न

जमावड़े की सूचना पर निकले थे जवान, पहले ही नक्सलियों ने कर रखी थी घेराबंदी

एम्बुश में फंसे और शहीद हो गए 17 जवान

ग्राउण्ड जीरो से लौटकर अमन सिंह भदौरिया

सुकमा। सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनपा में नक्सलियों ने साल का सबसे बड़ा हमला सुरक्षाबलों पर किया है जिसमें कुल 17 जवान शहीद हुए वहीं 14 जवान घायल हुए इस हमले में नक्सलियों ने 15 हथियार भी लूटने में कामयाबी हासिल की जिसमें एक एलएमजी वह दो यूबीजीएल भी शामिल है घटना के 24 घंटे के बाद कड़ी सुरक्षा में शहीद जवानों के शव को बुर्कापाल कैंप में लाया गया जिसके बाद शवों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला मुख्यालय रेफर किया गया वहीं घायल जवानों का उपचार प्रदेश मुख्यालय अस्पताल में जारी है इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है

ज्ञात हो कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र में बीते दिनों नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षा बल के जवान सर्चिंग ऑपरेशन पर निकले हुए थे जिसमें सीआरपीएफ एसटीएफ और डीआरजी की 270 जवान पूरे ऑपरेशन में थे इस ऑपरेशन के पहले से ही नक्सलियों को लगी थी और मौके पर ही नक्सली एंबुश लगाए जवानों के लिए बैठे थे जवानों के आने के बाद नक्सलियों ने एंबुश लगाकर जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी नक्सलियों ने जवानों के लिए तीन एंबुश बना रखा था जिसमें जवान आखिरकार फंस गए और एक बड़ा नुकसान पहली बार डीआरजी और एसटीएफकी टीम को हुआ है घटना के अगले दिन चारों को निकालने सुबह से ही ड्रोन से इलाके पर नजर रखी जा रही थी । मुठभेड़ के बाद से 17 जवान जवान लापता थे जिनके बाद उनका शव 9 घण्टे की मशक्कत के बाद घटनास्थल से निकाला गया। सोमवार को पुलिस लाइन में 17 जवानों की श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहु कवासी लखमा पहुंचे और जवानों को श्रद्धांजलि दी, इसके अलावा आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार ने भी जवानों को श्रद्धांजलि दी और आला अफसरों की बन्द कमरे में समीक्षा बैठक ली गई माना जा रहा है कि आगामी ऑपरेशन के लिए कुछ ठोस निर्णय भी लिए गए है । घटनास्थल से नक्सलियों ने जवानों से 1 एलएमजी, 12 एके 47, 2 यूबीजीएल व 2 इंसास लूट लिया, नक्सलियों ने हेंडमैड हथियारों का उपयोग भी जवानों पर किया था।

एलएमजी, 12 एके-47 समेत 15 हथियार लूटे

मुख्य बातें

- 1 जवान के 10-10 नक्सलियों की थी नजर
- 6 घण्टे रुक-रुक कर हुई गोलीबारी दागे गए यूबीजीएल
- हिड़मा समेत झारखंड, आंध्रप्रदेश बड़े नक्सली नेता थे मौजूद
- इस हमले का भी मास्टरमाइंड बना हिड़मा

नक्सलियों ने जवानों को बांटने लगाए थे 3 एंबुश

ज्ञात हो कि नक्सलियों ने पूरे रणनीति के साथ इन जवानों को निशाना बनाया बताया जा रहा है वहां पर बड़े के डर के नक्सलियों की मौजूदगी और बड़ी भीड़ की सूचना पुलिस को मिली थी जिसके बाद एक ज्वाइंट ऑपरेशन सुकमा एसपी के नेतृत्व में किया गया जिसमें कोबरा एसटीएफसीआरपीएफवर्ल्ड डीआरजी के जवान शामिल थे यह जवान एलमा गुंडा कासल पहाड़ को राज पहाड़ मिल्पा इलाके में ऑपरेशन पर थे मगर इसकी भनक पहले ही नक्सलियों को लग चुकी थी और तैयारियां काफी पहले से ही की गई थी बड़ी संख्या में जवानों को बांटने के लिए नक्सलियों द्वारा तीन एंबुश तैयार किया गया था पहली मुठभेड़ सुबह 10:00 बजे कसल पहाड़ में कोबरा के जवानों के साथ हुई जिसके बाद बैकअप में एसटीएफव डीआरजी के जवान आगे बढ़े तब तक कोबरा के जवान एंबुश से निकल चुके थे इसी दौरान दोपहर दो बजे दूसरे एंबुश मैं डीआरजी व एसटीएफकी टीम बैकअप के लिए कोराजपाड इलाके में फंसे इस दौरान जवानों ने नक्सलियों के एंबुश को तोड़कर नक्सलीयो को खदेड़ने में जवान कामयाब रहे। नक्सलियों के तीसरा एंबुश सबसे भारी रहा जो वी शेप में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 ने बनाया था घटनास्थल पर मौजूद जवानों ने बताया कि तीसरा एंब्रोस सबसे ज्यादा भारी था इस एंबुश में जवान 3:00 बजे गोलीबारी शुरू हो गई जो रुक-रुक कर 5:00 बजे तक चलती रही इसी मुद्दे में एंबुश में फंसने के बाद 14 जवान मौके पर घायल हो गए जिन्हें घटनास्थल से निकाला गया वहीं 17 जवान मोर्चे पर आखरी सांस तक डटे रहे इस तरह हर बार की तरह नई रणनीति के तहत कभी फसने कभी बांटने षड्यंत्र नक्सलियों के एंबुश में देखने को मिलता है

जवानों ने दिखाई दिलेरी, नहीं छोड़ा आखिर तक मैदान

गौरतलब है कि मिल्पा जैसे नक्सलियों की मांद में एंबुश में फंसने के बाद अपने लिए प्रतिकूल माहौल होने के बावजूद एसटीएफऔर डियर जी के 17 जवानों ने दिलेरी दिखाई और मजबूती के साथ मुद्रण का जवाब नक्सलियों को देते रहे छत्तीसगढ़ की टीम ने मुठभेड़ में शामिल जवानों से बातचीत की जिसमें हमें पता चला कि इन 17 जवानों ने मोर्चा संभाला था यह दोनों ओर से एंबुश में गिर चुके थे बावजूद भागने की कोशिश नहीं की और जवानों द्वारा वापस आने वह भी इन जवानों को कहा गया मगर वे जवान बहादुरी के साथ लड़ते रहे ऐसे ही एक जवान शहीद रमेश कुंजाम जगरगुंडा निवासी प्रधान आरक्षक नक्सलियों के एंबुश में दोनों ओर से घिरा हुआ था मगर बावजूद नक्सलियों को लगातार गोलीबारी कर मुठभेड़ का जवाब देता रहा साथी जवान ने कहा की रमेश मुठभेड़ स्थल में

आखरी बार यही कहा था कि अब मै तिरंगे के साथ ही जाऊंगा और अकेले

नहीं जाऊंगा इन नक्सलियों को भी मार कर जाऊंगा साथी जवान ने बताया कि रमेश अपने एके 47 से खुलकर गोलीबारी करता रहा जिसमें 10 से 15 नक्सलियों को बुरी तरह गोली लगी है। रमेश बहादुरी के साथ लड़ते-लड़ते मौके पर ही शहीद हो गया । शहीद होते ही साथी जवान हूँगा रमेश का हथियार अपने साथ ले गया ताकि वह हथियार नक्सलियों के कब्जे में ना आ सके इस तरह इन 17 जवानों ने दिलेरी दिखाते हुए एंबुश में फसने के बावजूद इन जवानों ने नक्सलियों को बड़ा नुकसान पहुंचाया हालांकि एक ही शव जवानों द्वारा बरामद किया गया मगर मिली जानकारी के अनुसार 15 से 20 नक्सलियों को भी गोली लगने की बात सामने आ रही है।

उड़िया, तेलगु और झारखंड़ी भाषा में बात कर रहे थे नक्सली

मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में न केवल स्थानीय आदिवासी नक्सली बल्कि बाहरी नक्सलियों की भी मौजूदगी की जानकारी निकल कर आ रही है क्योंकि इन दिनों टीसीओसी के अंतर्गत नक्सलियों की ट्रेनिंग चल रही है जिसमें वह अपनी कमी खामी सुधारते हैं तो इसमें अलग-अलग राज्यों के नक्सली भी मौजूद रहते हैं जिस दौरान मुठभेड़ हो रही थी उस दौरान जवानों ने ओडिशा आंध्र प्रदेश व झारखंड की भाषा में दूसरे को आदेश देते नक्सलियों को भी सुना हालांकि इस मामले के अधिकारी पुष्टि नहीं है मगर 17 अलग-अलग राज्यों के बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी से जवान भी अचंभित है इतना ही नहीं इस मुठभेड़ में नक्सली ने जो एंबुश लगाया था उसमें महिला नक्सली भी बड़ी संख्या में आगे आकर मुठभेड़ में दिखाई दे रही थी साथी नक्सलियों ने एवं उसके लिए पहले से ही प्लान कर रखा था जिसमें एक जवान के पीछे कम से कम 10 नक्सलियों को तैयार किया गया था वही नक्सली अपने साथियों के घायल होने पर उन्हें बैकअप देने और बचाव दल को भी मुठभेड़ स्थल पर तैयार किया था

हमारे जवानों ने बहादुरी के साथ लड़ाई लगी है, हमारी रणनीति में या इंटेलिजेंस पर चूक नहीं हुई। नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इन शहीदों की शहादत जाया नहीं जाएगा। नक्सलियों की जड़ें बस्तर से हम उखाड़कर रहेंगे। मैं इस शहीद जवानों को नमन करता हूँ, जिन्होंने नक्सलियों से लड़ते-लड़ते प्राणों की आहुति दी। इसका करारा जवाब जल्द ही नक्सलियों को मिलेगा।

भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

स्टेट पुलिस व डीआरजी टीम थी निशाने पर

अप्रैल 2015 में पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के पिड़मेल में राज्य पुलिस को बड़ा नुकसान हुआ था । इस घटना में एसटीएफके 7 जवान शहीद हो गये थे । पिड़मेल की घटना के बाद राज्य पुलिस को दूसरा बड़ा नुकसान मिनपा के रेंगापारा में हुआ है। नक्सल मोर्चे पर डीआरजी को सफल माना जाता है। डीआरजी जवानों द्वारा चलाये गये आपरेशन में पुलिस को बड़ी सफलतायें मिली है। लेकिन मिनपा में हुए नक्सली हमले से जवानों के मनोबल को बड़ा धक्का लगा है। यह बड़ी घटना है जहां डीआरजी को नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार इस बार डीआरजी और एसटीएफकी टीम पहले से ही निशाने पर थी क्योंकि डीआरजी नक्सलियों के खिलाफसबसे मजबूत बटालियन मानी जाती रही है और लगातार ऑपरेशनो में नक्सलियों को सबसे बड़ा नुकसान डीआरजी व एसटीएफसे ही होता रहा है मगर नक्सलियों को निशाना बनाने वाली डीआरजी व एसटीएफइस बार अब खुद ही नक्सलियों का निशाना बन गई।

टीसीओसी के तहत हुए बड़े हमले

फरवरी के बाद मौसम में बदलाव होता है। पतझड़ के मौसम के चलते जंगल में बड़े बदलाव आते हैं। पेड़ों पर पत्ते नहीं रहते। जिसके चलते दूर ऊंचाई पर बैठे नक्सली जवानों की मूवमेंट को आसानी से देखते रहते हैं। यह ही वजह है कि पूरे साल बड़े हमलों का इंतजार करने वाले नक्सली इस वक्त टीसीओसी को फरवरी-जून में अंजाम देते हैं। सुरक्षा बल रुटीन गश्त करते हैं। लेकिन खासतौर से नक्सली टीसीओसी के तहत सुरक्षा बलों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। अपने ही लोगों से सुरक्षा बलों तक कई तरह की झूठी सूचनाएं पहुंचवाते हैं, जैसे नक्सलियों के बड़े नेता एक जगह मीटिंग के लिए जमा होने वाले हैं। नक्सली बड़ी संख्या में जमा हो रहे हैं और किसी बड़े हमले को अंजाम दे सकते हैं। नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुईं अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ सुकमा की ही बताई जाती है । 6 अप्रैल 2010 को नक्सलियों ने टीसीओसी का फायदा उठाते हुए हमला किया था। नक्सलियों के इस हमले में 76 जवान शहीद हुए थे । अप्रैल 2017 बुर्कापाल हमले में 25 जवान शहीद हुए थे । मार्च 2018 में पलोड़ी के हमले में 9 जवान शहीद हुए थे । सुकमा के ही भेज्जी इलाके में 11 मार्च 2017 को हुए हमले में 12 जवान शहीद हुए थे ।

कल्याणी एकीकृत पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र
क्या आप नशा मुक्त होना चाहते है?
कल्याणी एकीकृत पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र
संपर्क करें 1/22, न्यू कृष्णा नगर, उमंग फोर्ड शो रूम के पास सुपेला, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)-490023
फोन : 09302912115, 07770908888
Link : www.kalyani.ind.in

Education
इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट
प्रवेश प्रारंभ
रोजगार हेतु सीखिए
मोबाइल, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग, इलेक्ट्रानिक्स (टी.वी./ सीडी) इलेक्ट्रिकल, फ्रिज, एसी पूर्णतः ग्यारंटेड, प्रेक्टिकल शिक्षा, निश्चित फीस में संतुष्टि तक प्रेक्टिकल, शैक्षणिक योग्यता का बंधन नहीं।
छात्रावास सुविधा उपलब्ध, 32 वर्ष पुरानी संस्था -
इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट
टी मार्केट, पावर हाउस, भिलाई
98271- 94279, 87702-22654

प्रवेश प्रारंभ 2019-20
RAMAN I.T.I.
Affiliated By N.C.V.T & D.G.T/C.G. R.N.-6/35/4/2016
Computer Course Hindi
COPA & STENO
छात्रवृति योजना
प्लेसमेंट सुविधा
शासकीय सेवा में मान्य कोर्स
0788-403357, 4903573, 7773027492, 7389471941
Director Arvinder Singh

दुर्ग शहर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी माँ दुर्गा बगुला मुखी उपासक
पं. एम.पी. शर्मा
फीस 251/- मात्र
पं. एम.पी. शर्मा
पता : श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
मो. 8109922001, 9039344001

SB SANTOSH BRICKS
Karhidih Chowk, Dhamdha Road, Durg (C.G.)
संतोष ब्रीक्स
करहीडीह चौक धमधा रोड, दुर्ग
फ्लाई ऐश ईटा-8", 9" के निर्माता एवं विक्रेता
संपर्क नं. - 7024249450